# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 22 जनवरी 2025




# किशनगंगा-रातले विवाद में भारत का पलड़ा भारी, पाकिस्तानी दावा खारिज

*नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर में स्थित किशनगंगा और रातले जलविद्युत परियोजनाओं पर पाकिस्तान की आपत्तियों के बीच भारत को एक बड़ी राहत मिली है। वर्ल्ड बैंक द्वारा नियुक्त तटस्थ विशेषज्ञ माइकल लीनो ने कहा है कि वे इन परियोजनाओं पर भारत और पाकिस्तान के बीच विवादों का समाधान करने के लिए सक्षम हैं। यह निर्णय भारत के पक्ष को मजबूती प्रदान करता है। दरअसल पाकिस्तान ने 2015 में इन परियोजनाओं पर आपत्तियों के समाधान के लिए तटस्थ विशेषज्ञ नियुक्त करने का अनुरोध किया था। हालांकि, 2016 में उसने एकतरफा इस प्रक्रिया को वापस लेकर हेग स्थित स्थायी मध्यस्थता न्यायालय में मामला ले जाने की मांग की। भारत ने तटस्थ विशेषज्ञ की बैठकों में भाग लिया लेकिन स्थायी न्यायालय की कार्यवाही से यह कहते हुए दूरी बनाए रखी कि दोनों प्रक्रियाएं एक साथ नहीं चल सकतीं।*

**तटस्थ विशेषज्ञ ने स्थायी मध्यस्थता न्यायालय में मामला ले जाने की मांग ठुकराई**

**जम्मू-कश्मीर में स्थित जलविद्युत परियोजना को लेकर चल रहा विवाद**

### तटस्थ विशेषज्ञ का बयान

तटस्थ विशेषज्ञ और इंटरनेशनल कमीशन ऑफ लार्ज डैम्स (आईसीओएलडी) के अध्यक्ष माइकल लीनो ने अपने बयान में कहा कि वे इन परियोजनाओं पर दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद निर्णय देंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन विवादों को हल करना उनके अधिकार क्षेत्र में है। मामले से परिचित लोगों ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि यह निर्णय किशनगंगा और रातले जलविद्युत परियोजनाओं पर कार्यवाही में भारत द्वारा अपनाई गई स्थिति को वैध बनाता है। एक व्यक्ति ने कहा, "यह मूल रूप से पाकिस्तान के लिए एक झटका है।"



### भारत का रुख और मंत्रालय का बयान

इस फैसले का स्वागत करते हुए भारत के विदेश मंत्रालय ने इसे 1960 की सिंधु जल संधि के प्रावधानों के अनुरूप बताया। मंत्रालय ने कहा कि यह निर्णय भारत की उस स्थिर और सैद्धांतिक स्थिति को मान्यता देता है, जिसमें यह कहा गया था कि तटस्थ विशेषज्ञ को इन विवादों को हल करने का अधिकार है। मंत्रालय ने यह भी कहा, "हम सिंधु जल संधि की पवित्रता और अखंडता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं और तटस्थ विशेषज्ञ की प्रक्रिया में भाग लेते रहेंगे ताकि विवादों का संधि के प्रावधानों के अनुरूप समाधान हो सके। साथ ही, हम समान मुद्दों पर समानांतर कार्यवाही को अस्वीकार करते हैं।'

### सिंधु जल संधि की पृष्ठभूमि

1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच नौ साल की वार्ता के बाद वर्ल्ड बैंक की मध्यस्थता से इस संधि पर हस्ताक्षर हुए थे। इसे दोनों देशों के बीच सबसे स्थायी संधि माना जाता है, हालांकि हाल के वर्षों में यह तनावपूर्ण स्थिति में है। संधि के तहत पश्चिमी नदियां – सिंधु, झेलम और चिनाब – पाकिस्तान को आवंटित की गईं, जबकि पूर्वी नदियां – रावी, ब्यास और सतलुज – भारत को दी गईं। 19 सितंबर, 1960 को कराची में तत्कालीन पाकिस्तानी राष्ट्रपति मोहम्मद अयूब खान, तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और विश्व बैंक के डब्ल्यूएबी इलिफ द्वारा हस्ताक्षर किए जाने के बाद से इस संधि में कोई संशोधन नहीं किया गया है।

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी 5 को महाकुंभ में लगाएंगे 'डुबकी'



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आस्था की डूबकी लगाने संगम नगरी प्रयागराज जाएंगे। मोदी 5 फरवरी को महाकुंभ में 'डुबकी' (स्नान) लगाएंगे। वहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी प्रयागराज के महाकुंभ में शामिल होने के लिए जाएंगी। सूत्रों के मुताबिक राष्ट्रपति 10 फरवरी को महाकुंभ पहुंचकर स्नान करेंगी। इसके अलावा उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 1 फरवरी के महाकुंभ में शामिल होंगे। तीनों के महाकुंभ जाने का शेड्यूल जल्द जारी होगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 27 जनवरी को महाकुंभ में शिरकत करेंगे।

### ट्रंप की शपथ के बाद तालिबान ने छोड़े 2 अमेरिकी बंधक

**वाशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप ने उधर अमेरिकी राष्ट्रपति पद की शपथ ली। इधर तालिबान ने दो अमेरिकी कैदियों को रिहा कर दिया। इन दोनों अमेरिकी नागरिकों को कैदियों की अदला-बदली प्रक्रिया के तहत छोड़ा गया है। काबुल सरकार का कहना है कि अमेरिकी कस्टडी में कैद अफगानी नागरिकों को भी रिहा किया गया है। अफगान के विदेश मंत्रालय ने जारी बयान में कहा कि हम समझता हैं कि बातचीत के जरिए मुद्दों को सुलझाने का यह एक अच्छा उदाहरण हैं।

### कांग्रेस एमपी प्रतापगढ़ी को सुप्रीम राहत

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सर्वोच्च अदालत ने भड़काऊ वीडियो मामले में इमरान प्रतापगढ़ी के खिलाफ कार्यवाही पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ प्रतापगढ़ी की याचिका पर गुजरात सरकार को नोटिस भी जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस अभय एस ओका और उज्जल भुइयां की पीठ ने मंगलवार को गुजरात के जामनगर में कथित तौर पर भड़काऊ गीत का एडिटेड वीडियो पोस्ट करने के मामले में गिरफ्तार प्रतापगढ़ी के खिलाफ कार्यवाही पर रोक लगा दी।

# दूसरी पारी के पहले ही दिन राष्ट्रपति ट्रंप ने बोले 20 झूठ

## अमेरिकी मीडिया ने किया फैक्ट चेक

**वॉशिंगटन पोस्ट, सीएनएन सहित कई बड़े मीडिया हाउस ने खड़े किए सवाल**

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में दूसरी बार शपथ ली है। इससे पहले वह 2017 से 2021 तक 45वें राष्ट्रपति रह चुके हैं। सोमवार को शपथ ग्रहण करने के बाद ट्रंप ने दो भाषण दिए। अमेरिकी मीडिया दावा कर रहा है कि इन दोनों भाषणों और मीडिया से बातचीत के क्रम में अपनी दूसरी पारी के पहले ही दिन ट्रंप ने 20 से ज्यादा झूठ बोले हैं। वॉशिंगटन पोस्ट की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में कुल 30,573 झूठ या असत्य और भ्रामक दावे किए थे और अब यह सवाल पूछे जा रहे हैं कि क्या ट्रंप इस कार्यकाल में पिछले कार्यकाल के झूठ बोलने का रिकॉर्ड तोड़ देंगे। सीएनएन के मुताबिक राष्ट्रपति ट्रंप ने दूसरे कार्यकाल के पहले दिन 20 झूठ बोले हैं। ये झूठ अर्थव्यवस्था, माइग्रेशन, विदेशी मामलों, इलेक्ट्रॉनिक वाहनों और 2020 के चुनावों से संबंधित हैं।

**अर्थव्यवस्था, माइग्रेशन, विदेशी मामलों, इलेक्ट्रॉनिक वाहनों और 2020 के चुनावों से संबंधित हैं ये झूठ**



### पिछले कार्यकाल के पहले 100 दिन में 492 झूठ या संदिग्ध दावे

*वॉशिंगटन पोस्ट ने अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा है कि पिछले कार्यकाल के पहले 100 दिन में डोनाल्ड ट्रंप ने 492 संदिग्ध दावे या झूठ या अस्त्य और भ्रामक दावे किए थे। अमेरिकी मीडिया ने ट्रंप के बार-बार झूठ बोलने की आदत की पहचान कर उनके पहले कार्यकाल में ट्रूथ-ओ मीटर शुरू किया था, ताकि राष्ट्र पति के झूठ और गलत दावों की संख्या की गिनती की जा सके।*

### ये रहे टॉप 5 झूठ

- **बाइडेन के कार्यकाल में उच्च मुद्रास्फिति :** ट्रंप ने शपथ लेते ही पूर्ववर्ती जो बाइडेन सरकार पर हमला बोला और कहा कि उनके कार्यकाल में अमेरिका में महंगाई दर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। द गार्जियन की रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका में सर्वाधिक रिकॉर्ड स्तर पर महंगाई दर 1920 में थी
- **चीन पनामा नहर का संचालन करता है :** ट्रंप ने पनामा नहर को वापस लेने ती इच्छा जताते हुए अपने पहले भाषण में दावा किया कि चीन इसका संचालन कर रहा है। पनामा नहर के अधिकारियों ने इस दावे का खंडन किया है कि चीन उसका संचालन कर रहा है
- **ईवी जनादेश रद्द कर देंगे :** ट्रंप ने कहा था कि उनकी सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों की अनिवार्यता वाला ईवी जनादेश रद्द कर देंगे। इससे ऑटो उद्योग बच जाएगा, जबकि अमेरिका में यह आदेश अभी मौजूद ही नहीं है
- **जन्मसिद्ध नागरिकता अधिकार वाला अकेला देश अमेरिका :** ट्रंप ने ओवल ऑफिस में कहा था कि अमेरिका दुनिया का इकलौता देश है जिसके पास जन्मसिद्ध नागरिकता है। सीएनएन और कई अन्य आउटलेट्स ने इस दावे को खारिज किया है और कहा है कि लगभग तीन दर्जन देश अपनी धरती पर पैदा हुए लोगों को स्वत: नागरिकता प्रदान करते हैं, जिनमें अमेरिका के पड़ोसी कनाडा और मैक्सिको और अधिकांश दक्षिण अमेरिकी देश शामिल हैं
- **चीन पर ट्रंप टैरिफ :** ट्रंप ने एक और झूठा दावा करते हुए कहा कि उनके पहले कार्यकाल के दौरान अमेरिका ने चीन पर टैरिफ बढ़ाकर उससे सैकड़ों अरब डॉलर वसूले हैं। सीएनएन के मुताबिक इस टैरिफ का भुगतान चीन ने नहीं बल्कि अमेरिकी आयातकों ने किया है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि ट्रंप के टैरिफ की मार अधिकांशत: अमेरिकियों पर ही पड़ी है

# केजी से पीजी तक फ्री एजुकेशन, युवाओं को मिलेंगे 15 हजार रुपए

**दिल्ली चुनाव**

- भाजपा ने जारी किया संकल्प पत्र-2
- अनुसूचित जाति के छात्रों को 1000 रुपए महीना



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली चुनाव के लिए बीजेपी ने संकल्प पत्र 2 जारी किया है। बीजेपी ने इस संकल्प पत्र के हिस्से में छात्रों, युवाओं, दलितों और ऑटो-टैक्सी चालकों के लिए अहम घोषणा की है। बीजेपी के संकल्प पत्र 2 में सरकारी शिक्षण संस्थानों में जरूरतमंद छात्रों को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा दी जाएगी। इसके अलावा युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए 15,000 की वित्तीय सहायता और 2 बार के यात्रा व आवेदन शुल्क की राशि दी जाएगी। बीजेपी के संकल्प पत्र में तकनीकी और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को 'डॉ. बी. आर. अंबेडकर स्टाइपेंड योजना' के तहत 1,000 प्रति माह का स्टाइपेंड दिया जाएगा। ऑटो-टैक्सी चालकों के लिए वेलफेयर बोर्ड, 10 लाख का जीवन बीमा, 5 लाख का दुर्घटना बीमा एवं वाहन बीमा और उनके बच्चों के लिए स्कॉलरशिप दी जाएगी।

### भ्रष्टाचार, घोटालों की होगी जांच

बीजेपी नेता अनुराग ठाकुर ने कहा कि बीजेपी की जहां भी सरकारें रही, जन-कल्याण उनकी प्राथमिकता और केंद्र बिंदु रहा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार में भी हमने राज्यों के सहयोग से नागरिकों की समस्याओं का जहां समाधान किया, वहीं पर उनको सुविधाएं भी दी। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के प्रति मोदी सरकार की नीति जीरो टॉलरेंस की है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार की तरफ से दिल्ली में किए कुशासन और भ्रष्टाचार के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' नीति अपनाते हुए एसआईटी का गठन किया जाएगा।

# तुर्की के स्की रिसॉर्ट में लगी भयंकर आग, 66 की मौत

**कई गंभीर रूप से घायल**



**इस्तांबुल।** तुर्की के लोकप्रिय स्की रिसॉर्ट के होटल में आग लग गई। इस हादसे में कम से कम 66 लोगों की मौत हो गई वहीं 51 घायल हो गए। यह आग बोलू प्रांत के कार्तलकाया रिसॉर्ट के एक होटल में मंगलवार सुबह 3:27 बजे (स्थानीय समय) आग लगी। स्वास्थ्य मंत्री केमल मेमिसोग्लू ने बताया, घायलों में एक की हालत गंभीर है। उन्होंने कहा, 'हम गहरे दर्द में हैं। इस होटल में लगी आग में हमने 66 लोगों की जान गंवा दी है।' घटना के दृश्यों में छुट्टियों पर आए कुछ लोग बचने के लिए खिड़कियों से कूदने की कोशिश कर रहे थे, क्योंकि आग की लपटों ने इमारत की ऊपरी मंजिलों को अपनी चपेट में ले लिया था।

### डरकर खिड़कियों से कूदे लोग

यह रिसॉर्ट जनवरी से फरवरी के पहले सप्ताह तक स्कूल की छुट्टियों के दौरान एक लोकप्रिय शीतकालीन गंतव्य है, जहां चरम अवधि के दौरान आग लगने की घटना देखी गई जब इस्तांबुल और अंकारा के लोग स्कीइंग के लिए बोलू पहाड़ों की यात्रा करते हैं। सरकारी अनादोलु एजेंसी ने गवर्नर अब्दुलअजीज आयदीन के हवाले से कहा कि घटना के दौरान होटल में 234 मेहमान ठहरे हुए थे। आयडिन ने कहा, 'घबराहट में इमारत से बाहर कूदने के बाद दो पीड़ितों की मौत हो गई।'

# ताइवान में भूकंप से तबाही, भारत में भी दिखा असर

## आधी रात हिली धरती, लेह तक महसूस हुए झटके

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ताइवान में सोमवार देर रात भूकंप के तेज झटकों ने सबको हिला कर रख दिया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6.4 मापी गई। रात 12:17 बजे आए इस भूकंप से ऊंची-ऊंची इमारतें हिलने लगीं। लोग सो रहे थे और अचानक कंपन महसूस होते ही घरों से बाहर निकलने लगे। भूकंप से 27 लोग घायल हुए हैं और कई इमारतें जमींदोज हो गईं।



ताइवान के युजिंग शहर से 12 किलोमीटर उत्तर में इसका केंद्र बताया गया है। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे ने इस भूकंप की पुष्टि की है। इस भूकंप के झटके लद्दाख के लेह इलाके में भी महसूस किए गए। भूकंप के बाद ताइवान में सुनामी का अलर्ट जारी किया गया है। सरकार ने लोगों को समुद्र से दूर रहने की चेतावनी दी है। करीब 2.34 करोड़ लोगों पर खतरे के बादल मंडरा रहे हैं।

### लेह में भी दिखा असर

ताइवान में आए भूकंप का असर भारत में भी दिखा। मंगलवार की आधी रात को लद्दाख के लेह क्षेत्र में भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.5 मापी गई। भूकंप का केंद्र लेह से करीब 15 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित था। हालांकि, भूकंप से किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है, लेकिन लोगों में दहशत का माहौल देखा गया। स्थानीय समयानुसार रात करीब 12:17 बजे भूकंप आया, जिससे लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। भूकंप के बाद सुबह 11 बजे तक कई छोटे झटके महसूस किए गए।

डॉ. वाशानी दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें 94060-21769
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुन: लगा दें।

**अफसरों का दावा, यहां से फरार कई लड़के पाकिस्तान से भी हो रहे ऑपरेट**

# दुबई में छिपे गैंगस्टर साठा से जुड़ रहे संभल हिंसा के तार

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी के संभल में 24 नवंबर को हुई हिंसा के तार एक बार फिर पाकिस्तान से जुड़ रहे हैं। हिंसा के दौरान मारे गए बिलाल अंसारी और अयान की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार आरोपी का भी पाकिस्तान कनेक्शन सामने आया है। क्योंकि, हत्या के आरोप में जिस आरोपी मुल्ला अफरोज को गिरफ्तार किया गया है वह दुबई में छिपे गैंगस्टर और प्रदेश के मोस्ट वांटेड अपराधी शारिक साठा गैंग से जुड़ा है, जिसको लेकर दावा किया जाता है कि वह डी-कंपनी के लिए काम करता है। वहीं, एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने भी 'एक मीडिया को बातचीत में पाकिस्तानी कनेक्शन को लेकर खुलासा करते हुए कहा है कि संभल हिंसा में पाक समर्थित तत्वों ने हिस्सा लिया था और देश की सुरक्षा को खराब करने का पूरा प्रयास किया गया था। SP ने बताया कि गिरफ्तार किए गए मुल्ला अफरोज के मोबाइल से एक कॉलिंग एप्लीकेशन मिली है। दुबई में बैठा संभल हिंसा की स्क्रिप्ट लिखने वाला शारिक साठा इसी कॉलिंग ऐप के जरिए भारत में अपने गुर्गे से बात करता था। SP ने यह भी कहा कि संभल के कई लड़के यहां से फरार होकर पाकिस्तान में ऑपरेट हो रहे हैं, इस तरह की खुफिया सूचनाएं भी मिली हैं।

### पाकिस्तान ऑर्डिनेंस फैक्ट्री का जिंदा कारतूस

दरअसल, सबसे पहले 3 दिसंबर को जामा मस्जिद के पीछे हिंसा वाले घटनास्थल पर सर्च ऑपरेशन के दौरान पाकिस्तान ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में निर्मित 9एमएम का एक जिंदा कारतूस और एक खोखा मिला था। जिसके बाद संभल हिंसा के तार पहली बार पाकिस्तान से जुड़े और उसके बाद पुलिस की खुफिया एजेंसी से लेकर केंद्रीय खुफिया एजेंसी तक अलर्ट हो गई थीं।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सिंघानिया स्किन केयर — सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट। 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in। Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre — रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर। मो. 94252-14479, 0771-4020411, www.makeoverraipur.com, त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक — सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी। दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ। स्पेशलिस्ट : खासी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद। गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर, मो. 7999450384, 7042974029, समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified) — कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर), कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल। सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)। फोन: 0771-4044551, समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक — मनोरोग, नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ। मो. 9977247553। नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर। समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक। सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर) — उपलब्ध विशेषताएं: लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी, जनरल मेडीसीन, ऑर्थोपेडिक्स, जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी, ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल), गायनेकोलॉजी। जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)। फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037। लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध। OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटिक क्लीनिक — Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre, Diabetic Clinic। डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता। 17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक। Appointments No. 7724035770, 9329004557, 9303724304

अष्टविनायक हॉस्पिटल — बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। * आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *। बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)। आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

बांठिया हॉस्पिटल — राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2425009, 2424737। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम — बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल (आयुष्मान भारत स्कीम के तहत नि:शुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)। सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण। श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे। मो. 7991031330, मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी






घायल जवान

मैनपुर के जंगल में भीषण मुठभेड़

# 20 से ज्यादा नक्सली मारे गए, 14 शव बरामद, इनमें 1 करोड़ का इनामी भी

**48 घंटों से लगातार चल रही मुठभेड़, चारों तरफ से घिरे नक्सली**

मैनपुर-ओडिशा सीमा से लगे गरियाबंद जिले के मैनपुर कुल्हाड़ीघाट जंगल में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में जवानों ने दो दिनों में एक दर्जन से ज्यादा माओवादियों को मार गिराया है। इस मुठभेड़ में एक करोड़ से ज्यादा का इनामी नक्सली जयराम उर्फ चलपती भी मारा गया है। छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार किसी सीसी मेंबर के मुठभेड़ में मारे जाने की खबर है। 48 घंटे से ज्यादा चले इस ऑपरेशन में कई और इनामी नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। अभी भी सुरक्षाबल और मओवादियों के बीच मुठभेड़ चल रही है, ऑपरेशन खत्म होने के बाद और जानकारी मिलेगी।

## अंतिम सांस ले रहा नक्सलवाद



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, 'नक्सल मुक्त भारत' के संकल्प और सुरक्षा बलों के संयुक्त प्रयासों से नक्सलवाद आज अंतिम सांस ले रहा है। उन्होंने ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, नक्सलवाद को एक और करारा झटका। हमारे सुरक्षा बलों ने 'नक्सल मुक्त भारत' के निर्माण की दिशा में बड़ी सफलता हासिल की है। सीआरपीएफ, एसओजी ओडिशा और छत्तीसगढ़ पुलिस ने ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा पर एक संयुक्त अभियान में 14 नक्सलियों को मार गिराया।

## हमारा छत्तीसगढ़ मार्च 2026 तक नक्सलवाद से मुक्त होकर रहेगा



छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि गरियाबंद जिले के मैनपुर थाना अंतर्गत कुल्हाड़ीघाट क्षेत्र में सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ रविवार रात से अब तक जारी मुठभेड़ में 14 से अधिक नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। मार्च 2026 तक देश-प्रदेश में नक्सलवाद के खात्मे के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संकल्प को मजबूती शेष पेज 2 पर

## सुरक्षाबलों ने नया इतिहास रचा



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ और ओडिशा पुलिस के जॉइंट प्रयास का नतीजा है। यह ऑपरेशन सुरक्षाबलों की अद्वितीय रणनीति और समर्पण का परिणाम है, जिसने नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई में एक नया इतिहास रच दिया है। दो दिनों तक चले इस ऑपरेशन में सुरक्षाबलों ने कई ऑटोमेटेड हथियार भी बरामद किए हैं।

हरिभूमि न्यूज गरियाबंद/ मैनपुर

जानकारी के मुताबिक अभी तक पुलिस ने 14 नक्सलियों के शव बरामद कर चुके हैं, साथ ही और भी नक्सलियों के मारे जाने की संभावना है, इलाके में सर्चिंग जारी है। बता दें कि देश के गृहमंत्री अमित शाह ऐलान कर चुके हैं कि मार्च-2026 तक छत्तीसगढ़ को नक्सलमुक्त कर दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम और गृहमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि कई नक्सली दो दिनों के ऑपरेशन में मारे गए हैं। विशेष बात यह है कि सीसी मेंबर जयराम उर्फ चलपती मारा गया है। वह ओडिशा कैडर का नक्सली था, जो छत्तीसगढ़ में मारा गया है।

**बस्तर के बाद अब गरियाबंद जिले में नक्सलियों को बड़ी चोट लगी है**

बस्तर के बाद अब गरियाबंद जिले में नक्सलियों को बड़ी चोट लगी है, गरियाबंद जिले के मैनपुर के घोर पहाड़ी जंगल इलाका में पिछले तीन दिनों से नक्सलियों और पुलिस के बीच लगातार मुठभेड़ चल रही है, जिसमें छत्तीसगढ़ और ओडिशा के सुरक्षा जवान पहाड़ी क्षेत्र को चारों तरफ से घेर लिए है और लगातार नक्सलियों को मार गिराया जा रहा है। पुलिस अफसरों ने बताया कि छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा पर मैनपुर थाना क्षेत्र के कुल्हाड़ीघाट जंगल में मुठभेड़ हुई, जिसमें 14 माओवादी मारे गए। इससे पहले सोमवार को मुठभेड़ में दो महिला नक्सली मारी गई थीं। और अभी सर्चिंग जारी है और नक्सली मारे जाने की संभावना है।



एक करोड़ का इनामी जयराम

### नक्सलियों की पहचान

- जयराम उर्फ चलपति, जो सेंट्रल कमेटी का सदस्य था और 1 करोड़ के इनामी था।
- ओडिशा राज्य प्रमुख मनोज और स्पेशल जोनल कमेटी सदस्य गुड्डू भी मारा गया।
- अभी तक 14 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं, जबकि अन्य की तलाश जारी है।

### मुठभेड़ के दौरान बरामद हथियार

- एके-47, एसएलआर और अन्य स्वचालित राइफले बरामद की गई है
- तीन आईईडी भी निष्क्रिय किए गए

### कई शीर्ष नक्सलियों के मारे जाने की संभावनाः रायपुर रेंज आईजी

*गरियाबंद ऑपरेशन ग्रुप ई 30, कोबरा 207, सीआरपीएफ की 65 और 211 बटालियन व एसओजी नुआपाड़ा की संयुक्त टीम ने ज्वाइंट ऑपरेशन चलाया। ओडिशा के नुआपाड़ा जिले की सीमा से लगभग 5 किलोमीटर दूर छत्तीसगढ़ के कुल्हाड़ीघाट रिजर्व वन में बड़ी संख्या में माओवादियों की मौजूदगी की जानकारी के आधार पर 19 जनवरी की रात को ऑपरेशन शुरू किया गया था। 1000 जवानों ने 60 से ज्यादा नक्सलियों को घेरे जाने की जानकारी मिली है। मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार, गोलाबारूद और एक सेल्फ लोडिंग राइफल मिली है। नक्सलियों के बारूदी सुरंग का भी पता चला था। रायपुर रेंज आईजी अमरेश मिश्रा ने बताया कि इस मुठभेड़ में कई शीर्ष नक्सलियों के मारे जाने की संभावना है।*

### क्षेत्रीय स्थिति

मुठभेड़ स्थल पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। भाटीगढ़ स्टेडियम को अस्थायी छावनी में तब्दील कर दिया गया है। एक जवान घायल हुआ है, जिसे एयरलिफ्ट कर रायपुर लाया गया है।

### नक्सली गतिविधियां क्यों बढ़ीं?

सूत्रों के अनुसार, बस्तर के अबूझमाड़ और पामेड़ क्षेत्र में सुरक्षा बलों के लगातार कैंप स्थापित करने के कारण नक्सली गरियाबंद-ओडिशा सीमा की ओर भागे। यह इलाका घने जंगलों और चट्टानों के कारण नक्सलियों के लिए छिपने का आसान ठिकाना बन गया था।

### अभियान की स्थिति

ऑपरेशन अभी भी जारी है, और घिरे हुए बाकी नक्सलियों को भी खत्म करने की तैयारी की जा रही है। सुरक्षा बलों ने नक्सलियों का 3 किलोमीटर का घेरा बना रखा है। मुठभेड़ के बाद पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। यह मुठभेड़ छत्तीसगढ़ और ओडिशा के सुरक्षा बलों के बीच तालमेल का बड़ा उदाहरण है, जिससे नक्सलियों के नेटवर्क को कमजोर करने में सफलता मिली है।

### सुरक्षा बलों की रणनीति

छत्तीसगढ़ से फोर्स की तीन कंपनियां और ओडिशा से सात कंपनियां आगे बढ़ रही थीं। नक्सलियों को जंगल से खदेड़कर चट्टानों वाले खुले इलाके में घेरा गया। ड्रोन का इस्तेमाल करते हुए नक्सलियों पर नजर रखी गई। यह पहला मौका है, जब इस प्रकार के अभियान में ड्रोन का व्यापक उपयोग किया गया।



निकाय चुनाव

# चुनाव लड़ने वालों को शपथपत्र में देना होगा अपराध, संपत्ति और शिक्षा का ब्योरा

हरिभूमि न्यूज रायपुर

- निर्वाचन आयोग का कलेक्टरों को निर्देश
- इस प्रावधान का खास ध्यान रखा जाए

राज्य में होने वाले नगरीय निकायों में मेयर, अध्यक्ष से लेकर पंचायतों में जिला पंचायत सदस्य से लेकर सरपंच तक का चुनाव लड़ने वालों को नामांकन पत्र के साथ एक शपथपत्र देना होगा, जिसमें अभ्यर्थी की आपराधिक पृष्ठभूमि, संपत्ति, दायित्व एवं शैक्षणिक योग्यता की जानकारी देनी होगी। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के सभी कलेक्टर सह शेष पेज 2 पर

### निकाय चुनाव में लागू होगा नोटा

लोकसभा-विधानसभा चुनाव की तरह नगरीय निकाय चुनाव में भी नोटा का प्रावधान रखा गया है। इस संबंध में कहा गया है कि नगरपालिका निर्वाचन के लिए यदि मतदाता किसी भी अभ्यर्थी के पध में मतदान अभिलिखित नहीं करना चाहता है कि वह नोटा का उपयोग कर सकता है। राज्य में निकाय और पंचायतों के चुनाव की घोषणा से लेकर परिणाम की घोषणा शेष पेज 2 पर

# उप राष्ट्रपति ने कहा- विकसित भारत अपना सपना नहीं, हकीकत

हरिभूमि न्यूज रायपुर

- 500 बिस्तर का एसईसीएल गर्ल्स हॉस्टल का किया प्रतीकात्मक शिलान्यास

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान की ओर से मंगलवार को पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम में कल्पनाएं : बेहतर भारत निर्माण पर युवा पीढ़ियों से चर्चा समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उप राष्ट्रपति ने स्टार्टअप और विकसित भारत शेष पेज 2 पर




### साय ने कहा-शिक्षा पर छग का फोकस

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ का सौभाग्य है कि एक महीने के भीतर उपराष्ट्रपति दूसरी बार आए है। देश नई बुलंदियों को छुए इसके लिए हमें जड़ो को समझना होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था पर छत्तीसगढ़ ने फोकस किया है। राज्यपाल रमेन डेका ने छत्तीसगढ़ में जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण पर चिंता जाकिर की। उन्होंने कहा कि हर मंजिल युवाओं की होगी। 2047 तक विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ़ बनेगा।

# लखमा चार फरवरी तक भेजे गए जेल, कहा- जितने दिन रख लो

हरिभूमि न्यूज रायपुर

शराब घोटाले मामले में फंसे पूर्व आबकारी मंत्री एवं कांग्रेस से कोंटा विधायक कवासी लखमा को कोर्ट ने 14 दिनों की रिमांड पर 4 फरवरी तक न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। ईडी ने कवासी लखमा शेष पेज 2 पर



### लखमा ने कहा-मेरे पास फूटी कौड़ी नहीं

कोर्ट से बाहर निकलने के दौरान कवासी लखमा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि उनके घर में एक फूटी कौड़ी भी नहीं मिली है। करोड़ों रुपए मिलने की बात झूठी है। उनका कहना है कि वे 6-6 बार चुनाव जीता है। विधानसभा में मैनें सवाल उठाए थे, लेकिन घर शेष पेज 2 पर






अंजोरा पुलिस चौकी क्षेत्र का मामला

# आचार संहिता लागू होते ही कार की डिक्की से मिला 1 करोड़ कैश



हरिभूमि न्यूज भिलाई

- आयकर विभाग के हवाले हुआ प्रकरण

पंचायत व नगरीय निकाय चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता की घोषणा के बाद से ही शहर में कई पाबंदियां शुरू हो गई हैं। अब यहां से अपने साथ भारी भरकम कैश लेकर जाना चुनाव तक पूरी तरह मना है। इस दौरान अंजोरा पुलिस चौकी क्षेत्र में एक कार की डिक्की से 1 करोड़ रुपए का कैश चेकिंग के समय पुलिस को मिला है। कैश का मामले की जांच अब आयकर विभाग करेगा। अंजोरा पुलिस के मुताबिक सोमवार को दुर्ग नगर निगम में चुनाव की घोषणा हुई। आचार संहिता लागू होने से दुर्ग पुलिस ने सीमा क्षेत्रों में वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी है। चेक पाइंट पर राजनांदगांव से दुर्ग की ओर आ रही सभी गाड़ियों की जांच की जा रही थी। इस दौरान रात 8 बजे कार सीजी 7 सीपी 6300 को शेष पेज 2 पर

### पुलिस ने जब्त किया कैश

*पुलिस की पूछताछ में उसने बताया कि उसका स्वराज ट्रैक्टर का शोरूम है। शोरूम से कैश लेकर निकला है। चूंकि आचार संहिता के कारण इतनी मात्रा में कैश ले जाना मना है, इसलिए पुलिस ने पूरा कैश जब्त कर लिया। इसके बाद आयकर विभाग को सूचना दी गई। आयकर विभाग अब इस मामले की जांच करेगा। प्रभारी राम धुव ने बताया कि वाहनों की चेकिंग के दौरान कार की डिक्की से 1 करोड़ कैश मिला है। वाहन व कैश को जब्त कर जांच की जा रही है।*




चिंतन

# क्लाइमेट चेंज से निपटने के प्रयासों को 'ट्रंप झटका'

सत्ता संभालते ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने फैसले से संदेश दे दिया है कि उनके कार्यकाल में विश्व के लिए अमेरिका की नीति क्या होगी? अमेरिकी संरक्षणवाद की राह पर चलते हुए प्रेसिडेंट ट्रंप ने सीमा सुरक्षा, आव्रजन, टिकटॉक समेत शपथ के बाद पहले ही दिन 20 से अधिक फैसलों पर मुहर लगाई। इनमें विश्व को प्रभावित करने वाले आव्रजन नीति, विश्व स्वास्थ्य संगठन व पेरिस करार से हटना अहम फैसले हैं। अमेरिका में विश्व के कोने-कोने से प्रोफेशनल्स काम करते हैं और उन्हें एचबी1 वीजा मिलता है, कुछ लोग ग्रीन कार्ड भी प्राप्त कर लेते हैं। ट्रंप प्रशासन नागरिकता के जन्मसिद्ध अधिकार को भी बदलने जा रहा है। इससे प्रवासियों के बच्चों के लिए नागरिकता की राह कठिन हो जाएगी। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से अमेरिका के हटने से दीर्घकाल में अमेरिका को ही नुकसान होगा। इस वैश्विक संगठन में चीन का दबदबा बढ़ेगा। स्वास्थ्य क्षेत्र को वैश्विक स्तर पर नियंत्रित करने वाले विश्व स्वास्थ्य संगठन में यूरोप व अमेरिका का दबदबा रहा है, अब चीन का दबदबा बढ़ने से संगठन के रूप में डब्ल्यूएचओ की स्थिति कमजोर होगी, उस पर भरोसे का संकट भी बढ़ेगा। चीन ने डब्ल्यूएचओ को अपना समर्थन जताया है तो डब्ल्यूएचओ ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि उम्मीद है कि अमेरिका अपने फैसले पर पुनर्विचार करेगा। वैश्विक जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में आधिकारिक अंतरराष्ट्रीय संगठन के रूप में डब्ल्यूएचओ वैश्विक स्वास्थ्य प्रशासन में केंद्रीय समन्वयक के रूप में काम करता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में अमेरिका वैश्विक दायित्व की भूमिका से दूर होता जाएगा। पांच साल से भी कम समय में यह दूसरी बार है जब अमेरिका ने वैश्विक निकाय से हटने का आदेश दिया है। अपने पहले कार्यकाल के दौरान ट्रंप ने अमेरिका को डब्ल्यूएचओ से बाहर करने का प्रयास किया था। अमेरिका 1948 में डब्ल्यूएचओ का संस्थापक सदस्य था और तब से इस वैश्विक स्वास्थ्य इकाई और इसके कार्यकारी बोर्ड में अपनी सक्रिय भागीदारी के माध्यम से 193 अन्य सदस्य देशों के साथ इसके कार्यों को आकार देने और संचालित करने में भाग लेता रहा है। ट्रंप के विश्व पर नकारात्मक प्रभाव वाले दूसरे फैसले पेरिस क्लाइमेट करार से अमेरिका का बाहर आना है। तापमान कम करने के लिए वर्ष 2015 में हुए पेरिस समझौते से हटने के अमेरिका के फैसले से जलवायु परिवर्तन रोधी वैश्विक प्रयास कमजोर होंगे और इसका सर्वाधिक खामियाजा विकासशील देशों को भुगतना पड़ेगा जिनकी वैश्विक उत्सर्जन में सबसे कम भूमिका है। अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जक देश है। ईरान, लीबिया और यमन के साथ अब अमेरिका भी ऐसा देश बन गया है जो पेरिस वैश्विक जलवायु समझौते का हिस्सा नहीं है। संबंधित समझौते का उद्देश्य औद्योगिक क्रांति के बाद से वैश्विक तापमान (ग्लोबल वार्मिंग) वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखना है। पेरिस करार में भारत भी अहम भागीदार है। इस करार से स्वच्छ ऊर्जा के लिए वित्त पोषण में जिम्मेदार देशों को सहयोग करना है और प्रभावित विकासशील देशों को क्षतिपूर्ति मुआवजा देना है। अब ट्रंप प्रशासन के निर्णय का सर्वाधिक प्रभाव स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ने के लिए वैश्विक वित्तपोषण पर दिखने की संभावना है। यह कदम वैश्विक जलवायु प्रयासों के लिए एक बड़ा झटका है व यह जलवायु परिवर्तन के खिलाफ सामूहिक लड़ाई को कमजोर करेगा। अमेरिका को जल्दबाजी में कोई फैसला नहीं करना चाहिए।



ट्रम्प 2.0
नृपेन्द्र अभिषेक नृप

# नीतियों और प्रभावों का नया अध्याय


डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल का प्रमुख बिंदु अमेरिकी ऊर्जा उत्पादन पर जोर देना है। उन्होंने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक बताते हुए अलास्का और अन्य ऊर्जा-संपन्न क्षेत्रों में ऊर्जा विकास की गति तेज करने की घोषणा की है। इस नीति का उद्देश्य अमेरिका को न केवल ऊर्जा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाना है बल्कि वैश्विक ऊर्जा बाजार में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करना है। यह नीति घरेलू अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन के लिए फायदेमंद हो सकती है। ऊर्जा निर्यात से अमेरिकी डॉलर को मजबूती मिलेगी, लेकिन पर्यावरणीय दृष्टिकोण से यह निर्णय गहरी चिंता उत्पन्न करता है।

डोनाल्ड ट्रम्प की अमेरिकी राजनीति में वापसी न केवल अमेरिका बल्कि पूरे विश्व के लिए एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। उनके पहले कार्यकाल ने अमेरिकी राजनीति, अर्थव्यवस्था और वैश्विक कूटनीति में गहरी छाप छोड़ी थी। 'अमेरिका फर्स्ट' के उनके नारे ने राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता और संरक्षणवादी नीतियों को बढ़ावा दिया, लेकिन इसके साथ-साथ कई विवाद और विरोध भी जन्म लिए। ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत उनके पहले कार्यकाल के विस्तार जैसी प्रतीत होती है, जिसमें उन्होंने ऊर्जा, प्रवास, सीमा सुरक्षा, सामाजिक संरचना, और अंतरराष्ट्रीय व्यापार से संबंधित कठोर और विवादास्पद निर्णय लिए हैं। डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल का प्रमुख बिंदु अमेरिकी ऊर्जा उत्पादन पर जोर देना है। उन्होंने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक बताते हुए अलास्का और अन्य ऊर्जा-संपन्न क्षेत्रों में ऊर्जा विकास की गति तेज करने की घोषणा की है। इस नीति का उद्देश्य अमेरिका को न केवल ऊर्जा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाना है बल्कि वैश्विक ऊर्जा बाजार में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करना है।

यह नीति घरेलू अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन के लिए फायदेमंद हो सकती है। ऊर्जा निर्यात से अमेरिकी डॉलर को मजबूती मिलेगी। लेकिन पर्यावरणीय दृष्टिकोण से यह निर्णय गहरी चिंता उत्पन्न करता है। ऊर्जा उत्पादन बढ़ने से कार्बन उत्सर्जन में वृद्धि होगी, जो जलवायु परिवर्तन के खिलाफ वैश्विक प्रयासों को कमजोर करेगा। ट्रम्प का यह कदम पेरिस जलवायु समझौते से अमेरिका को बाहर करने के उनके पहले कार्यकाल के फैसले के अनुरूप है। ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में प्रवासी नीतियां उनके पहले कार्यकाल की तुलना में और अधिक कठोर हो गई हैं। उन्होंने सी.बी.पी. वन कार्यक्रम को समाप्त कर दिया है, जो प्रवासियों को अमेरिका में प्रवेश के लिए अपॉइंटमेंट लेने की सुविधा प्रदान करता था। इसके अलावा, उन्होंने मैक्सिको सीमा पर दीवार निर्माण को तेज करने और वहां सेना तैनात करने की घोषणा की है। यह नीतियां सुरक्षा प्राथमिकताओं को उजागर करती हैं, क्योंकि ट्रम्प के अनुसार, अवैध प्रवासी अमेरिकी संसाधनों पर दबाव डालते हैं और अपराध दर में वृद्धि करते हैं।

हालांकि, इस नीति का मानवीय पक्ष आलोचनात्मक बना हुआ है। पिछले कार्यकाल में 'फैमिली से परेशन पॉलिसी' के तहत बच्चों को उनके परिवारों से अलग करना अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों के विरोध का कारण बना था। ट्रम्प ने ट्रांसजेंडर नीतियों को समाप्त कर केवल पुरुष और महिला दो लिंगों को मान्यता देने की घोषणा की है। यह निर्णय उनके रूढ़िवादी दृष्टिकोण और पारंपरिक विचारधारा को दर्शाता है। ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को समाज में स्वीकृति और अधिकार देने के प्रयासों को यह निर्णय कमजोर करता है। ग्रीन न्यू डील और इलेक्ट्रिक वाहनों की अनिवार्यता को रद करना ट्रम्प की पर्यावरणीय नीतियों में बदलाव को स्पष्ट करता है। उनका कहना है कि यह कदम अमेरिकी ऑटोमोबाइल उद्योग को बचाने के लिए आवश्यक है।

हालांकि, यह निर्णय पर्यावरणीय संकट को और बढ़ावा दे सकता है। इलेक्ट्रिक वाहनों और हरित ऊर्जा को प्रोत्साहन देना जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम



करने के लिए जरूरी है। ट्रम्प की यह नीति अमेरिका को हरित ऊर्जा क्रांति में पीछे धकेल सकती है। ड्रग माफियाओं को विदेशी आतंकवादी घोषित करने और विदेशी शत्रु अधिनियम 1978 लागू करने का निर्णय ट्रम्प प्रशासन की मादक पदार्थों के खिलाफ सख्ती को दर्शाता है। यह कदम अमेरिका में संगठित अपराध और मादक पदार्थों के बढ़ते उपयोग को नियंत्रित करने का प्रयास है। हालांकि, इस नीति की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि इसे कितनी प्रभावी ढंग से लागू किया जाता है। ट्रम्प ने पनामा नहर को वापस लेने और मैक्सिको की खाड़ी का नाम बदलकर 'अमेरिका की खाड़ी' रखने का प्रस्ताव रखा है। यह कदम उनकी राष्ट्रवादी सोच और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति पर उनके आक्रामक दृष्टिकोण को उजागर करता है। हालांकि, व्यावहारिक दृष्टिकोण से इन प्रस्तावों का क्रियान्वयन कठिन हो सकता है। ट्रम्प की अंतरराष्ट्रीय व्यापार नीति उनके 'अमेरिका फर्स्ट' दृष्टिकोण के साथ मेल खाती है।

उन्होंने बाहरी देशों पर टैरिफ और कर लगाने की बात कही है, ताकि अमेरिकी नागरिकों पर कर का बोझ कम किया जा सके। हालांकि, यह नीति वैश्विक व्यापारिक संबंधों को प्रभावित कर सकती है। उच्च टैरिफ से अमेरिकी उपभोक्ताओं को अधिक कीमतें चुकानी पड़ सकती हैं और वैश्विक व्यापार में अस्थिरता बढ़ सकती है। डोनाल्ड ट्रम्प का दोबारा राष्ट्रपति बनना भारतीय राजनीति और विदेश नीति पर कई स्तरों पर प्रभाव डाल सकता है। भारत और अमेरिका के संबंध ट्रम्प के पिछले कार्यकाल में व्यापार, रक्षा और रणनीतिक सहयोग के क्षेत्रों में मजबूत हुए थे। लेकिन उनकी 'अमेरिका फर्स्ट' नीति ने कुछ क्षेत्रों में तनाव भी पैदा किया था। ट्रम्प ने हमेशा अमेरिकी हितों को प्राथमिकता दी है, जो भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों को चुनौतीपूर्ण बना सकता है। उनके कार्यकाल में भारत पर आयातित वस्तुओं, खासकर स्टील और एल्युमिनियम पर, ऊंचे टैरिफ लगाए गए थे। अगर ट्रम्प फिर से व्यापार युद्ध जैसी नीति अपनाते हैं, तो यह भारत की निर्यात क्षमता को प्रभावित कर सकता है। भारत-अमेरिका रक्षा संबंध ट्रम्प के पिछले कार्यकाल में मजबूत हुए थे, विशेष रूप से भारत को उन्नत सैन्य उपकरणों की आपूर्ति के मामले में। चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए अमेरिका ने भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी को बढ़ावा दिया था। ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में यह सहयोग और बढ़ सकता है, जिससे भारत को क्षेत्रीय सुरक्षा में मदद मिलेगी। ट्रम्प का सख्त प्रवास नीति का रुख भारतीयों के लिए चुनौतियां बढ़ा सकता है। एच-1बी वीजा पर उनकी पहले की नीतियों ने भारतीय पेशेवरों को प्रभावित किया था। उनका पुनः राष्ट्रपति बनना इस नीति को और कठोर बना सकता है। ट्रम्प का चीन विरोधी रुख भारत के लिए कूटनीतिक अवसर ला सकता है।

भारत-अमेरिका संबंध मजबूत होने से क्षेत्रीय भू-राजनीतिक संतुलन भारत के पक्ष में झुक सकता है। हालांकि, ट्रम्प की अनिश्चित नीतियां भारत के लिए चुनौतियां भी पेश कर सकती हैं। डोनाल्ड ट्रम्प का दूसरा कार्यकाल उनके पहले कार्यकाल की तरह नीतिगत कठोरता और विवादों से भरा हुआ प्रतीत होता है। उनके निर्णय अमेरिका को आंतरिक रूप से मजबूत बना सकते हैं, लेकिन ये सामाजिक समानता, पर्यावरण संरक्षण, और वैश्विक सहयोग के लिए चुनौतियां खड़ी करेंगे। उनके नेतृत्व में अमेरिका का 'अलगाववादी रुख' विश्व स्तर पर उथल-पुथल मचा सकता है। भारत और अन्य देशों के लिए ट्रम्प का नेतृत्व अवसर और चुनौतियों दोनों को प्रस्तुत करेगा। यह देखना दिलचस्प होगा कि ट्रम्प के इन फैसलों का दीर्घकालिक प्रभाव अमेरिका और विश्व राजनीति पर क्या पड़ता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

विश्लेषण
सुरेश हिंदुस्तानी



# रेवड़ियों पर केंद्रित हो रहा दिल्ली विस चुनाव

देश की राजधानी दिल्ली में चुनावी घमासान के बीच रेवड़ी बांटने की प्रतिस्पर्धा सी चलती दिखाई दे रही है। ऐसा लगता है कि अब दिल्ली राज्य की सत्ता तक पहुंचने का मार्ग केवल रेवड़ी ही है। दिल्ली राज्य के लिए होने वाले चुनाव में सभी राजनीतिक दल लोक लुभावन तरीके से अपने पिटारे से रेवड़ी बांटने की योजना जनता के बीच बता रहे हैं। इसके लिए आम आदमी पार्टी तो पहले से ही अपने पिटारे को खोलकर बैठी है। अब इसमें कांग्रेस और भाजपा भी अपने कदम उसी ओर बढ़ाने को प्रवृत हुई है, जिस ओर आम आदमी पार्टी जाती रही है। लेकिन एक तथ्य ध्यान देने योग्य माना जा सकता है कि आम आदमी पार्टी के पास कुछ भी नया नहीं है, क्योंकि वह पिछले चार विधानसभा चुनावों से इस राह पर चल रही है। मुफ्त में देने के वादे करना एक प्रकार से आम आदमी पार्टी की फितरत ही बन गई है। इससे अलग अपेक्षा भी नहीं की जा सकती, क्योंकि यह मार्ग उसके लिए लाभकारी साबित रहा है। इसलिए आप के नेता और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को यह पूरा विश्वास है कि इस बार भी बाजी उन्हीं के हाथ लगेगी। दिल्ली राज्य के लिए हो रहे चुनाव प्रचार में राजनीतिक दलों के नेताओं की ओर से जो स्वर मुखरित हो रहे हैं, उन स्वरों में केवल रेवड़ी की ध्वनि ही गुंजायमान हो रही है। ऐसा लगता है कि अब दिल्ली की जनता रेवड़ी लूटने की आदी हो चुकी है। इसका राजनीतिक आशय यह भी निकाला जा सकता है कि अपना नायक चुनने के लिए किसकी रेवड़ी स्वार्थ की पूर्ति करने वाली है, यह ही देखा जाएगा। इस कवायद को लालच देकर वोट प्राप्त करने का एक माध्यम भी माना जा सकता है, क्योंकि जनता को मुफ्त में खजाना लुटाना किसी भी प्रकार से न्याय संगत नहीं माना जा सकता। इसका बोझ उस समाज पर आता है, जो योजना का लाभ लेने के पात्र नहीं होते। हालांकि सरकार द्वारा आम जनता का ध्यान रखना चाहिए, लेकिन इसके लिए मुफ्त की योजना के अलावा अन्य तरीके अपनाए जाएं तो बेहतर होगा। नहीं तो एक दिन ऐसा भी आ सकता है कि यही योजनाएं विकास की योजनाएं न होकर विनाशकारी मार्ग तैयार कर सकती हैं। दिल्ली में एक दशक पहले भाजपा और कांग्रेस के बीच ही चुनावी लड़ाई होती रही थी, लेकिन कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार के विरोध में एक धूमकेतु की तरह अरविन्द केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी का गठन कर दिया और लोक लुभावने वादे करके आम जनता का छप्पर फाड़ समर्थन प्राप्त करके दिल्ली के सिंहासन को अपने कब्जे में ले लिया। इस चुनाव में बहुकोणीय मुकाबला होने की झलक दिखाई दे रही है। आम आदमी पार्टी ने अपने आपको फिर से मैदान में उतारा है, लेकिन उसकी सबसे बड़ी परेशानी यह है कि उसके नेता अरविन्द केजरीवाल पर भ्रष्टाचार करने का आरोप है। एक समय सुविधाओं को त्याग कर राजनीति करने की कसम खाने वाले केजरीवाल की जीवनशैली सुविधामय होती दिखाई दे रही है। शीशमहल के नाम से भाजपा द्वारा प्रचारित किए गए उनके आवास में लग्जरी सुविधाएं हैं। जो उनके कथन से कतई सरोकार नहीं रखती। ऐसे में यह कहना तर्कसंगत ही होगा कि इस बार केजरीवाल की राह उतनी आसान नहीं कही जा सकती, जो पहले थी। दूसरी बड़ी बात यह भी है कि इस बार के चुनाव में आम आदमी पार्टी के समक्ष गंभीर चुनौतियां भी हैं। केजरीवाल जमानत पर बाहर हैं। वे दोष मुक्त नहीं हुए। उनका मुख्यमंत्री कार्यालय जाने पर प्रतिबन्ध उसी समय लगा दिया, ज़ब वे मुख्यमंत्री थे। ऐसी स्थिति में केजरीवाल फिर से दिल्ली के मुख्यमंत्री बनेंगे, इसकी गुंजाइश भी नहीं है। इस बार के चुनाव में कांग्रेस और भाजपा के अलावा बहुजन समाज पार्टी और औवेसी की पार्टी भी मैदान में है। यह दोनों राजनीतिक दल जितने प्रभावी होंगे, उसका खामियाजा आप आदमी पार्टी को ही भुगतना होगा। खैर, मूल विषय रेवड़ी का है। मुफ्त की रेवड़ी बांटना निश्चित ही इस बात की ओर संकेत करता है कि आज राजनीतिक दलों ने आम जनता के बीच अपनी विश्वसनीयता खोई है, इसीलिए चुनाव जीतने के लिए जनता को प्रलोभन देकर वोट कब्जाने की राजनीति की जा रही है। फिलहाल यही समझा जा रहा है कि मुख्य मुकाबला भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच है। प्रचार के लिए भाजपा के पास नेताओं की भारी भरकम फ़ौज है तो आम आदमी पार्टी के पास केवल केजरीवाल ही हैं। चुनावी प्रचार के माध्यम से भाजपा अपनी बात को नीचे तक पहुंचाने का प्रयास करेगी। कुल मिलाकर अब देखना यह है कि क्या इस बार भी रेवड़ी के सहारे ही दिल्ली की सरकार बनेगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## मन को स्थिर रखना ही है जीवन का सूत्र



संकलित
दर्शन

काम, क्रोध, लोभ और मोह की स्वाभाविक वृत्तियों से घिरा हुआ मनुष्य जब अपनी असत दृष्टि से इनमें आनंद का अनुभव करने लगता है, तो उसे यह संसार खुशनुमा लगने लगता है। काम अर्थात इच्छा। जब भी किसी व्यक्ति के मन में उठी इच्छा की पूर्ति होती है, तो वह परम आनंद को प्राप्त होता है, पर वह यह भूल जाता है कि उसकी यह इच्छापूर्ति उसी तरह से उसके मन में एक और इच्छा जागृत करके उसके चित्त को अव्यवस्थित कर देगी, जिस तरह से जलती हुई अग्नि पूरी मात्र में घी पाने पर भी बुझती नहीं है, अपितु और वेग से जलने लगती है। इसी भांति से यदि अन्य किसी व्यक्ति के साथ विचार भिन्नता होती है तो वे दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की हानि करने के लिए तत्पर हो जाते हैं और अपने चित्त की सहज शांति खो बैठते हैं। इस स्थिति में जिसकी हानि होती है वह तो दुखी होता ही है, जो लाभ में रहता है वह भी हारे हुए पक्ष की ओर से आने वाली संभावित प्रतिक्रिया से हर दम चिंता में डूबा रहता है। और इस तरह से क्रोध भी व्यक्तियों को पीड़ित करने का कारण ही बनता है। वहीं लोभ और मोह की असीमित शक्ति का तो यह हाल है कि हम अपना पूरा का पूरा जीवन इसमें लगा देते हैं कि हमारे पास इतनी अथाह संपत्ति हो, जिसकी बराबरी धरती का कोई भी दूसरा व्यक्ति कभी न कर सके और हमारी अपनी संतान भी ऐसी हो, जिसकी सुंदरता और बुद्धिमत्ता का कोई मुकाबला न हो सके। रावण से लेकर कंस आदि के उदाहरण हमारे सामने हैं, जो अपने जीवन में अपनी ऐसी ही मानसिक विकृतियों से कभी भी पार नहीं पा सके।

## क्या भोग लगाना पाखंड है?



संकलित
प्रेरणा

एक बार सन 1989 में मैंने सुबह टीवी खोला तो जगत गुरु शंकराचार्य कांची कामकोटि जी से प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम चल रहा था। एक व्यक्ति ने प्रश्न किया कि हम भगवान को भोग क्यों लगाते हैं। जगद्गुरु शंकराचार्य जी ने कहा यह समझने की बात है कि जब हम प्रभु को भोग लगाते हैं तो वह उसमें से क्या ग्रहण करते हैं। मान लीजिए कि आप लड्डू लेकर भगवान को भोग चढ़ाने मंदिर जा रहे हैं और रास्ते में आपका जानने वाला कोई मिलता है और पूछता है यह क्या है तब आप उसे बताते हैं कि यह लड्डू है। फिर वह पूछता है कि किसका है? तब आप कहते हैं कि यह मेरा है। फिर जब आप वही मिष्ठान्न प्रभु के श्री चरणों में रख कर उन्हें समर्पित कर देते हैं और उसे लेकर घर को चलते हैं तब फिर आपको जानने वाला कोई दूसरा मिलता है और वह पूछता है कि यह क्या है ? तब आप कहते हैं कि यह प्रसाद है फिर वह पूछता है कि किसका है तब आप कहते हैं कि यह हनुमान जी का है। अब समझने वाली बात यह है कि लड्डू वही है। उसके रंग रूप स्वाद परिमाण में कोई अंतर नहीं पड़ता है तो प्रभु ने उसमें से क्या ग्रहण किया कि उसका नाम बदल गया। वास्तव में प्रभु ने मनुष्य के मम-कार को हर लिया। यह मेरा है का जो भाव था, अहंकार था प्रभु के चरणों में समर्पित करते ही उसका हरण हो गया। प्रभु को भोग लगाने से मनुष्य विनीत स्वभाव का बनता है शीलवान होता है। अहंकार रहित स्वच्छ और निर्मल चित्त मन का बनता है। इसलिए इसे पाखंड नहीं कहा जा सकता है।

अंतर्मन




आज की पाती

### बजट महंगाई से राहत दिलाने वाला हो

केंद्र सरकार जल्दी ही वर्ष 2025-26 का वित्तीय बजट पेश करने वाली है। बजट से हर वर्ग के लोगों को यह उम्मीद होती है कि उनके अच्छे दिन लाने के प्रावधान हों। करदाताओं को कर में छूट मिलने की और ज्यादातर लोगों को महंगाई से राहत मिलने की उम्मीद होती है। आम बजट से आमजन को उम्मीद होती है कि रोजमर्रा में प्रयोग होने वाली आम चीजें सस्ती हों, बजट महंगाई से राहत दिलाने वाला हो। बजट मुफ्तखोरी से दूर हो, शिक्षा, चिकित्सा और रोजगार को बढ़ाने वाला हो। गरीब से गरीब को भी आधुनिक और उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने वाला आम बजट हो। स्वरोजगार को बढ़ावा मिले, साथ ही सरकार गांवों को भी स्मार्ट गांव बनाने का ख्याल बजट में रखे। *-मयंक दुबे, रायगढ़*

ट्रेंड

### मणिपुर के लोगों को बधाई




मणिपुर के लोगों को उनके राज्यत्व दिवस पर शुभकामनाएं। भारत के विकास में मणिपुर के लोगों द्वारा निभाई गई भूमिका पर हमें अविश्वसनीय गर्व है। मणिपुर की प्रगति के लिए मेरी शुभकामनाएं।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### भाजपा का अंतिम दौर



उत्तर प्रदेश में 'हिरासत में मौत' का सिलसिला थम नहीं रहा है। हालिया मामले में संभल में पूछताछ के नाम पर घर से ले गये व्यक्ति की हिरासत में मौत होने से जनाक्रोश भड़क उठा। अन्याय करने वाली भाजपा सरकार अब अपने अंतिम दौर में है।
-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### मां गंगा की गोद में



प्रयागराज आकर ऐसा लगा मानो पूरी दुनिया की आस्था, सेवाभाव और संस्कृतियां यहीं मां गंगा की गोद में आकर समाहित हो गयी हैं। कुंभ की भव्यता और दिव्यता सजीव बनाए रखने वाले सभी साधु-संत, एवं श्रद्धालुओं की सेवा में तत्पर शासन-प्रशासन, को मैं हृदय से धन्यवाद देता हूँ।
-गौतम अदाणी, उद्योगपति

### दवा निर्यात में अग्रणी



भारत ने विश्व स्तर पर स्वयं को आवश्यक दवाओं के विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में स्थापित किया है। जेनेरिक दवाओं के विनिर्माण व निर्यात में भारत अपूरित चिकित्सा मांग की कमी को पूरा कर सकता है। -किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी

करंट अफेयर

## नागरिकों की सुरक्षा के तरीकों में 'मौलिक परिवर्तन' जरूरी



प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने कहा कि एक डांस क्लास में तीन लड़कियों की हत्या के मद्देनजर यह जरूरी हो गया है कि ब्रिटेन में नागरिकों की सुरक्षा के तरीके में 'मौलिक बदलाव' होना चाहिए। स्टॉर्मर ने कहा कि सरकार को उन 'कठिन सवालों' का भी जवाब देना होगा कि जुलाई में साउथपोर्ट के समुद्र तटीय शहर में तीन लड़कियों की चाकू मारकर हत्या करने से पहले हिंसा के प्रति जुनूनी नाबालिग को रोकने में अधिकारी कैसे विफल रहे। प्रधानमंत्री ने टेलीविजन पर एक बयान में कहा कि एक्सेल रुदाकुबाना के मामले में हुई लापरवाही का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गयी है। रुदाकुबाना ने अन्य आठ बच्चों, उनके प्रशिक्षक और एक राहगीर को घायल कर दिया था। रुदाकुबाना (18) ने लिवरपूल क्राउन अदालत में मुकदमे के पहले दिन सोमवार को अपना दोष स्वीकार कर लिया और उसे बृहस्पतिवार को सजा सुनाई जाएगी। रुदाकुबाना के दोषी होने की दलील का मतलब है कि निष्पक्ष सुनवाई सुनिश्चित करने के लिए जो विवरण जनता से छिपाए गए थे, अब उन्हें सामने लाया जा सकता है। इस विवरण में इस बात का भी जिक्र है कि रुदाकुबाना जब 13 और 14 वर्ष का था तो उसे सरकार के चरमपंथ रोधी कार्यक्रम में तीन बार भेजा गया था तथा वह कई राज्य एजेंसियों के संपर्क में था।

ऑफ बीट

## भोजन और दवाएं बदल सकती हैं त्वचा का रंग



जब हांगकांग में 84 वर्षीय एक व्यक्ति बढ़े हुए प्रोस्टेट के साथ अस्पताल गया, तो डॉक्टर यह देखकर चौंक गए कि उसकी त्वचा - और यहाँ तक कि उसकी आँखों का सफेद भाग भी धूसर रंग का हो गया था। ये मामले आर्गिरिया नामक स्थिति के उदाहरणों को दर्शाते हैं, जिसमें शरीर में चांदी के कण जमा हो जाते हैं। चांदी कभी अपने रोगाणुरोधी गुणों के कारण चिकित्सा उपचारों में मुख्य आधार थी। लेकिन आधुनिक साक्ष्य दर्शाते हैं कि बहुत अधिक मात्रा में इसके सेवन या अवशोषण से व्यक्ति की त्वचा में ऐसे परिवर्तन हो सकते हैं जो शायद ही कभी फीके पड़ते हैं। आर्गिरिया में, चांदी के आयन रक्तप्रवाह के माध्यम से प्रसारित होते हैं और त्वचा की ऊपरी सतह डर्मिस में समा जाते हैं। डर्मिस सतह के नीचे की एक परत है जहां शरीर उन्हें आसानी से साफ नहीं कर सकता है। यह वह परत है जिसमें टैटू पिगमेंट रहते हैं। इसी तरह की एक दुर्लभ घटना क्रिसियासिस है, जिसमें सोने का त्वचा में जमाव होता है। अतीत में पहले कभी सूजन संबंधी विकारों के लिए सोने पर आधारित उपचार किए जाते थे। कुछ मामलों में, इन उपचारों के बाद रोगियों में एक विशिष्ट भूरा या भूरा-बैंगनी रंग का विरंजन विकसित हुआ, जो आर्गिरिया की तरह, आसानी से ठीक नहीं किया जा सकता था।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

### लिखित आवेदन

कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि खाद्य एवं औषधि प्रशासन के एक अधिकारी द्वारा जब्त पनीर लेकर वाहन चालक के गायब होने संबंधी आवेदन किया गया है। आवेदन के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

आरोपी एजेंट की हो रही तलाश



- कोल्ड स्टोरेज में रखने का झांसा देकर कथित एजेंट 39 पेटियां लेकर फरार
- विभागीय मिली-भगत या चोरी, अफसरों ने साधी चुप्पी, शिकायत थाने में

# नकली के संदेह में जब्त 2000 किलो पनीर की पेटियां रास्ते से गायब, एजेंट ने किया गोलमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नकली होने के संदेह में बरामद की पनीर की 39 पेटी (करीब दो हजार किलो) रास्ते से गायब हो गई। अफसरों को कोल्ड स्टोरेज में रखने का झांसा देकर कथित एजेंट लाखों का पनीर अपनी गाड़ी में भरकर ले भागा। मामला सीधे-सीधे चोरी का है अथवा विभागीय मिली-भगत का, इस पर विभागीय अफसरों ने चुप्पी साध ली है। पनीर और उसे ले जाने वाले की तलाश के लिए शिकायत थाने में की गई है।

सोमवार को नकली पनीर पकड़ने वाली खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ▶▶|शेष पेज 2 पर

हरिभूमि खास


4600 किलो पनीर जब्त, छापेमारी में गए अफसर घूस लेते कैमरे में कैद

### बिना सुरक्षा वाला लैब कैमरे भी नहीं

खाद्य एवं औषधि प्रशासन कालीबाड़ी का कार्यालय और लैब परिसर बिना सुरक्षा वाला है। यहां किसी भी हिस्से से बिना रोक-टोक के आवाजाही की जा सकती है। परिसर में पर्याप्त कैमरे नहीं हैं, इसलिए कार्रवाई के बाद जब्त किए जाने वाले सामान भगवान भरोसे पड़े रहते हैं। एजेंट ने इसी विभागीय कमजोरी का फायदा उठाकर पनीर कोल्ड स्टोरेज ले जाने का झांसा दिया था, हालांकि भाठागांव से बरामद की गई पनीर की कुछ पेटियां लैब परिसर में ही पड़ी हुई हैं।



### शादी में खपाए जाने की आशंका

कार्रवाई के बाद सोमवार की सुबह से गायब कथित नकली पनीर को विभिन्न विवाह समारोह में खपाए जाने की आशंका है। पनीर का आर्डर शादी के दौरान इसकी बड़ी खपत को ध्यान में रखकर किया गया है। जब्त की गई पनीर की पेटियों में उसकी कीमत 170 रुपए प्रति किलो लिखी गई है और बाजार में उसे 390 रुपए किलो के हिसाब से खपाया जाता था। खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा हाल ही में तीन बड़े मामलों में नकली पनीर बरामद किया गया है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप



### स्कूटी में गांजा की तस्करी युवक-युवती गिरफ्तार

**बिलासपुर।** स्कूटी में गांजा की तस्करी करने वाले युवक-युवती को पुलिस ने पकड़ लिया है। उनके पास से 2 किलो 500 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। सरकंडा पुलिस को मुखबिर की सूचना मिली थी।

### एक देश, एक चुनाव पर बैठक 31 को

**नई दिल्ली।** देश में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले दो विधेयकों पर विचार कर रही संसद की संयुक्त समिति की दूसरी बैठक आगामी 31 जनवरी को होगी। पहली बैठक में भाजपा के सदस्यों ने एक साथ चुनाव के विचार की सराहना की थी, तो विपक्षी सदस्यों ने इस पर सवाल खड़े किए थे।




### न्यायमूर्ति देवेंद्र दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस

**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय ने दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने राज निवास में एक समारोह में न्यायाधीश को शपथ दिलाई। समारोह में मुख्यमंत्री आतिशी और दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



### फर्जी प्रॉपर्टी स्कीम, 30 करोड़ की धोखाधड़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने निवेशकों के साथ 30 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोप में एक रियल एस्टेट कारोबारी को गिरफ्तार किया है। निजी एस्टेट डेवलपर कंपनी के निदेशक आरोपी हरिंदर बशिष्ठा (49) को 13 जनवरी को हिरासत में लिया गया था। वह अब न्यायिक हिरासत में है।



### ऑटो-ट्रक से टकराया तीन की मौत, दो घायल

**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक जिले में ऑटोरिक्शा के एक कंटेनर ट्रक से टकरा जाने से तीन की लोगों की मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। इगतपुरी तालुका के सिन्नार-घोटी रोड पर दुर्घटना हुई। ऑटोरिक्शा के कंटेनर ट्रक से टकरा जाने से हादसा हुआ। दुर्घटना में ऑटो चालक अमोल विनायक घुगे (25) की मौके पर ही मौत हो गई।



डब्ल्यूएचओ ने कहा- उम्मीद है अमेरिका पुनर्विचार करेगा

# ट्रंप के फैसले से सब हैरान, अमेरिका ने डब्ल्यूएचओ से बनाई दूरी, चीन आया साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

- लंबे समय से डब्ल्यूएचओ से नाराज हैं ट्रंप
- कोविड संकट को ठीक से डील नहीं किया

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इस विश्व संस्था से अमेरिका के अलग होने की राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की घोषणा पर खेद व्यक्त किया लेकिन उम्मीद जताई है कि अमेरिका अपने फैसले पर पुनर्विचार करेगा और साझेदारी को बनाए रखने के लिए रचनात्मक बातचीत में शामिल होगा। ट्रंप ने सोमवार को शपथ ग्रहण के तुरंत बाद अमेरिका को डब्ल्यूएचओ से बाहर निकालने की प्रक्रिया शुरू करने वाले एक शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर किए। पांच साल से भी कम समय में यह दूसरी बार है जब अमेरिका ने वैश्विक निकाय से हटने का आदेश दिया है।

ट्रंप लंबे समय से डब्ल्यूएचओ की आलोचना करते रहे हैं और अपने पहले कार्यकाल के दौरान अमेरिका को इस वैश्विक स्वास्थ्य संस्था से अलग करने का प्रयास कर चुके हैं, लेकिन उनके उत्तराधिकारी जो बाइडन ने इस योजना को रोक दिया था। ट्रंप ने एक शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर किया है जिसमें कहा गया है कि राष्ट्रपति संयुक्त राष्ट्र महासचिव को एक पत्र भेज रहे हैं, जिसमें उन्हें औपचारिक रूप से अमेरिका की वापसी की योजना के बारे में सूचित किया जाएगा। डब्ल्यूएचओ ने एक बयान में कहा, "विश्व ▶▶|शेष पेज 2 पर



*राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कई फैसले लिए। उन्होंने बाइडेन सरकार के 78 फैसलों को रद्द कर दिया। इनमें विश्व स्वास्थ्य संगठन की सदस्यता से अमेरिका के बाहर निकलने का आदेश भी शामिल हैं। डब्ल्यूएचओ ने उम्मीद जताई है कि अमेरिका अपने फैसले पर पुनर्विचार करेगा। इधर, इस वैश्विक संस्था को चीन ने अपना समर्थन दिया है।*

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने पहले ही दिन लिए कई फैसले

### डोनाल्ड ट्रंप ने बताए कारण

डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका विश्व स्वास्थ्य संगठन से बाहर निकल जाएगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्वास्थ्य एजेंसी ने कोविड-19 महामारी और अन्य अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य संकटों को ठीक से नहीं संभाला है। डब्ल्यूएचओ स्वतंत्र रूप से कार्य करने में सफल नहीं हुआ है और वो अमेरिका से अनुचित रूप से भारी भुगतान की मांग कर रहा है, जबकि चीन से बेहद कम राशि की मांग कर रहा है।

### एक ही दिन में पलट दिए 78 फैसले

ट्रंप ने शपथ अपने पूर्ववर्ती जो बाइडेन की 78 नीतियों को पलट दिया है। इन एग्जीक्यूटिव ऑर्डर में करीब दर्जन भर फैसले ऐसे हैं जो अमेरिकी नीतियों को आगे नया आकार देंगे और कुछ का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। जाहिर है कि अपने चुनावी वादे के अनुरूप ट्रंप पहले दिन ही अपने आक्रामक एजेंडे पर आगे बढ़े हैं।

### जन्मसिद्ध नागरिकता भारतीयों पर भी होगा गहरा असर

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को पदभार ग्रहण करने के बाद जन्मसिद्ध नागरिकता (बर्थराइट सिटीजनशिप) को समाप्त करने के उद्देश्य से एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। माना जा रहा है कि इससे अमेरिका में भारतीय समुदाय को भी फर्क पड़ेगा। जन्मसिद्ध नागरिकता मतलब अमेरिका में जन्मे बच्चे को स्वतः नागरिकता मिलने से है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप की ओर से हस्ताक्षरित आदेश में कहा गया है कि संघीय सरकार अमेरिकी धरती पर जन्मे किसी भी बच्चे को 'अमेरिका की नागरिकता को मान्यता देने वाले दस्तावेज' जारी नहीं करेगी, जिसके माता-पिता देश में अवैध रूप से रहे हों या जो वैध रूप से लेकिन अस्थायी रूप से रहे हों। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी राष्ट्रपति का यह कार्यकारी आदेश बर्थ टूरिज्म को टारगेट करता है, जहां विदेशी नागरिक अपने बच्चों को जन्म देने और उनके लिए अमेरिकी नागरिकता हासिल करने के लिए अमेरिका की यात्रा करते हैं।

### सहयोग करता रहेगा चीन

डब्ल्यूएचओ से अमेरिका के हटने की घोषणा के बाद चीन ने इस वैश्विक संस्था के प्रति अपना समर्थन जताया। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने मंगलवार को कहा कि चीन विश्व स्वास्थ्य संगठन को उसकी जिम्मेदारियां निभाने में सहयोग प्रदान करता रहेगा। गुओ ने कहा कि वैश्विक जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में डब्ल्यूएचओ वैश्विक स्वास्थ्य प्रशासन में केंद्रीय समन्वयक के रूप में काम करता है।

### भारतीयों को क्यों पड़ेगा फर्क?

प्यू रिसर्च सेंट की एक रिपोर्ट के मुताबिक, यूएस सेंसस ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, 2022 तक लगभग 4.8 मिलियन भारतीय-अमेरिकी अमेरिका में रह रहे थे। इनमें से एक महत्वपूर्ण अनुपात में लोग अमेरिका में जन्मे हैं। चूंकि ट्रंप के आदेश में कहा गया है कि यह केवल उन लोगों पर लागू होगा जो इस आदेश की तारीख से 30 दिनों के बाद अमेरिका में जन्मे हैं।

# शेयर बाजार फिर गिरा 7.52 लाख करोड़ डूबे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

### सेंसेक्स 1,235 अंक टूटकर सात महीने के निचले स्तर पर

अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता संभालने के साथ ही दुनिया में व्यापार युद्ध गहराने की आशंका और विदेशी निवेशकों की निकासी जारी रहने से घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को धड़ाम हो गए।

- चौतरफा बिकवाली से निवेशकों को बड़ा नुकसान

ठ या प क बिकवाली से सें से क स 1,235 अंकों का गोता लगाते हुए सात महीने के निचले स्तर पर बंद हुआ। इस चौतरफा बिकवाली के बीच निवेशकों ने एक ही दिन में सात लाख करोड़ रुपये से अधिक की पूंजी गंवा दी। विश्लेषकों ने कहा कि ट्रंप के फैसलों को लेकर व्यापार जगत में व्याप्त आशंकाएं उनके शपथ लेने के साथ ही गहराने लगी हैं।

बेहद उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 1,235.08 अंक यानी 1.60 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 75,838.36 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 1,431.57 अंक फिसलकर 75,641.87 पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 320.10 अंक यानी 1.37 प्रतिशत गिरकर 23,024.65 पर बंद हुआ। यह छह जून, 2024 के बाद का सबसे निचला स्तर है।

### ये तीन बड़े कारण

**टैरिफ का डर:** अमेरिकी राष्ट्रपति ने आते ही चीन, कनाडा और मेक्सिको पर टैरिफ लगाने के संकेत दिए हैं। भारत को लेकर भी पहले बयान दे चुके हैं अगर ट्रंप ऐसा कदम उठाते हैं, तो भारतीय निर्यात के लिए होगी।

**रुपए में गिरावट:** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय करेंसी रुपया पहले से ही लगातार टूटने का रिकॉर्ड बना रहा है। ट्रंप की नीतियां इसकी सेहत को और भी बिगाड़ने वाली साबित हो सकती हैं।

**ब्रिक्स पर ट्रंप का रुख:** ब्रिक्स देशों को अमेरिकी चेतावनी भी है। गौरतलब है कि भारत ब्रिक्स का फाउंडर मेंबर है और इसमें शामिल देश पेमेंट करेंसी के रूप में डॉलर के प्रभुत्व को तोड़ने के पक्ष में हैं।

ट्रेनी डॉक्टर से रेप और हत्या

## हाईकोर्ट में ममता सरकार संजय को मिले सजा ए मौत


ट्रेनी डॉक्टर से रेप और हत्या
दोषी संजय को उम्रकैद, परिवार को 17 लाख रुपए का मुआवजा
एजेंसी ▶▶| कोलकाता
पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता स्थित सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में पिछले साल अगस्त में एक महिला चिकित्सक के साथ बलात्कार के बाद उसकी हत्या के मामले में शनिवार को दोषी करार दिए गए संजय रॉय को सियालदह की अदालत ने सोमवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सियालदह की अदालत के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिर्बान दास ने शनिवार को रॉय को पिछले वर्ष नौ अगस्त को अस्पताल में ▶▶|शेष पेज 4 पर
- पिछले साल 9 अगस्त को मिला था शव
ममता ने कहा- फैसले से संतुष्ट नहीं
चिकित्सक जाएंगे हाईकोर्ट

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

कलकत्ता हाईकोर्ट ने सरकारी आर जी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में चिकित्सक से दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले में सियालदह अदालत द्वारा संजय रॉय को मृत्यु तक कारावास (उम्रकैद) की सजा के आदेश के खिलाफ मंगलवार को राज्य सरकार को अपील दायर करने की अनुमति दे दी।

महाधिवक्ता किशोर दत्ता ने न्यायमूर्ति देबांगसु बसाक की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष अपील दायर की। राज्य सरकार ने सियालदह में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिर्बान दास द्वारा सोमवार को पारित आदेश को चुनौती देने के लिए अपील दायर करने की उच्च न्यायालय से अनुमति मांगी। सियालदह अदालत ने रॉय को चिकित्सक के साथ दुष्कर्म करने और उसकी हत्या का दोषी पाए जाने पर आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

### सजा से सहमत नहीं...

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुर्शिदाबाद जिले में मीडिया से बात करते हुए बनर्जी ने कहा, मैं सजा से सहमत नहीं हूं। हम सभी ने मौत की सजा की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामला हमसे जबरन छीन लिया गया। अगर यह (कोलकाता) पुलिस के पास होता, तो हम सुनिश्चित करते कि उसे मौत की सजा मिले।

### सभी सबूतों की बारीकी से जांच की : जज

मामले में दोषी पाए गए संजय रॉय ने जज से पूछा था, मुझे फंसाने वाले अन्य लोगों को क्यों छोड़ा जा रहा है? इसके जवाब में जज अनिर्बान दास ने कहा था, मैंने सभी सुबूतों की बारीकी से जांच की है और गवाहों को सुना है, मुकदमे के दौरान दलीलें भी सुनी हैं। इन सबसे गुजरने के बाद मैंने तुम्हें दोषी पाया है, तुम दोषी हो। तुम्हें सजा मिलनी ही चाहिए।

महामाया पहाड़ के कब्जे पर भूपेश से पूछे सवाल

## ओपी का आरोप, कांग्रेसियों ने रोहिंग्याओं को बसाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

महामाया पहाड़ पर कब्जा को लेकर प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाते हुए सवाल पूछा है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री से उनसे पांच साल के कार्यकाल में किए गए कार्य पर जवाब मांगा और कहा है कि कांग्रेसियों ने रोहिंग्याओं को बसाया है। ▶▶|शेष पेज 2 पर



### हाईकोर्ट से मिला 5 दिन का समय

हाईकोर्ट ने अतिक्रमणकारियों की याचिका पर अपना भूमि अधिकार दिखाने के लिए पांच दिन का समय दिया है। अतिक्रमणकारी वर्षों से ननि को संपत्ति कर एवं जल कर का भुगतान कर रहे हैं। उनके घरों में बिजली की भी सुविधा है जिसका बिल वे ▶▶|शेष पेज 2 पर

गर्दन और हाथ पर लगी थी चोट

## सैफ अली हमले के पांच दिन बाद अस्पताल से लौटे घर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अभिनेता सैफ अली खान को लीलावती अस्पताल से छुट्टी मिल गई। पांच दिनों बाद सैफ अली खान अपने घर पहुंच गए। वीडियो में एक बार फिर उनकी जीवटता साफ देखने को मिली। गर्दन और हाथ पर पट्टी होने के बावजूद मुस्कुराते चेहरे और रियल हीरो वाली बॉडी लैंग्वेज के साथ उन्होंने मीडियाकर्मी को देखकर थंब्स अप भी किया।



### घटना का नाट्य रूपांतरण

अधिकारियों ने कहा कि मुंबई पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किए गए आरोपी के साथ अपराध स्थल पर घटना का नाट्य रूपांतरण किया। उन्होंने कहा कि 20 अधिकारियों की एक टीम सुबह करीब 5.30 बजे चार वाहनों में सतगुरु शरण भवन पहुंची और एक घंटे तक परिसर में रही।

थाने के सामने दी जान से मारने की धमकी

## तीन बार तलाक बोलकर पत्नी को घर से भगाया, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

तीन बार तलाक बोलकर पत्नी को घर से भगाने व थाने के सामने जान से मारने की धमकी देने वाले पति के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। महिला थाना के एसआई हेमंत सिंह ने बताया कि देवरीखुर्द में रहने वाली एक महिला की शादी जुलाई 2024 में कोरबा दीपका निवासी अब्दुल रहमान से हुई थी। उनके माता पिता के हैसियत के अनुसार दहेज में सामान दिया था। शादी के बाद ससुराल गई तो उन्हें पता चला कि उनका पति अब्दुल रहमान ▶▶|शेष पेज 2 पर

### तीन दिन पहले भी एक और केस

18 जनवरी को पुलिस ने एक युवती की रिपोर्ट पर व्हाट्सएप में तीन बार तलाक लिखकर मैसेज भेजने पर ईदगाह चौक निवासी पति फहद अंसारी, ससुर काजी मोबुल्लुद्दीन अंसारी, सास रेहाना अंसारी, ननंद फरीन अंसारी, नंदोई काजी शरीफ के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है।

संगम में की पूजा-अर्चना, कहा- मां गंगा का लिया आशीर्वाद

# महाकुंभ में अदाणी ने खुद बनाया प्रसाद फिर परोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

उद्योगपति और अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी मंगलवार को परिवार के साथ महाकुंभ पहुंचे। यहां इस्कॉन के भंडारे में गए खुद प्रसाद बनाया। इसके बाद लोगों को भंडारे का प्रसाद बांटा। भंडारे में ही अदाणी ने भोजन भी किया। इससे पहले उन्होंने गंगा स्नान किया और मां गंगा की आरती उतारी। उन्होंने बड़े हनुमान जी की पूजा भी की। अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने मंगलवार को कहा कि उनका समूह उत्तर प्रदेश में अधिक से अधिक निवेश के लिए प्रतिबद्ध है। अपनी पत्नी प्रीति अदाणी के साथ महाकुंभ में आए अदाणी ▶▶|शेष पेज 2 पर

### पत्नी के साथ किया गंगा स्नान

गौतम अदाणी ने अपनी पत्नी और अदाणी फाउंडेशन की चेयरपर्सन प्रीति अदाणी के साथ गंगा में स्नान किया और पूजा अर्चना की। वे गंगा तट पर स्थित शंकर विमानमंडपम मंदिर भी गए। उल्लेखनीय है कि अदाणी समूह ने महाकुंभ मेले में प्रसाद वितरण के लिए इस्कॉन के साथ गठबंधन कर रखा है और गौतम अदाणी प्रसाद वितरण सेवा में शामिल होने के लिए प्रयागराज आए थे।



### अदाणी ग्रुप की 'महाप्रसाद सेवा'

बता दें कि अदाणी समूह इस साल इस्कॉन और गीता प्रेस के साथ मिलकर महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा में लगा हुआ है। इस्कॉन के साथ मिलकर अदाणी समूह प्रतिदिन एक लाख श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण कर रहा है। परिसर में 'अदाणी महाप्रसाद' का आयोजन किया जा रहा है, जहां हजारों भक्तों की भीड़ लगी हुई है।

### अदाणी बोले- जो अनुभव हुआ, वो अद्भुत

संगम में पूजा करने के बाद मीडिया से बात करते हुए गौतम अदाणी ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में मुझे जो अनुभव हुआ, वो अद्भुत है। मैं देशवासियों की तरफ से प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देना चाहता हूं। यहां जो प्रबंधन है- वो प्रबंधन संस्थानों के लिए शोध का विषय है। मेरे लिए मां गंगा के आशीर्वाद से बढ़कर कुछ नहीं है। अदाणी ने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश में अवसर बहुत ज्यादा हैं, राज्य के विकास में अदाणी ग्रुप का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा।

## जैकेट के शेष

### चुनाव लड़ने वालों ....

जिला निर्वाचन अधिकारियों से कहा है कि इस प्रावधान का ध्यान रखा जाए। राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को नगर पालिका और पंचायतों के चुनाव के संबंध में जारी निर्देश में कहा निर्वाचन के संचालन की सभी कार्यवाहियां छत्तीसगढ़ नगर पालिका निर्वाचन अधिनियम और छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम तथा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा समय पर प्रसारित आदेश तथा निर्देश के अनुसार होगी। लेकिन इन दो प्रावधानों का भी ध्यान रखा जाए। ये दोनों प्रावधान अभ्यर्थियों के शपथपत्र के साथ दी जाने वाली जानकारी है। ये है प्रावधान नगरीय निकायों के मेयर, अध्यक्ष, पार्षद पद के अभ्यर्थी को अपने नामांकन पत्र के साथ छत्तीसगढ़ नगर पालिका निर्वाचन नियम 25 क में दिए गए विहित प्ररूप में शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। जिसमें अभ्यर्थी की आपराधिक पृष्ठभूमि, संपत्ति एवं दायित्वों के साथ शैक्षणिक योग्यता की जानकारी देनी होगी। यह प्रक्रिया पंचायतों के चुनाव में छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वातन अधिनियम 31 क के तहत जिला पंचायत सदस्य, जन पंचायत सदस्य, एवं सरपंच पद के अभ्यर्थी को भी देनी होगी।

**इन निकायों-पंचायतों की अधिसूचना जारी नहीं होगी :** निर्वाचन आयोग ने ये भी कहा है कि ऐसे नगर पालिकाओं-पंचायतों के निर्वाचन की सूचना प्रकाशित न की जाए जिनके निर्वाचन की कार्यवाही किसी न्यायालयीन आदेश के अंतर्गत स्थगित हो या जिनके निर्वाचन न कराए जाने के संबंध में आयोग द्वारा अलग से कोई आदेश जारी किया गया हो।

### निकाय चुनाव में ....

होने तक आदर्श आचार संहिता लागू रहेगी।

### उप राष्ट्रपति ने ....

पर अपनी बात रखी। समारोह में उन्होंने कहा कि छात्र भाग्यशाली हैं कि उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है। पिछले 10 वर्षों में लोगों ने प्रगति का परीक्षण किया है। लोग कहते हैं सरकार से हमारी उम्मीदें सच साबित हुईं। दुनिया में किसी भी देश ने इतनी तेजी से प्रगति नहीं की है जितनी भारत ने की है। मुझे जुडीशियल काम छोड़कर युवा पीढ़ी से संवाद का मौका मिला

उन्होंने कहा, विकसित भारत अब हमारा सपना नहीं, हकीकत है। विकसित भारत हमारी मंजिल है। इस मौके पर उपराष्ट्रपति संसद में व्यवधान, ध्रुवीकरण और राजनीतिक विभाजन पर बात की। उपराष्ट्रपति ने कहा कि इस देश में विकास भेदभावपूर्ण नहीं है, यह सभी के लिए है। हमारे देश के लिए जनसांख्यिकीय व्यवधान के रूप में खतरे उभर रहे हैं। उपराष्ट्रपति ने प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने की भी बात कही। देश में अवैध प्रवासियों का कोई औचित्य नहीं है

**एसईसीएल गर्ल्स हॉस्टल का किया शिलान्यास :** कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति ने नए पीढ़ी के यंग लीडर्स को मार्गदर्शन करने के लिए एनआईटी, आईआईटी और आईआईएम के छात्रों के साथ चर्चा की। छात्रों के सवालों पर उपराष्ट्रपति ने विस्तार से जवाब दिया। उपराष्ट्रपति ने समृद्ध भारत को आकार देने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिएए प्रेरित किया। इस दौरान एसईसीएल गर्ल्स हॉस्टल का प्रतीकात्मक शिलान्यास किया। 500 बिस्तरों का यह छात्रवास बनाना का उद्देश्य छात्राओं के लिए अधिक समावेशी शैक्षिक वातावरण बना है।

**हमारे लिए राष्ट्र धर्म सर्वोपरि है :** युवाओं से चर्चा में उपराष्ट्रपति ने विभिन्न विषयों पर अपनी बात रखी। श्री धनखड़ ने यूसीसी पर कहा कि उत्तराखंड ने इसे लागू कर दिया है। राष्ट्र धर्म हमारे लिए सदैव सर्वोपरि रहेगा। पर्यावरण पर कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान ने पर्यावरण में संरक्षण में योगदान दिया। हम सभी को संविधान में मौलिक कर्तव्यों का पालन करने करना चाहिए। मैं सभी से विकसित भारत निर्माण का संकल्प लेने का आग्रह करता हूं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत और विकसित राष्ट्र की कुंजी युवा हैं।

### लखमा चार फरवरी ....

को 15 जनवरी को शराब घोटाला मामले में कमीशन लेने के आरोप में गिरफ्तार किया था। इसके बाद कोर्ट में पेश कर उन्हें 7 दिन के लिए रिमांड पर लिया गया था। रिमांड की अवधि खत्म होने पर ईडी ने मंगलवार को दोबारा कोर्ट में पेश किया। इस पर सुनवाई करने के बाद उन्हें 14 दिनों के लिए न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

**लखमा पर हर महीने 2 करोड़ रुपए कमीशन मिलने का आरोप :** ईडी की जांच में कवासी लखमा पर शराब घोटाला मामले में हर महीने 2 करोड़ रुपए मिलने का आरोप है। इस तरह 36 महीनों में कवासी लखमा को 72 करोड़ रुपए मिले हैं। ये राशि उनके बेटे हरीश कवासी के घर के निर्माण कांग्रेस भवन सुकमा के निर्माण में लगी है। ईडी की जांच में यह भी बताया गया है कि प्रदेश में शराब घोटाले में सरकारी खजाने को भारी नुकसान हुआ है। ईडी का यह भी आरोप है कि शराब घोटाला में सिंडिकेटों ने 2100 करोड़ से अधिक की अवैध कमाई की है। ईडी की जांच में यह भी आरोप लगाया जा रहा है कि शराब घोटाले की पूरी जानकारी लखमा को थी और कहीं न कहीं उनके निर्देश पर भी सिंडिकेट काम करता था।

**अब पैसा पहुंचाने वालों पर कसेगा शिकंजा :** ईडी इस घोटाला मामले में अब कवासी लखमा को पैसा पहुंचाने वालों पर शिकंजा कसेगी। ईडी ने देर रात तक लखमा को रिमांड पर लेकर पूछताछ की है। छापेमारी के दौरान बैंक डिटेल की गहन जांच के बाद मनी ट्रेल का भी पता चला। इसके अलावा ईडी ने लखमा के वित्तीय लेनदेन की भी जांच की है। ईडी अब इस लेनदेन से जुड़े अन्य लोगों से भी पूछताछ करेगी। इसके जल्द ही कई लोगों को ईडी कार्यालय बुलाकर या हिरासत में लेकर पूछताछ कर सकती है।

### लखमा ने कहा-मेरे ....

पहुंचने से पहले ईडी आ गई। उन्होंने कहा कि सरकार उन्हें परेशान कर रही है, और आदिवासियों की आवाज बंद कर रही है। उन्होंने कहा कि अंतिम सांस तक मेरी लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि जेल में रहकर भी वे जनता की आवाज उठाएंगे।

### आचार संहिता लागू ....

रोककर जांच करने पर पुलिस हैरान रह गई। कार में पांच-पांच सौ रुपए के नोटों के बंडल मिले। कार चालक इतनी रकम को लेकर कहां जा रहा था, इसे लेकर कोई पुख्ता जानकारी पुलिस को नहीं मिल पाई है। लिहाजा दुर्ग पुलिस ने जांच के लिए रकम समेत मामले को आयकर विभाग के हवाले कर दिया है। कार राजनांदगांव निवासी कारोबारी चंद्रेश राठौर की है।

## पेज एक के शेष

### नकली के संदेह में...

आरोपों से घिर गई है। भाठागांव बस स्टैण्ड में छापेमारी में सफलता मिलने के बाद दूसरी टीम ने रेलवे स्टेशन में जाकर पार्सल गोदाम से 39 पेटी पनीर जब्त किया था। इस कार्रवाई के दौरान एक एफएसओ दूसरे मामले में लेनदेन के आरोप से घिर गया था। इसी बीच पनीर मंगाने वाले ठेकेदार के कथित एजेंट सौरभ शर्मा ने अफसरों को झांसा दिया कि खुले में रखने से पनीर खराब हो सकता है, इसलिए उसे बस स्टैण्ड के समीप कोल्ड स्टोरेज में रख दिया जाए और जांच टीम वहीं से सैंपल उठा ले। विभागीय अधिकारियों ने लापरवाही बरती और कस्टडी में लिए पनीर को कथित एजेंट को सौंप दिया। पनीर रखी गाड़ी कथित कोल्ड स्टोरेज पहुंची ही नहीं, जिसके बाद विभागीय अफसरों के पैरों तले जमीन खिसक गई। मामले को दबाने का पूरा प्रयास किया गया, मगर सफलता नहीं मिली। मामला छुपाने और खुलासे के बाद अफसरों की चुप्पी पनीर चोरी के खेल में विभागीय मिलीभगत की ओर इशारा कर रही है। एजेंट सौरभ शर्मा की तलाश के लिए कोतवाली में शिकायत की गई है।

### ट्रंप के फैसले से...

स्वास्थ्य संगठन इस घोषणा पर खेद व्यक्त करता है कि अमेरिका संगठन से हटना चाहता है। हमें उम्मीद है कि अमेरिका इस पर पुनर्विचार करेगा और हम पूरी दुनिया में लाखों लोगों की सेहत और भलाई के लिए अमेरिका तथा डब्ल्यूएचओ के बीच साझेदारी बनाए रखने के वास्ते रचनात्मक बातचीत में संलग्न होने के लिए तत्पर हैं।''

### ओपी का आरोप, कांग्रेसियों .....

दूसरी ओर सोमवार को भारी गहमागहमी एवं विरोध के बीच वन, राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने वहां निवासरत लोगों के विरुद्ध बेदखली की कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान 33 घरों को जेसीबी की मदद से ढहा दिया गया। दोपहर बाद हाईकोर्ट का निर्देश मिलने पर टीम ने कार्रवाई को रोक दिया। महामाया पहाड़ पर अतिक्रमण को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर सवाल दागे। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा कि अंबिकापुर के महामाया पहाड़ पर चला बुलडोजर, हमारे माथे अर्थात सरगुजा के संभाग मुख्यालय अंबिकापुर के महामाया पहाड़ के सीने में बेखौफ अतिक्रमण हो रहा। महामाया पहाड़ सिसकता रहा। दुर्भाग्य कि सब कुछ बदस्तूर जारी रहा। कल सुबह महामाया पहाड़ की सिसकती आवाज को सुनकर प्रशासन ने बुलडोजर चलाया। श्री चौधरी ने आगे लिखा है कि क्या भूपेश बघेल अपने पांच वर्षों के कार्यकाल का जवाब देंगे। ज्ञात हो कि महामाया पहाड़ को कब्जा मुक्त कराने का अभियान वर्ष 2017 से ही चल रहा है लेकिन राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव में अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं हो रही थी। वनमंत्री केदार कश्यप, वित्त मंत्री ओपी चौधरी एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के सख्त निर्देश के बाद विभाग ने पहली बार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।

### हाईकोर्ट से मिला .....

नियमित भुगतान कर रहे हैं। हाईकोर्ट के निर्देश पर अतिक्रमणकारियों को प्रशासन की कार्रवाई से राहत मिल पाएगी, इसकी संभावना नहीं है।

### तीन बार तलाक ....

कोई काम नहीं करता था। ससुराल वालों ने दहेज के सामान को घटिया बताते हुए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। उसके बाद उनके चरित्र पर लांछन लगाते हुए परिवार वालों के बीच बदनाम करने लगे। इसके अलावा ट्रक का किश्त जमा करने उन्हें मायके से पैसा लाने के लिए दबाव बनाने लगे। शादी के बाद सास, ननद ने उनके जेवर अपने पास रख लिए थे। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की जाती थी। जानकारी होने पर उनके पिता कोरबा गए तो ससुराल वालों ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। रात को ही पति ने तीन बार तलाक बोलकर घर से निकाल दिया। महिला ने घटना की शिकायत महिला थाना में की।

### महाकुंभ में अदाणी ने...

ने कहा, उत्तर प्रदेश में भारी अवसर मौजूद हैं और प्रदेश सरकार विकास को लेकर जिस दिशा में काम कर रही है, उसमें अदाणी समूह का निरंतर योगदान रहेगा।

# प्रवासी भारतीयों को संसद में प्रतिनिधित्व देने की उठी मांग, बिल की तैयारी में विदेश मंत्रालय!

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

दुनिया के बाकी देशों की तर्ज पर अब भारत में भी प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) को संसद में प्रतिनिधित्व देने की मांग उठी है। जिसके जवाब में विदेश मंत्रालय का कहना है कि अप्रवासन के मामले पर मंत्रालय में एक बिल की तैयारी में चर्चा जारी है। दरअसल मंगलवार को शशि थरूर की अध्यक्षता में मंत्रालय की विदेश मामलों की संसदीय समिति की एक बैठक हुई। जिसमें कांग्रेस



सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने प्रवासियों की बढ़ती संख्या और डायसपोरा से जुड़े हुए मामलों को देखते हुए एनआरआई को संसद में प्रतिनिधित्व देने का सुझाव दिया। सूत्रों ने बताया कि हुड्डा ने अपने सुझाव के पीछे यह तर्क दिया कि एनआरआई को संसद में प्रतिनिधित्व देने से उनसे जुड़े मामलों पर बेहतर ढंग से विचार किया जा सकेगा। उन्होंने इटली का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने विदेशों में रहने वाले अपने नागरिकों को विधानमंडल में आरक्षण दिया है। बैठक में मामले पर राज्य सरकारों से विमर्श करने का सुझाव भी दिया गया। इसके अलावा प्रवासियों से संबंधित कई अन्य मामले समिति की चर्चा में शामिल हुए।

#### समिति ने कई संगठनों से की चर्चा

*बैठक के बाद शशि थरूर ने कहा कि प्रवासियों को लेकर व्यापक रूप से काम कर रहे चार संगठनों के साथ समिति ने विचार-विमर्श किया, समिति के सदस्य सांसदों ने बातचीत में पूर्ण सहभागिता की। कई प्रश्न-उत्तर के साथ जीवंत संवाद हुआ। संगठनों ने बैठक के दौरान कई अच्छे सुझाव दिए। जिसमें केरल के एक संगठन ने कहा कि भारतीय संगठन लोगों को विदेशी जरूरतों को लेकर कौशल प्रदान कर सकता है। यह कुशल कर्मियों के अप्रवासन को सुचारू करेगा और अवांछनीय गतिविधियों पर रोक लगेगी। इसमें लोगों के अवैध रूप से विदेशों में बसने पर भी रोक लगेगी।*

#### 1 लाख से अधिक पंजीकृत प्रवासी मतदाता

चुनाव आयोग के वर्ष 2024 के आंकड़ों के अनुसार देश में कुल पंजीकृत विदेशी मतदाताओं की संख्या 1 लाख 19 हजार 374 थी। इनमें केरल में सबसे ज्यादा 89 हजार 839 विदेशी मतदाता पंजीकृत हुए थे। जबकि 2019 के लोकसभा चुनाव में पंजीकृत मतदाताओं की संख्या 99 हजार 844 थी। इसके अलावा मतदान के दौरान प्रवासी भारतीय मतदाताओं की रुचि वोट डालने में बेहद कम नजर आती है। पिछले साल हुए लोकसभा चुनाव में 1 लाख 19 हजार 374 में से केवल 2 हजार 958 मतदाता ही मतदान करने के लिए भारत आए थे। इनमें से 2 हजार 670 अकेले केरल से थे। जबकि कर्नाटक, उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु जैसे कई राज्यों में विदेश मतदाताओं का मतदान में कोई योगदान नहीं देखा गया। महाराष्ट्र में 5 हजार 97 प्रवासी मतदाताओं में से 97 ही चुनाव में अपना वोट डालने के लिए स्वदेश पहुंचे।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संगठन और उद्योग जगत को दी बधाई

## डीआरडीओ ने किया स्क्रैमजेट इंजन का सफल ग्राउंड परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

अगली पीढ़ी के हाइपरसोनिक मिशन को विकसित करने के मामले में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) को एक अहम सफलता हाथ लगी है। जिसमें संगठन की हैदराबाद स्थित प्रयोगशाला डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन (डीआरडीएल) ने लंबी अवधि की सुपरसोनिक दहन रैमजेट या स्क्रैमजेट इंजन का पहली बार 120 सेकंड में ग्राउंड परीक्षण किया है।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और डीआरडीओ अध्यक्ष डॉ.समीर.वी.कामत ने संगठन और उद्योग को इस कामयाबी के लिए बधाई दी। राजनाथ सिंह ने कहा कि संगठन की यह सफलता अगली पीढ़ी के हाइपरसोनिक मिशनों के विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। जबकि डीआरडीओ अध्यक्ष ने स्थिर दहन, उन्नत प्रदर्शन और उन्नत थर्मल प्रबंधन परीक्षण में क्षमताओं का प्रदर्शन करने के लिए प्रयोगशाला की टीम और उद्योग को बधाई दी। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी।

**प्रदर्शित हुई इंजन की रणनीतिक क्षमता :** इस परीक्षण के जरिए डीआरडीओ ने हाइपरसोनिक वाहनों में इस इंजन के रणनीतिक इस्तेमाल को लेकर क्षमता प्रदर्शित की है। हाइपरसोनिक मिसाइलें एक प्रकार का वह उन्नत हथियार हैं। जो ध्वनि की गति से पांच गुना अधिक तेजी से या 5 हजार 400 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलती हैं। इन मिसाइलों में मौजूदा वायु रक्षा प्रणालियों को दरकिनार करते हुए बेहद तेज गति के साथ उच्च-प्रभाव वाले हमले करने की क्षमता है।

## सेना के लिए की जाएगी 47 टी-72 ब्रिज लेइंग टैंकों की खरीद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

- रक्षा मंत्रालय और हैवी व्हीकल फैक्ट्री के बीच 1 हजार 561 करोड़ का समझौता

रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को भारतीय सेना के लिए 47 ब्रिज लेइंग टैंकों (बीएलटी) की खरीद के लिए हैवी व्हीकल फैक्ट्री के साथ 1 हजार 560.52 करोड़ रुपए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह सिस्टम एक महत्वपूर्ण उपकरण है, जिसका प्रयोग यांत्रिक बल द्वारा आक्रामक और रक्षात्मक दोनों तरह के अभियानों के दौरान पुलों का निर्माण करने के लिए किया जाता है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस समझौते पर मंत्रालय और हैवी व्हीकल फैक्ट्री के वरिष्ठ अधिकारियों ने हस्ताक्षर किए। उस दौरान रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।


**आम सूचना**

ग्राम झीट प.ह.न. 00017, रा.नि.म. भिलाई स्थित भूमि के संबंध में।

सर्व साधारण को इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण- श्री संतराम एवं श्री महेश दोनो पिता श्री लक्ष्मीनाथ मरार दोनो निवासी, ग्राम झीट, पाटन, दुर्ग छ.ग. के पृथक पृथक स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि जो ग्राम झीट प.ह.नं. 00017. रा.नि.म. भिलाई, तहसील पाटन व जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित है जिसका क्रमशः ख.न. 525/4. 525/3 क्रमशः रकबा 0.0200 हे., 0.0200 हे. कुल खसरा दो कुल रकबा 0.0400 हेक्टेयर है को खरीदने का करार कर विक्रेतागण को अग्रिम राशि प्रदान किया है। अब तय शर्तों के अनुसार उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का निष्पादन/पंजीयन कराया जाना शेष है।

अतः उक्त संपत्ति के स्वत्व, आधिपत्य एवं अंतरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति, सरकारी व गैर सरकारी संस्था, साहूकार, बैंक, निगम आदि किसी को भी यदि कोई आपत्ति, उजर, दावा आदि हो तो इस सूचना प्रकाशन से 07 दिनों के अंदर मय सुसंगत दस्तावेजो के नीचे लिखे पते पर मेरे समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा निर्धारित अवधि के पश्चात मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का निष्पादन पंजीयन अपने पक्ष में करवा लेगा। निर्धारित अवधि के पश्चात की गयी आपत्ति शून्य व नाजायज समझी जावेगी एवं मेरे पक्षकार पर बधंनकारी नही होगी। अतः सूचना जाने

रायपुर छ.ग. भवदीय
दिनांक निखलेश राठौर (अधिवक्ता)
म.न. डी-40 समता कालोनी
मोबा. न. 98271-75722

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता (संचा./संधा.) संभाग**
**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड बलौदाबाजार**

क्रमांक/का.अ./ब.बा./सामा./5455 बलौदाबाजार दिनांक 21/01/2025

**// बिजली बंद की सूचना //**

समस्त सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि विद्युत लाइनों एवं उपकरणों के आवश्यक सुधार एवं रखरखाव कार्य हेतु नीचे लिखे विवरणानुसार **सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद** रहेगी। सम्मानीय उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

| क्र. | दिनांक | उपकेन्द्र का नाम | 33 एवं 11 के.व्ही. फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 22.01.2025 | 33/11 के.व्ही. बलौदाबाजार | 11 के.व्ही. अर्जुनी | मंगलम कालोनी, छुईया (रैयतवारी), छुईया (मालगुजारी), भरसेली, कुकुरदी |
| | | | 11 के.व्ही. डमरू | लटुवा, मोहतरा, केशडबरी, शुक्लाभाटा, सोनपुरी, भरसेला, झोंका |

(ए.के.ठाकुर)
कार्यपालन यंत्री (संचा./संधा.) संभाग
छ.स्टेट.पॉ.डि.कं.लि. बलौदा बाजार

**छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक**
क्षेत्रीय कार्यालय : जी.ई. रोड, मुंदड़ा कुंज के पास, राजनांदगांव (छ.ग.)
Mob: 6232032295, 6232032291, Tollfree: 1800-233-2300, Pin 491441,
Email: adm.ro.raj@cgbank.in, Web: www.cgbank.in

**नियम – 8 (1) कब्ज़ा नोटिस (अचल सम्पति)**

जबकि (Whereas) वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत एवं धारा 13(2) सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के निम्न अधोहस्ताक्षरकर्ता प्राधिकृत अधिकारी ने मांग सूचना पत्र जारी किया था, जिसमे निम्नलिखित उधार लेने वालो को उल्लेखित राशि ब्याज सहित नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर भुगतान करने के लिए कहा गया था।

| क्रमांक | ऋणी का नाम एवं शाखा का नाम | अचल संपत्ति का विवरण | मांग सूचना एवं राशि (रु. में) | आधिपत्य की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमति – पूर्णिमा यदुवंशी पति जितेन्द्र यादव एवं श्री- जितेन्द्र यदुवंशी पिता गणेशराम निवासी- प्लाट न. L-16 ,L-17,L-18 , श्रीराम पुरम कॉलोनी, फरहद, राजनांदगांव शाखा –कृषि उपज मंडी, जिला – राजनांदगांव | खसरा क्र.- 42/13/क/130, प्लाट न. L-16,L-17 & L-18, श्रीरामपुरम कॉलोनी, फरहद ,जिला – राजनादगांव, छत्तीसगढ़, Total Area – Total Area – 0.0166 hect (1792.83 Sq. Ft.), Covered Under Doc No- Doc No. - Doc.No.- 3997, BOOK NO -1, VOL NO 13157,PAGE NO- 21 TO 41 , Dated – 24.02.2021, चौहद्दीःउत्तर- रोड, दक्षिण- प्लाट क्र. L-7,L-8,L-9, पूर्व- रोड , पश्चिम- प्लाट क्र. L-15 | 14/11/2024 3313679/- + 1022264/- + ब्याज + अन्य खर्च | 16/01/2025 |

उपरोक्तानुसार उल्लिखित ऋणी द्वारा राशि भुगतान करने में असफल हो जाने पर ऋणी को और आम जनता को एतत द्वारा नोटिस दिया जाता हैं कि उपरोक्त कथित एक्ट की धारा 13(4) के तहत उक्त पठित नियम हस्ताक्षरकर्ता ने उपरोक्तानुसार वर्णित सम्पति को आधिपत्य की तिथि को अपने कब्जे में ले लिया हैं। ऋणी को विशेष रूप से एवं आम जनता को एतत द्वारा सावधान किया जाता हैं कि उक्त संपत्ति के बाबत किये गए कोई भी व्यवहार पर छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के उपरोक्त राशि एवं उस पर ब्याज के अधीन भार(CHARGE) होगा।

दिनांक : 21/01/2025
स्थान : राजनांदगांव (छ.ग.)

प्राधिकृत अधिकारी,
छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक
कृषि उपज मंडी, (बसंतपुर) राजनांदगांव


## राशिफल

**मेष** — वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मिथुन** — माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, आय में वृद्धि होगी।

**कर्क** — आत्मवशिवास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उच्च शिक्षा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।

**कन्या** — स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मवशिवास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा।पारिवारिक जम्मिेदारियां बढ़ सकती हैं।

**तुला** — वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि की ओर रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।

**धनु** — कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, संतान को कष्ट रहेगा। आत्मवशिवास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रूझान बढ़ेगा।

**मकर** — कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रूझान रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कुंभ** — कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। बातचीत में संयत रहें, वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मत्रि के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा।

# सात महीने पहले अवैध रूप से भारत में घुसा था सैफ का हमलावर

एजेंसी ▸▸ मुंबई

- सैफ के हमलावर ने पुलिस को बताई पूरी कहानी

बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान से जुड़े मामले में नया अपडेट सामने आया है। एजेंसी के मुताबिक, पुलिस ने बताया कि सैफ पर चाकू से हमला करने वाला आरोपी बांग्लादेश का रहने वाला है और सात महीने पहले अवैध रूप से देश के अंदर घुसा था। मुंबई आने से पहले उसने सिम खरीदने के लिए पश्चिम बंगाल निवासी के आधार कार्ड का इस्तेमाल किया था। पुलिस ने रविवार को सैफ के बांद्रा स्थित आवास पर चाकू से हमला करने के मामले में ठाणे शहर से आरोपी शरीफुल इस्लाम शहजाद मोहम्मद रोहिल्ला अमीन फकीर (30) को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, शरीफुल ने अपना नाम बदलकर विजय दास रख लिया था और सात महीने पहले अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के लिए दावकी नदी पार की थी।

**दूसरे के आधार पर खरीदा सिम :** पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी कुछ दिनों तक पश्चिम बंगाल में रुका और एक लोकल नागरिक के आधार कार्ड के जरिए सिम कार्ड खरीदा। इसके बाद वह जॉब की खोज में मुंबई के लिए रवाना हुआ।


**पूर्व तट रेलवे**
**शुद्धिपत्र सं-1**
निविदा सूचना सं. ETCECONIIVSKP2024055, दिनांक : 18.12.2024


यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त निविदा में निम्नलिखित संशोधन किए गए हैं:

| विवरण | प्रकाशित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|
| निविदा बंद होने की तिथि व समय : | 21.01.2025, 1200 बजे। | 05.02.2024, 1200 बजे। |

विवरण के लिए इच्छुक निविदाकर्ता(ओं) को सलाह दी जाती है कि वे वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) भुवनेश्वर
PR-127/CH/24-25


## शब्द पहेली - 5755



**बाएँ से दाएँ**
1.होठ,अधर-2
3.बड़ी सवारी गाड़ी-2
5.डोर-2
7.हरे रंग का-2
9.शक,संदेह-3
11.विस्फोटक -2
13.बड़ी नाली-2
15.नमस्कार,नमस्ते-3
17.प्राण-2
19.लक्ष्मी,कमला-2
22.बल,दम-3
24.ठाठ-बाट-2
26.पिता-2
28.कसर-2
30.कुमारी,तरुणी-3
32.जी,चित-2
34.नाखून-2
36.पढ़ने वाला-3
38.उद्देश्य-2
41.मोटा आटा-2
43.नामित-3
45.नर का विलोम-2
47.उर्वरक-2
49.भीगा हुआ-2
51.गिरवी वस्तु-3
53.मनमौजी-2
55.सम्मान-2
57.ले जाने वाला-3
60.आनंद,मजा-2
62.दोस्त,सखा-2
64.निर्माण-3
66.सदैव,हमेशा-2
67.नेत्र,नयन-2
68.आकाश,गगन-2
69.लाख,गोंद-2


**ऊपर से नीचे**
1.प्यार (अंग्रेजी-2)
2.भगिनी,दीदी-3
4.सभी-2
6.गीत गायन-2
8.मार्ग,रास्ता-2
10.मां का दुलार-3
12.आनंद,रस-2
14.थूक,लेस-2
16.अनुकृति-3
18.सरुर,खुमार-2
20.मां,मदर-2
21.घ्राणेंद्रिय-2
23.चरण तल-3
25.भीगा हुआ-2
27.देह,काया-2
29.मछली-2
31.नृत्य करना-3
33.टौंटी,नलका-2
35.गधा,गर्दभ-2
37.कटि-3
39.माफी-2
40.दोस्त,मित्र-2
42.वायु,गैस-2
44.कॉफी-3
46.मूल्य-2
48.जोर,बल-2
50.लक्ष्मी-2
52.जलमार्ग-3
54.स्थिति-2
56.नवीन-2
58.कूड़ा-3
59.नौकर-2
61.सत्य-2
63.दौड़ना-2
65.गर्भनाड़ी-2

**शब्द पहेली- 5754 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5766

कठिनतम



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु नवताल - 5765 का हल**






Reliance
Growth is Life
SMART BAZAAR
MEHENGAI KA METER
LOW
HIGH
महंगाई का मीटर होगा फेल, आ गया
फुल पैसा वसूल सेल
22nd - 26th JAN
भारत चना दाल 1 kg / चावल 10 kg
₹34 /kg
nafed
भारत चावल
BHARAT RICE
BHARAT DAL
Chana Dal
स्मार्ट कीमत ₹70/ ₹340
एमआरपी ₹70 / ₹340
गुड लाइफ बादाम / काजू (W320) 500 g
स्मार्ट कीमत ₹409/ ₹449
एमआरपी ₹620 / ₹725
बचाइए ₹211 / ₹276
बिस्किट लार्ज पैक / रस्क 230 g या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹120 या उससे अधिक / यूनिट
BUY ANY 2 GET ANY 1 FREE
चॉकलेट होम पैक (कैडबरी पर्क / डेयरी मिल्क / जेम्स / 5 स्टार / नेस्ले किटकैट / मंच) 118 g या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
BUY ANY 2 GET ANY 1 FREE
एमआरपी ₹100 या उससे अधिक / यूनिट
स्प्राइट / कोका-कोला / फैंटा / थम्स अप / माज़ा 600 ml या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
BUY ANY 3 GET ANY 1 FREE
एमआरपी ₹42 या उससे अधिक / यूनिट
रेड लेबल टी 1 kg
बचाइए ₹180
एमआरपी ₹560 या उससे अधिक
स्मार्ट कीमत ₹380 या उससे अधिक
BUY ANY 2 GET ANY 1 FREE
अनपॉलिश्ड दालें संपूर्ण श्रेणी (गुड लाइफ और टाटा)
एमआरपी ₹78 या उससे अधिक / यूनिट
टूथपेस्ट 160 g या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
न्यूनतम 33% छूट
एमआरपी ₹212 या उससे अधिक
फ्लैट 33% छूट
डिटर्जेंट पाउडर 5 kg या उससे अधिक / लिक्विड 4 L या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹565 या उससे अधिक
स्मार्ट कीमत ₹379 या उससे अधिक
सोप 125 g या उससे अधिक (मल्टी पैक) (चुनिंदा प्रकार)
न्यूनतम 40% छूट
एमआरपी ₹175 या उससे अधिक
डेयरी, फ्रोज़न और बेकरी (चुनिंदा श्रेणी)
न्यूनतम 26% छूट
एमआरपी ₹15 या उससे अधिक
एमआरपी ₹26000
3 पीस ब्रांडेड हार्ड ट्रॉली सेट
स्मार्ट कीमत ₹4999
शैम्पू 580 ml या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
स्मार्ट कीमत ₹399
एमआरपी ₹850 या उससे अधिक
बचाइए ₹451 या उससे अधिक
ARVIND
Raymond Home
TRIDENT
100% कॉटन डबल बेडशीट सेट पिलो कवर के साथ
एमआरपी ₹2699 या उससे अधिक
स्मार्ट कीमत ₹699
स्मार्ट कीमत ₹1999
SINGER Surya Flame LYF Kelvinator
3 ब्रास बर्नर ग्लासटॉप गैस स्टोव
एमआरपी ₹7560 या उससे अधिक
शर्ट्स, टी-शर्ट्स, जीन्स, ड्रेसेस, कुर्ते और भी बहुत कुछ
BUY 1 GET 1 FREE
₹199 से शुरुआत
रायपुर: अंबुजा सिटी सेंटर मॉल, लोअर ग्राउंड फ्लोर, विधानसभा रोड, मोवा. • मैग्नेटो द मॉल, लोअर ग्राउंड फ्लोर, जीई रोड. • सिटी सेंटर मॉल, लोअर ग्राउंड फ्लोर, पंडरी. • चंद्रा स्कवेयर, विधानसभा रोड, मोवा • कलर्स मॉल, पचपेड़ी नाका. बिलासपुर: सिटी मॉल 36, पहली मंजिल, मुन्हेली रोड, मंगला स्क्वेयर • MMIPL कॉम्पलेक्स, दुबई स्वीट्स के सामने, तारबाहर रोड, टैगोर चौक • रामा मैग्नेटो मॉल, लोअर ग्राउंड फ्लोर, श्रीकांत वर्मा मार्ग, • स्वर्ण प्लाजा, SECL कॉलोनी के पास, राज किशोर नगर, वसंत विहार चौक, सीपत रोड. • रायगढ़: ग्रैंड मॉल, दूसरी मंजिल, गौरी शंकर मंदिर रोड के पास • शाह कॉम्पलेक्स, ट्रैफिक पुलिस ऑफिस के पास, दरोगापारा, गौशाला रोड भिलाई: सूर्या ट्रेजर आइलैंड मॉल, लोअर ग्राउंड फ्लोर, स्मृति नगर कोरबा: द पाम मॉल, लोअर ग्राउंड फ्लोर, टी.पी. नगर जगदलपुर: बिनाका हेरिटेज, बिनाका मॉल के पास, चित्रकूट रोड अम्बिकापुर: चंडीग्राम प्लाज़ा, खारिसा रोड, अग्रसेन स्क्वेयर.
10% INSTANT DISCOUNT# SBI card
#Min. Trxn.: ₹3,000; Max. Discount: ₹500 per Trxn.; Valid only on one Trxn. per credit card; Validity: 22 Jan - 26 Jan 2025. T&C Apply.
ऑफर्स संबंधी अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें
अपना नज़दीकी स्टोर पता करने के लिये स्कैन करें
ऑफ़र यहाँ भी उपलब्ध
SMART SUPERSTORE
SMART BAZAAR

# येसुबाई के लुक में नहीं जमीं...

**मुंबई।** साउथ की सुपरस्टार एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना के करियर का ग्राफ बॉलीवुड में तेजी से बढ़ा है। एनिमल और गुडबाय जैसी फिल्मों के



जरिए रश्मिका ने खुद को साबित किया है और अब उनके पास ऑफर्स की कोई कमी नहीं है। चाहे अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा-2' हो, या फिर 'मिशन मजनू' रश्मिका ने इंडस्ट्री को कई हिट्स दीं। अब वह जल्द ही विकी कौशल की अपकमिंग फिल्म 'छावा' में महारानी येसुबाई का किरदार निभाती नजर आएंगी। लेकिन, दर्शकों ने शिवाजी के किरदार में जहां विकी कौशल को बेशुमार प्यार दिया, वहीं येसुबाई के किरदार में रश्मिका मंदाना को खास तारीफें नहीं मिलीं।

## गीता बाली बहुत कम उम्र में इस दुनिया को कह गईं अलविदा

# 'रंगीन रातें' के सेट पर परवान चढ़ा गीता बाली-शम्मी कपूर का प्यार

*नई दिल्ली। अपने दौर की दिग्गज अदाकारा गीता बाली की 21 जनवरी को पुण्यतिथि थी। अपने कमाल अभिनय और खूबसूरती के बूते उन्होंने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई। मगर, अभिनेत्री बहुत कम उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह गईं। साल 1965 में 21 जनवरी को गीता बाली इस दुनिया को छोड़ गईं। मगर, उनकी फिल्में और जिंदगी के किस्से आज भी हैं। अभिनेत्री ने कपूर खानदान के चिराग शम्मी कपूर से शादी रचाई और कपूर खानदान की बहू बनीं।*



### इस फिल्म के सेट पर पनपी मोहब्बत

1930 में बंटवारे से पूर्व पंजाब में पाकिस्तान के सरगोधा शहर में जन्मीं गीता बाली 'बदनामी', 'बावरे नैन' 'आनंद मठ' और 'जब से तुम्हें देखा है' जैसी फिल्मों में नजर आईं। निजी जिंदगी की बात करें तो गीता बाली की मुलाकात केदार शर्मा की फिल्म 'रंगीन रातें' के सेट पर शम्मी कपूर से हुई। गीता बाली उन दिनों हिंदी सिनेमा में अपने पैर जमा चुकी थीं, जबकि कपूर खानदान से ताल्लुक रखने के बावजूद शम्मी कपूर संघर्ष के दौर से गुजर रहे थे। गीता बाली की सिफारिश पर ही शम्मी कपूर को यह फिल्म मिली थी। यहीं से दोनों की मोहब्बत पनपी।

### प्यार में मिट गया उम्र का बंधन

कहा जाता है कि आउटडोर शूटिंग पर रानीखेत गयी 'रंगीन रातें' की टीम और निर्देशक केदार शर्मा की तीखी नजरों के बीच शुरू हुआ मुलाकातों का सिलसिला टीम की मुंबई वापसी तक पूरा परवान चढ़ चुका था। मुंबई पहुंचने पर दोनों शादी का फैसला कर चुके थे। लेकिन, यह राह इतनी आसान नहीं थी। शम्मी कपूर उम्र में गीता बाली से छोटे थे। मगर, प्यार में उम्र का बंधन मिट चुका था। शम्मी कपूर भले ही गीता बाली के साथ जीने-मरने की कसम खा चुके थे, लेकिन उन्हें भी यह पता था कि परिवार से रजामंदी मिलना आसान नहीं है।

### जॉनी वॉकर ने दिया सुझाव

शम्मी कपूर एक तो गीता बाली से उम्र में छोटे थे, दूसरा उस वक्त तक उनका करियर भी खास परवान न चढ़ा था। इसके अलावा गीता 'बावरे नैन' में शम्मी के बड़े भाई राजकपूर और 'आनंदमठ' में पिता पृथ्वीराज कपूर की हिरोइन भी रह चुकी थीं। शम्मी कपूर एक अजीब उलझन में थे, तब शम्मी कपूर के जिगरी यार जॉनी वॉकर ने उन्हें सलाह दी कि वह भागकर गीता बाली से शादी रचा लें। शम्मी कपूर को जॉनी वॉकर की बात कुछ जम गई। गीता बाली को हालांकि जॉनी वॉकर का यह सुझाव खास पसंद नहीं आया था, लेकिन शम्मी कपूर की जिद के आगे उनकी नहीं चल सकी। बहरहाल, वो तैयार हो गईं।

### आधी रात को पहुंचे मंदिर, लिपस्टिक से मांग भर रचाई शादी

*23 अगस्त 1955 की आधी रात को शम्मी कपूर, जॉनी वॉकर, और हरिवालिया के साथ मुंबई स्थित वानगंगा मंदिर में गीता के साथ विवाह बंधन में बंधने के लिए पहुंच गए। शम्मी कपूर जब मंदिर पहुंचे तो मंदिर के दरवाजे बंद हो चुके थे। इसलिए पुजारी ने उनकी शादी कराने से इंकार कर दिया। शम्मी की जिद और हालात को देखते हुए पुजारी ने उन्हें सुबह आने की सलाह दी और भरोसा दिलाया की मंदिर के कपाट खुलते ही शादी कराई जाएगी। सुबह चार बजे शम्मी मंदिर के सामने हाजिर थे। सभी रस्मों-रिवाज पूरे होने के बाद जब पुजारी ने उन्हें दुल्हन की मांग में सिंदूर भरने को कहा तब उन्हें ध्यान आया कि जल्दबाजी में वह सिंदूर लाना भूल ही गए। तब गीता बाली ने अपनी लिपस्टिक शम्मी के हाथों में थमा दी। इस तरह सिंदूर की जगह लिपस्टिक लगाकर शम्मी कपूर ने गीता को अपना बना लिया। गीता और शम्मी का साथ ज्यादा दिनों तक नहीं रह सका। 1965 में चेचक की बीमारी के चलते गीता बाली का निधन हो गया।*



# वीर ने स्काईफोर्स के लिए ली जान्हवी से सलाह...

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार की अपकमिंग फिल्म 'स्काईफोर्स' में वीर पहाड़िया बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। वीर अपने इंडस्ट्री के दोस्तों और 'करीब परिवार' जान्हवी कपूर से टिप्स लेते रहते हैं। उन्होंने इस बारे में अब खुलकर बात की है। उभरते हुए अभिनेता ने अपने भाई की गर्लफ्रेंड से टिप्स लेने की बात स्वीकार की और कहा 'मैं उनसे कोई भी सलाह मांगने का मौका नहीं छोड़ता।' उन्होंने कहा, मेरे सभी दोस्त अभिनेता हैं, मैं उनसे कोई भी सलाह लेने का मौका नहीं छोड़ता। और वह काफी अनुभवी हैं। तो हां, मैंने तो कई सारी चीजों को लेकर बात की है।



अपनी आगामी फिल्म 'स्काईफोर्स' को लेकर वीर पहाड़िया ने बात की है। उन्होंने कहा कि फिल्म गुंजन सक्सेना में भी जान्हवी ने एक कारगिल गर्ल का किरदार निभाया है, ठीक वैसे ही आगामी एक्शन फिल्म निभाने जा रहे हैं। इसके लिए उन्होंने जान्हवी कपूर से सलाह ली थी। वीर पहाड़िया कहते हैं, 'मैं फाइटर प्लेन के कॉकपिट में बैठा था, मेरा चेहरा पूरी तरह से कवर था।

# भारत की पहली करोड़पति सिंगर, पर्सनल ट्रेन से करती थीं ट्रैवल, लता-मोहम्मद रफी से भी ज्यादा ली फीस...

*नई दिल्ली। इंडियन सिनेमा में कई दिग्गज सिंगर्स रहे हैं और आज भी टैलेंटेड सिंगर्स का कमाल जारी है। आज सिंगिंग इंडस्ट्री में कई पॉपुलर और अमीर सिंगर्स हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि जब कुछ सौ रुपए भी बहुत बड़ा अमाउंट माना जाता था, उस समय भी एक सिंगर थीं जो सिर्फ अपनी रिकॉर्डिंग्स के जरिए करोड़पति थीं। यहां बात हो रही है भारत की पहली सिंगिंग सुपरस्टार की जिनका नाम है गौहर और इन्हें ग्रामोफोन गर्ल भी कहा जाता है।*

**कौन थीं गौहर :** गौहर का नाम पहले एंजेलिना था और उनके पिता रोबर्ट विलियम थे,जो कि इंजीनियर थे और मां विक्टोरिया। जब गौहर 6 साल की थीं, तब उनके पैरेंट्स का रिश्ता खत्म हो गया था। गौहर की मां ने फिर मुस्लिम शख्स से शादी की जिनका नाम खुरशीद था। विक्टोरिया ने फिर इस्लाम धर्म अपना लिया और उनका नाम मलका जान हो गया और एंजेलिना का गौहर जान। मलका जान पॉपुलर सिंगर बन गई थीं और उन्होंने गौहर को भी सिंगिंग सिखाई। 1888 में गौहर ने अपनी पहली परफॉर्मेंस दी। उन्हें पहली डांसिंग गर्ल भी कहा जाता था।

**सबसे ज्यादा पैसे लेती थीं गौहर :** 90 के दशक के शुरुआत में गौहर भारत की पॉपुलर सिंगर बन गई थीं और उनकी पॉपुलैरिटी को और चार चांद तब लगे जब वह ग्रामोफोन में अपनी आवाज रिकॉर्ड करने लगीं। गौहर एक रिकॉर्डिंग के हजार से 3 हजार लेती थीं जो कि उस समय काफी बड़ा अमाउंट था। वहीं, कई दशकों बाद जब लता मंगेशकर और मोहम्मद रफी पॉपुलर हुए थे, वे हर गाने के 500 रुपए लेते थे।



**लग्जरी लाइफ जीती थीं बिना डर के :** बेंगलोर मिरर की रिपोर्ट के मुताबिक एक टाइम पर गौहर इतनी अमीर हो गई थीं कि वह घोड़े की बग्गी में शहर घूमती थीं जो कि भारत में उस समय काफी लग्जरी माना जाता था। वह भले ही 1000 रुपए फाइन देती थीं सरकार के रूल तोड़ने पर, लेकिन कभी अपनी शाम की राइड नहीं मिस करती थीं। बंगाल में उनके एक संरक्षक ने तो उन्हें एक प्राइवेट ट्रेन भी उपहार में दी थी, जिसका इस्तेमाल वह पूरे भारत में ट्रैवल करने के लिए करती थीं। 1911 में उन्हें दिल्ली दरबार में किंग जॉर्ज पंचम के राज्याभिषेक में परफॉर्म के लिए आमंत्रित किया गया था, यह सम्मान केवल एक अन्य गायिका इलाहाबाद की जानकीबाई को दिया गया था। इस समय कई रिपोर्ट्स में उन्हें करोड़पति कहा गया है।

**आखिरी दिन :** अपने आखिरी दिनों में गौहर मैसूर शिफ्ट हो गई थीं। वह डिप्रेशन का शिकार हो गई थीं। 56 की उम्र में उन्होंने 1930 में इस दुनिया को अलविदा कह दिया था। उस वक्त उनके पैसों पर कई लोग हक मांगने आए, लेकिन बाद में पता चला कि गौहर ने अपनी कमाई के सारे पैसे उड़ाए और कुछ भी छोड़कर नहीं गई थीं।

**फिल्म 'देवा' के शूट हुए मल्टीपल क्लाइमैक्स :नई दिल्ली।** शाहिद कपूर की 'देवा' इस महीने के अंत में बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होने वाली है। फिल्म के क्लाइमैक्स को लेकर इस समय बात चल रही है। खबरों की मानें तो इस फिल्म के कई क्लाइमैक्स शूट किए गए हैं, इसके बारे में टीम को भी जानकारी नहीं है। शाहिद कपूर फिल्म में पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाने जा रहे हैं।

फ्लैट बेचना है
किराये से देना है
शंकर नगर रायपुर में श्रीराम RESIDENCY में 4BH का फ्लैट सर्वसुविधा युक्त बेचना है किराये से देना है।
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें :-
मो. : 9977345867


### 32 साल बाद लौट रही एनीमेशन रामायण



**नई दिल्ली।** रामायणः द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम 1993 की एक एनिमेशन फिल्म है, जो जापान और भारत द्वारा सह-निर्मित है। युगो साको द्वारा निर्मित और निर्देशित यह फिल्म भारतीय महाकाव्य रामायण पर आधारित है। फिल्म का निर्देशन कोइची सासाकी और राम मोहन ने किया था, जिसमें वनराज भाटिया ने संगीत दिया था। यह फिल्म अब सिनेमाघरों में वापस आ रही है। 1993 की जापानी-भारतीय एनीमे क्लासिक 24 जनवरी को पूरे भारत में बड़े पर्दे पर आएगी। यह फिल्म भारत में पहली बार 24वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव इफ्फी में दिखाई गई थी। इसे 1993 के वैंकूवर अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में भी दिखाया गया था। इसके बाद, 1990 के दशक के अंत में एक हिंदी डब संस्करण जारी किया गया था।

### सागरिका फिर करेंगी फिल्मों में वापसी

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान की पत्नी सागरिका घाटगे जल्द ही फिल्मों में वापसी कर रही हैं, जिसकी जानकारी उन्होंने खुद सोशल मीडिया हैंडल पर जारी की है। फिल्म का नाम है ललाट। अभिनेत्री सागरिका घाटगे ने हाल ही में अपनी नई फिल्म ललाट का ऐलान किया है, जिसके सेट से कई तस्वीरें उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ ही सागरिका ने एक इमोशनल नोट भी लिखा है। दरअसल, सागरिका ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर आगामी हिंदी फिल्म 'ललाट' से अपना लुक शेयर किया है। तस्वीर में वह एक पारंपरिक परिधान में नजर आ रही हैं। सागरिका की नई फिल्म 'ललाट' की घोषणा के बाद से ही उनके फैंस बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं।



epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** सुरक्षा गार्ड हाइट 5 फिट से शुरू वेतन 12000/- से 20200/- तक (PF+ ESIC +BONUS +रहना फ्री) मेंस की सुविधा 5वीं से 12वीं तक **कार्या:-शिव सेक्युरिटी कमला सुपर बाजार, तेलघानी नाका चौक, रेल्वे स्टेशन के पास, रायपुर (छ.ग.) मों. 0771-4036689, 8120957510, 9630939692.** (RO-2482)

**आवश्यकता है-** सिक्युरिटी गार्ड , मार्केटिंग अफसर, कम्प्यूटर ऑपरेटर वेतन 14500 से 18000 **पता TANGO SECURITY PVT. LTD. ऑरेंज हाइव 6 फ्लोर ऑफिस 603 मोवा रायपुर मो.- 8109070600, 7869230888.** (RO-2476)

**आवश्यकता है-** कम्प्युटर ऑपरेटर, सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, लेडी गार्ड, मार्केटिंग अधिकारी, योग्यता 10वीं-स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन योग्यतानुसार **संपर्क:-** ALERT SGS PRIVATE LIMITED, **434, चतुर्थतल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर मोबाइल:- 7746000016, 7747000019.** (RO-3160)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** महिंद्रा पिकअप DI चलाने हेतु कुशल एवं अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है। **पता- अशोक इंटरप्राइजेस रामनगर रायपुर मोबाइल- 8770676924.** (RO-7441)

### सेल्स/सुपरवाइजर

**आवश्यकता है-** एक प्रतिष्ठित लोहे के व्यापारी को निम्न पदो पर योग्य व्यक्तियों की आवश्यकता, सेल्स एक्सक्यूटिव- 1, डिस्पैच सुपरवाइजर- 1, लोहे के जानकार को प्राथमिकता, एवं कार ड्राइवर- 2, अनुभवी, **संपर्क- तिरूपति हाइट्स / तिरूपति स्टील इंटरप्राइजेस 87 नगर निगम कालोनी अग्रसेन चौक रायपुर समय 11 से 3 बजे** (RO-29)

### ऑपरेटर/गोडाऊन कार्य

**आवश्यकता है-** होलसेल दवा दुकान में कम्प्युटर आपरेटर, गोडाऊन कार्य करने हेतु युवक-युवती की आवश्यकता है। पूर्ण बायोडाटा के साथ **संपर्क करें ओम मेडीको, मकान नं.A 31, राधास्वामी नगर, भाठागांव चौक, रिंग रोड नं. 1, रायुपर मों.7647960841.** (RO-2493)

### पैकिंग/लेबर कार्य

**आवश्यकता है-** चुस्की चाय में पैकिंग कार्य हेतु लेडिस/ लड़कियों की और लेबर कार्य हेतु पुरुष की जरूरत है। संपर्क करें एसबीआई एटीएम के सामने आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर। **मो. 7469980000, 07714075490.** (RO-2496)

### नर्सिंग/हेल्पिंग स्टाफ

**आवश्यकता है-** एक रिसेप्शनिस्ट चाहिए जिसे कंप्यूटर का ज्ञान हो, मेडिकल स्टोर में कार्य हेतु पुरुष/महिला जिसे कंप्यूटर का ज्ञान हो, नर्सिंग स्टॉफ प्रशिक्षित एवं हेल्पिंग स्टॉफ एवं ड्राईवर जो ट्रैक्टर भी चला सके **संपर्कः बांठिया हॉस्पिटल राजातालाब रोड़ रायपुर 0771-2425009.** (RO-3239)

### जॉब

REQUIRED FOR TEXTILE MANUFACTURING UNIT IN URLA, RAIPUR
- Despatch Executive
- Prod. Supervisor
- Electrician - ITI
- Time Keeper
- HR Executive
- Trainer

Contact with biodata : Mbl. - 99931 03927
Email: vacancy.spintex@gmail.com

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** कपड़ा दुकान में काम करने के लिए लड़को की आवश्कता हैं,आकर्षक वेतन । **संपर्क - समय 12 से 7 बजे । पूजा साड़ी,महालक्ष्मी क्लॉथ मार्केट,पंडरी,रायपुर ।**(RO-444)

**आवश्यकता है-** थोक दुकान में परमानेंट कार्य हेतु दुकान-दुकान सप्लाई हेतु लड़को की आवश्यकता है योग्यता 8+ उम्र 16 से 25 वर्ष। ट्रेनिंग + रहना + खाना फ्री। ट्रेनिंग बाद 7000 से 20,000 **संपर्क:- उतई दुर्ग मो.97544.09440, 99930-31494.** (आरो न.-660)

**आवश्यकता है-** प्लास्टिक लाइन के लिए दुकान कार्य हेतु लड़के /लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार स्वयं आकर ही **संपर्क करें प्रकाश मार्केटिंग डॉक्टर मटरेजा गली नयापारा रायपुर 98261-13735 समय 11:00 से 8:00 बजे** (RO-7440)




**आवश्यकता है-** डीजे साउंड सिस्टम दुकान में काम करने के हेतु अनुभवी/ बिना अनुभवी लड़कों की एवं टाटा ऐस चलाने ड्राइवर की आवश्यकता **संपर्कः दीपक साउंड सर्विस फूलचौक, जोरापारा, कालीमाता मंदिर पास 98271-14645, 9131139179.**(RO-3236)

### सेल्समैन/सेल्सगर्ल

**आवश्यकता है-** साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178.** (RO-3237)

**आवश्यकता है-** पूनम स्वीट्स, प्रतिष्ठित मिठाई दुकान में सेल्समेन एंव सेल्सगर्ल्स की अतिशीघ्र आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। रहने की सुविधा उपलब्ध। आकर्षक वेतन। कोई शैक्षिणिक योग्यता नही। **संपर्कः पूनम स्वीट्स, जयस्तंभ चौक, रायपुर। मोबाइल - 9893397633.**(RO-1628)

### सफाई कर्मचारी

**आवश्यकता है-** सफाई कर्मचारी नियुक्तिः चंदखुरी रायपुर कुत्तों के अस्पताल में स्वीपर का झाड़ू लगाना, बर्तन, कपड़े धोने का काम है वेतन रू. 10,000/- खाने रहने की सुविधा. नशेड़ी **संपर्क न करें.- मो. 7225888800** (RO-6965)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** कार चलाने हेतु अनुभवि कार ड्राइवर की आवश्यकता है। **संपर्क करे. सिब्बल धर्मकांटा, जी.ई. रोड, तेलीबांधा, रायपुर, मोबाइल 8085543125** (RO-129)

**आवश्यकता है-** ऑटोमेटिक कार (बीएमडबल्यू, ऑडी, मर्सिडीज ) चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। ड्राइवर का शादीशुदा होना व 35 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है। ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30, रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से दोपहर 3:00 (सूचना :- जेसीबी, हाइड्रा, आदि जैसी गाड़ी चलाने वाले संपर्क ना करें )। इंटरव्यू के लिए आते वक्त अपना आधार कार्ड, बिजली बिल व ड्राइविंग लाइसेंस अवश्य लाये । सैलरी 20000/- प्रतिमाह । रहने, खाने-पीने, बाइक, पेट्रोल की व्यवस्था नहीं दी जाएगी । **पता - सिविल लाईन्स, रायपुर, कॉल करने का समय दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक :- 9644720222.** (RO-30)

### दुकान/सेल्स कार्य

**आवश्यकता है-** ऑल आई रिपेयर रायपुर पंडरी या भाटा गांव बस स्टैंड मोबाइल दुकान हेतु कुशल, ईमानदार (ऑल राउंडर) टेक्नीशियन एवं टेली (सेल्सगर्ल/ सेल्स बाय) शॉप कार्य करने हेतु प्रत्यक्ष **संपर्क करें :- 9993335549, 7987590745.** (RO-2497)

### फील्ड एक्जीकेटिव

**आवश्यकता है-** आधुनिक व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान को सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में फील्ड एक्जीक्यूटिव और फील्ड ऑफिसर युवक/ युवती की आवश्यकता है अपने ही क्षेत्र में रहकर कार्य करें शिक्षा- 10वीं से स्नातक वेतन- 10000 से 25000+ इंसेंटिव **सम्पर्क करें- कुशालपुर चौक, रायपुर 9575666367.** (RO-BSP)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

## Education शिक्षण

**प्रवेश प्रारंभ-** फेल विद्यार्थी समय बचाए :- पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी निश्चित सफलता के साथ पास करेः- B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECHNIC, B.Tech,(अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा **संपर्क:-** Bharti Education Academy Sector-6 Bhilai Mo.- **9826196515, 9826896515.**(आरो.-7155)

### अन्य

**आवश्यकता है-** पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। **संपर्क करें:- 7044713881, 7044684039, 7044893771.** (RO-754)

**आवश्यकता है-** पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। **संपर्क करें:- 7450945537, 8335088415.** (RO-818)

**आवश्यकता है-** पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। **संपर्क करें:- 8240426971, 9163849676.** (RO-755)

हरिभूमि क्लासीफाईड

## Property प्रापर्टी

### बेचना/किराया

बेचना है
VIP Karishma के बगल
Commercial Building
Builtup Area - 8500 Sqft.
Plot Area- 4500 Sqft.

किराये से देना है
शंकर नगर में
1000 वर्गफुट हॉल प्रथम तल में किराये से देना है।
VIP Estate में
Commercial Building
Builtup Area- 17400 Sqft.
Govt. Bank/ Hospital को प्राथमिकता
संपर्क करें- 8120008290
Dev Ad.

### मकान

**मकान बेचना है-** चांगोराभाटा 600 वर्गफुट एवं 800 वर्गफुट में 2 BHK मकान, कार पोर्च, पीओपी किया हुआ सर्वसुविधायुक्त स्वतंत्र नया मकान बेचना है **संपर्क करे मोबाइल नंबर:- 9300505421, 9993451070.** (RO-3235)

### जमीन

**बेचना है-** दुर्ग -ग्राम नगपुरा में एक एकड बियासी डिसमील डामर रोड ग्राम से लगा व्यवसायिक के लिए उपयुक्त बेचना है **मो.- 9300604957, 7587099540.** (RO-OM)

## Business व्यापार

**टॉवर लगवाए-** मान्य कंपनी द्वारा जमीन खेत प्लॉट पर 5g टावर लगवा कमाएं 30 से 60 लाख एडवांस 45000 किराया + नौकरी जमीनी कागज नक्शा ऑफिस लाएं या घर बैठे ऑनलाइन सर्वे पास कराएं **8319401203, 9407780635.** (RO-82)




### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



गांव की कहानी

ललित पटेल

## देश के लिए गौरव ग्राम खिसोरा




धमतरी जिले का समृद्ध कुरूद क्षेत्र के मगरलोड ब्लॉक का ग्राम खिसोरा भी राष्ट्रीय आंदोलन से प्रेरित रहा। यह बात उस समय की है जब हमारे देश में ब्रिटिश शासन का आतंक था। जिस आतंक एवं दमन का विरोध करने के लिए भारत भर में क्रांति की ज्वाला सुलग रही थी। उस समय आजादी के दीवाने स्वतंत्रता की लड़ाई में अपने आप को सर्वस्व न्योछावर कर रहे थे। अंग्रेजी शासन इस आवाज को दबाने के लिए कहर ढा रही थी, अनेक अत्याचार भारतीयों पर किए जा रहे थे। महात्मा गांधी , लोकमान्य तिलक आदि नेताओं के आव्हान पर पूरा देश आंदोलित हुआ। इसी संदर्भ में छत्तीसगढ़ के रायपुर जिला के महंत लक्ष्मी नारायण दास एवं राजिम के समीपस्थ मगरलोड विकास खंड में प. सुंदर लाल शर्मा और नारायण राव मेघावाले के नेतृत्व में इस आंदोलन का संचालन हो रहा था।

दिवस विशेष

माखन लाल यादव

## कंडेल सत्याग्रह और छोटे लाल श्रीवास्तव




धमतरी जिले में 1920 कंडेल नहर सत्याग्रह पांच महीने तक चला। इससे अंग्रेजों के तरकश का तीर भी खाली हो गया। अंततः अंग्रेजों को घुटना टेकना पड़ा। अंग्रेजों के शासन काल में रुद्री से एक नहर निकाली गई जो आज भी विद्यमान है। अंग्रेज गांव के किसानों से दस साल के अनुबंध पर टैक्स लेते, जो किसानों को अधिक लगता था।बाबू छोटेलाल जी किसानों से मिल कर इसका विरोध किए और टैक्स नहीं देने का निर्णय लिए। फलतः बाबू साहब के नेतृत्व में सत्याग्रह किया गया।अंग्रेजों के दमन चक्र सहते हुए बाबू छोटे लाल श्रीवास्तव तथा प्रमुख किसानों को बंदीगृह में रहना पड़ा। सत्याग्रह के दौरान गांधी जी कंडेल आए। आपने कंडेल के इस नहर सत्याग्रह आंदोलन से देश की स्वाधीनता आंदोलन की गतिविधियों के लिए एक ऊर्जा का काम किया था। उन्होंने ऐसे कार्य के लिए श्रीवास्तव जी का मुक्त कंठ से सराहना की। पंडित सुन्दर लाल शर्मा, नत्थूजी जगताप, प. नारायणराव फडणवीस आदि देश भक्तों ने भी इस सत्याग्रह आंदोलन में बाबू जी का साथ दिया। कंडेल नहर सत्याग्रह छत्तीसगढ़ के मानचित्र में आज भी अंकित है।

सुरता

लखन लाल आडिल

## आजादी की लड़ाई में महंत लक्ष्मी नारायण



आजादी की लडाई में मंदिर के महंतों ने भी भाग लिया था। महंत लक्ष्मी नारायण शांत और गंभीर स्वभाव के थे। आपकी लंबी दाढ़ी और घोड़े की सवारी करते थे, जिससे आपको लोग आसानी से पहचान जाते थे।महंत लक्ष्मी नारायण जी मौदहा पारा रायपुर के रहने वाले थे। वे राष्ट्रीय विचारक थे। सन 1930 में विदेशी वस्तु बहिष्कार आंदोलन में भी भाग लिए, जिससे उन्हें 30 दिन का कारावास भुगतना पड़ा। सन 1942 के आंदोलन में आप रायपुर से गिरफ्तार हुए और आपकी धर्म पत्नी रूपा भाई राजनांदगांव से गिरफ्तार हुए। रायपुर जेल में जगह नहीं होने के कारण आप दोनों को संबलपुर जेल भेजा गया। वहां भी जगह नहीं होने के कारण कटक ओडिशा भेजे गए, यही से 9 माह की सजा काट कर दोनों पाटन आए।महंत लक्ष्मी नारायण दास को रायपुर जिले के प्रायः अधिकांश लोग जानते थे। पाटन द्वारिकाधीश मंदिर के महंत गुलाबदास ओजस्वी वक्ता थे। अंग्रेजों को छूट गाली देते थे। वे निरक्षर थे पर हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी और उर्दू जानते थे। समाचार पत्र फर्राटे से पढ़ते थे । आप 1970 में तथा आपकी पत्नी 1971 में स्वर्ग सिधारे। आपके बाद आपका पुत्र बजरंगदास ने मंदिर का कार्य भार संभाला।

छत्तीसगढ़ अंचल में बैगा जनजाति का सामाजिक और वैवाहिक नृत्य है। यह नृत्य नवम्बर से जनवरी माह के अंत तक चलता है। गांव में बारात बिदाई में युवक युवतियां यह नृत्य करती हैं। बैगा ग्रामों में इस नृत्य की धूम मची रहती है।



# छत्तीसगढ़ अंचल में बैगा जनजाति का सामाजिक बिलमा नृत्य



लोक नृत्यः डा. विजय चौरसिया

बिलमा का शाब्दिक अर्थ है बिरह या विछोह। इस नृत्य में स्त्री पुरुष दोनों मिलकर नाचते हैं। नृत्य के दौरान गीतों पर परस्पर कोमल भावों का आदान प्रदान होता है। यह सामूहिक नृत्य है किन्तु इसकी विशेषता है कि यह नृत्य अंतरग्रामीण होता है। एक गांव का नर्तक दल दूसरे गांव में आता है जिसका स्वागत दूसरे गांव का नर्तक दल करता है। नृत्य के समय एक गांव का पुरुष नर्तक दल दूसरे गांव के स्त्री दल के साथ परस्पर आबद्ध होकर नृत्य करता है। बिलमा नृत्य का नर्तक बैगा युवक दूल्हे के समान सजा रहता है। वह कमर में लहंगा और पूरी आस्तीन का सलूखा के ऊपर काली जैकेट, सिर पर चाकनुमा पगड़ी उसमें मोर पंख की आकर्षक कलगी तथा गले में नकली मूंगा - मोतियों की माला पहनता है। इसी प्रकार नर्तकी की वेशभूषा भी आकर्षित रहती है वे भी दुल्हनों के समान श्रृंगार करती हैं। नृत्य संगीत में सुर ताल की सृष्टि मांदर और टिमकी और बांसुरी के साथ करते हैं।



धार्मिकः कमलेश यादव

# इतिहास का साक्ष्य है सीता लेखनी पहाड़



सूरजपुर जिले के ओडगी ब्लॉक मुख्यालय से लगभग 40 कि मी दूर जेलहा भुसकी गांव एक पहाड़ी है जिसे सीता लेखनी पहाड़ के नाम से जाना जाता है। सीता लेखनी पहाड़ को लेकर क्षेत्रवासियों के मन में अगाध श्रद्धा है। वनवास काल में श्रीराम , माता सीता व लक्ष्मण जी दंडकारण्य के इस इलाके में भी पहुंचे थे। मान्यता है कि इस पहाड़ी में उन्होंने वनवास का लंबा समय बिताया था। किंवदंती है कि सीताजी वनवासी महिलाओं से मिलने गई तो उन्होंने देखा कि महिलाएं एक पत्थर के टुकड़े से दूसरे चट्टान पर कुछ लिख रही हैं। सीताजी ने उनसे इसके बारे में पूछा तो महिलाओं ने बताया कि वे अक्षर लिख रही हैं। ऐसा माना जाता है कि तब माता सीता को लिखना नहीं आता, इसलिए वह लौट गई। इसी दौरान श्रीराम वनदेवी की पूजा करने निकलने वाले थे, तो उन्होंने लक्ष्मण को आदेश दिया कि सीता माता को अक्षर ज्ञान सिखाए। इस पहाड़ में मौजूद चट्टानों पर बनी आकृतियों को सीता अक्षर ज्ञान से जोड़ कर देखा जाता है। वर्षों से इस क्षेत्र में मान्यता है कि सीता लेखनी पहाड़ पर ही लक्ष्मण जी ने माता सीता को अक्षर ज्ञान सिखाया था। वर्तमान में इस स्थान को कुदरगढ़ धाम के रूप में जाना जाता है।

लोक साहित्य

डा. सत्यभामा आडिल

## सुराजी कवि रिहिन वैष्णव हा

छत्तीसगढ़ के रायपुर जिला के बलौदाबाजार तहसील के माचाभाटग्राम में छत्तीसगढ़ छत्तीसगढ़ी सुरज सूराज के कवि गिरिवर दास वैष्णव का जन्म विक्रम संवत 1954 को हुआ था। आपके पिता हरिदास जी हिन्दी के मर्मज्ञ कवि थे, जिनकी रचना ध्यान प्रकाश प्रसिद्ध है। गिरिवर दास वैष्णव एक आचारनिष्ठ देश प्रेमी थे। जातिगत की चोट उन्हें लगती थी। शोषितों, हरिजनों और सतनामियों के प्रबल पक्षधर वैष्णव जी ने छत्तीसगढ़ी सुराज में साम्यवाद के समझदारी, जवाहर के गीत, गांधी के गुणगान, मजदूर के मरना, हरिजन के हत्या, बुढ़वा के बिहाव, पंडित के पाखंड, देश की दीनता, मालगुजार के मन मसमोटी, पूर्वजों के पराक्रम तथा अन्य क्रांतिकारी कविताएं हैं। गिरिवर दास मालगुजार और जाति के ब्राह्मण थे, परंतु शोषितों, मजदूरों, गरीबों, सतनामियों और हरिजनों के पक्षधर थे। देश और समाज से जुड़ी जनवादी कविता दर्पण की तरह होती है। छत्तीसगढ़ी सुराज में प्रकाशित यह रचना -

किस्सा आप मन ला ,
एक सुनावत हो भारत।
अठारह सौ संतावन के,
साल हमर बड़ दुखदाई।
बादशाह बिन राज हमर,
भारत में वो दिन होवत रहिस।
अपन नीचता से पठान मन,
अपन राज ला खोवत रहिस।



ऐतिहासिक

निर्मलकांत श्रीवास्तव

# छत्तीसगढ़ में सूबा सरकार का उदय

छत्तीसगढ़ की राजधानी रतनपुर में रहकर पहले की तरह अपना प्रत्यक्ष शासन करने के बजाय उसने नागपुर से ही यहां का शासन चलाने का निश्चय किया। इसका परिणाम यह हुआ कि नागपुर ही छत्तीसगढ़ की राजनीतिक गतिविधियों का केन्द्र बन गया और रतनपुर का राजनैतिक वैभव धूमिल होने लगा।

बिंबाजी की मृत्यु के पश्चात भोंसला राजकुमार व्यकों जी को छत्तीसगढ़ राज्य प्राप्त हुआ। छत्तीसगढ़ के शासन के सम्बन्ध में उसने सर्वथा एक नवीन नीति अपनाई। छत्तीसगढ़ की राजधानी रतनपुर में रहकर पहले की तरह अपना प्रत्यक्ष शासन करने के बजाय उसने नागपुर से ही यहां का शासन चलाने का निश्चय किया। इसका परिणाम यह हुआ कि नागपुर ही छत्तीसगढ़ की राजनीतिक गतिविधियों का केन्द्र बन गया और रतनपुर का राजनैतिक वैभव धूमिल होने लगा। इस नए भोंसला राजकुमार ने छत्तीसगढ़ के शासन को सूबेदार के माध्यम से चलाने का निश्चय किया, यहीं से छत्तीसगढ़ में सूबेदार नियुक्त करने की प्रथा प्रारम्भ हुई। शासन के इस नवीन स्वरूप को ' सूबा सरकार ' की संज्ञा प्रदान की गई। यह शासन प्रणाली सन 1787 से 1818 तक विद्यमान रही। छत्तीसगढ़ में सूबा शासन के जनक व्यको जी का यहां तीन बार आगमन हुआ, परंतु उन्होंने यहां के शासन में कोई रुचि नहीं ली। वे अपने को कभी भी नागपुर की राजनीति से अलग न कर सके। वहां रह कर वे हमेशा सत्ता संघर्ष में लीन रहे। सत्ता से संबंधित यह संघर्षशीलता मराठा शासन की एक आम बात थी। मराठे छत्तीसगढ़ का शासन सूबेदारों को सौंप कर निश्चिंत हो जाते थे।



## खबर संक्षेप



### केंद्र ने अगरवुड के टुकड़े निर्यात की सीमा बढ़ाई

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कृत्रिम स्त्रोतों से प्राप्त अगरवुड के टुकड़े और पाउडर के लिए राज्यों की वार्षिक निर्यात सीमा बढ़ाकर 1,51,080 किलोग्राम कर दी है। अबतक यह सीमा 25,000 किलोग्राम थी। सुगंधित लकड़ी अगरवुड का इस्तेमाल इत्र, सुगंधित धूप और पारंपरिक दवाइयां बनाने में किया जाता है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा कि अगर के तेल के लिए राज्यों की वार्षिक निर्यात सीमा भी 1,500 किलोग्राम से बढ़ाकर 7,050 किलोग्राम कर दी गई है।

### यूको बैंक के शुद्ध लाभ में 27 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के यूको बैंक का चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 27 प्रतिशत बढ़कर 639 करोड़ रुपये रहा। यूको बैंक ने मंगलवार को वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही के नतीजे की जानकारी देते हुए कहा कि एक वर्ष पूर्व इसी तिमाही में उसे 503 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। कोलकाता के बैंक का परिचालन लाभ 1,586 करोड़ रुपये हो गया, जो दिसंबर 2023 तिमाही में 1,119 करोड़ रुपये था।




### एमआरपीएल का शुद्ध लाभ 21 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 21 प्रतिशत घटकर 309 करोड़ रुपये पर आ गया। एमआरपीएल ने एक बयान में कहा कि पिछली तिमाही में परिचालन राजस्व घटने से उसका शुद्ध लाभ कम हुआ है। कंपनी के मुताबिक, अक्टूबर-दिसंबर 2024 तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 309 करोड़ रुपये रहा जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 392 करोड़ रुपये था।



### जम्मू-कश्मीर बैंक के लाभ में 26 फीसदी की वृद्धि




**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर बैंक का चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 26.2 प्रतिशत बढ़कर 531 करोड़ रुपये हो गया जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 421.08 करोड़ रुपये था। जम्मू-कश्मीर बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही के इस नतीजे की जानकारी दी। बैंक के प्रवक्ता ने कहा, /"चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में बैंक का शुद्ध लाभ 32.7 प्रतिशत बढ़कर 1,497.92 करोड़ रुपये हो गया है, जो इसकी लगातार हो रही वृद्धि को दर्शाता है। पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 1,128.60 करोड़ रुपये था।/"

# आरबीआई का बड़ा फैसला, अब केवल इन्हीं 2 नंबरों से आएंगे बैंकिंग कॉल

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

अगर आप भी बैंकिंग के नाम पर हो रही धोखाधड़ी और प्रमोशनल कॉल्स से परेशान हैं तो अब आपको राहत मिल सकती है। दरअसल, इन दिनों फ्रॉड कॉल्स की समस्या आम हो गई है। आप भी अक्सर सुनते होंगे कि किसी अन्य शख्स के साथ बैंक के नाम पर फ्रॉड हो गया। ऐसे में आपकी इस समस्या पर अब रिजर्व बैंक ने पूर्ण विराम लगा दिया है। बैंकिंग कॉल्स के लिए आरबीआई ने नंबरों पर बड़ा फैसला लिया है।

आरबीआई ने वित्तीय संस्थानों के लिए अपने ग्राहकों को लेनदेन और मार्केटिंग कॉल करने के लिए सिर्फ 2 डेडिकेटेड फोन नंबर सीरीज शुरू की हैं।

## बैंकों को सभी लेनदेन के लिए 1600 से शुरू होने वाले नंबर उपयोग करना होगा

### सिर्फ इन 2 नंबरों से ही आएंगे कॉल

आरबीआई के लेटेस्ट नोटिस के मुताबिक, बैंकों को अब सभी लेनदेन-संबंधी कॉल के लिए केवल 1600 से शुरू होने वाले फोन नंबर का ही इस्तेमाल करना होगा। इसको आप ऐसे भी समझ सकते हैं कि अगर आपने कोई ट्रांजेक्शन किया है और आपको इसके लिए कोई कॉल आना है तो वो सिर्फ 1600 सीरीज से शुरू होने वाले नंबरों से ही आयेगा। ऐसे में ग्राहक को ध्यान होगा इस सीरीज का नंबर बैंकिंग के लिए ही है। इससे धोखाधड़ी जैसे मामलों में राहत मिलने की उम्मीद है।




### धोखाधड़ी से बचाव के लिए संचार साथी ऐप

इसके साथ ही, मोबाइल उपकरणों पर नकली कॉल्स और साइबर धोखाधड़ी से बचाव के लिए, दूरसंचार विभाग ने संचार साथी ऐप पेश किया है। यह ऐप उपयोगकर्ताओं को सीधे साइबर धोखाधड़ी की रिपोर्ट करने और खोए हुए मोबाइल फोन का पता लगाने में मदद करता है। यह ऐप ग्राहकों की गोपनीयता और सुरक्षा को प्राथमिकता देता है। संचार साथी पोर्टल, जो 2023 में लांच हुआ था, पहले ही अपनी प्रभावशीलता साबित कर चुका है। इस नए ऐप के लांच के साथ, धोखाधड़ी से निपटने के प्रयास दोगुने हो जाएंगे।

यानि रिजर्व बैंक द्वारा तय कि गई इन्ही 2 सीरीज से ही यूजर को बैंकिंग कॉल्स आएंगे। आरबीआई की इस पहल से मोबाइल यूजर्स को फ्रॉड्स से राहत मिलेगी।

### एसएमएस सिर्फ 140 सीरीज से शुरू होंगे

वहीं, मार्केटिंग एसएमएस से मिलने वाली जानकारी के लिए बैंकों को सिर्फ 140 सीरीज से शुरू होने वाले नंबरों का इस्तेमाल करना होगा। आरबीआई ने ये नंबर बैंकिंग मार्केटिंग और एसएमएस के लिए तय किया है। 140 सीरीज से शुरू होने वाले नंबर से आपको पर्सनल लोन, क्रेडिट कार्ड या बीमा जैसी सेवाओं के लिए कॉल आ सकते हैं। यह कदम यूजर्स को उन धोखेबाजों से बचाने में मदद करेगा, जो बैंकों की तरफ से लोन, क्रेडिट कार्ड देने का झूठा दावा करते हैं।

## करदाता धारा 80 सी के अलावा 80 डी का लाभ उठाए

# कर बचत के लिए 'इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम' एक बेहतर विकल्प : कर विशेषज्ञ

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

करदाता मार्च का महीना करीब आते ही अक्सर कर बचाने वाले विभिन्न विकल्पों की तलाश में जुट जाते हैं, लेकिन विभिन्न विकल्पों के साथ यह जानना भी जरूरी है कि कर बचत की कौन सी योजना रिटर्न और जरूरत पड़ने पर तुरंत नकदी उपलब्ध कराने के मामले में बेहतर है।

- धारा 80सीसीडी के तहत एनपीएस का भी लाभ उठाना चाहिए

कर विशेषज्ञों का कहना है कि आयकर कानून की धारा 80सी के तहत शामिल किए गए कर बचत वाले विकल्पों में से 'इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम' (ईएलएसएस) कहीं बेहतर विकल्प है। कर विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि कर बोझ कम करने के लिए व्यक्ति को धारा 80सी के तहत 1.5 लाख रुपये की बचत करने के अलावा 80 डी (स्वास्थ्य बीमा) और धारा 80सीसीडी के तहत एनपीएस का भी लाभ उठाना चाहिए।

**खास बातें**

- एनपीएस में 50,000 रुपए के अतिरिक्त कर छूट का दावा कर सकते हैं
- एनपीएस, ईएलएसएस, एनएससी एवं जीवन बीमा पॉलिसी अच्छे विकल्प



### एनपीएस में अतिरिक्त कर छूट का दावा किया जा सकता है

राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) में 50,000 रुपये के योगदान पर अतिरिक्त कर छूट का दावा किया जा सकता है। एनपीएस, ईएलएसएस, राष्ट्रीय बचत पत्र (एनएससी) एवं जीवन बीमा पॉलिसी (एलआईसी) जैसी विभिन्न कर बचत योजनाओं में से बेहतर विकल्प के बारे में पूछे जाने पर आनंद राठी वेल्थ लि. के उपाध्यक्ष चिंतक शाह ने कहा, ''अगर आयकर कानून की धारा 80सी के तहत कर लाभ का दावा करने की बात आती है, तो मेरी पसंद इक्विटी लिंक्ड सेविंग्स स्कीम (ईएलएसएस) है।''

### ईएलएसएस की लॉक इन अवधि तीन साल

शाह ने कहा, ''इसके दो प्रमुख कारण हैं...पहला, ईएलएसएस निवेश सीधे शेयर बाजारों से जुड़ा होता है और इसने ऐतिहासिक रूप से सालाना लगभग 11 से 12 प्रतिशत का दीर्घकालिक रिटर्न दिया है। दूसरा, ईएलएसएस के तहत 'लॉक इन अवधि' केवल तीन साल की है। यानी तीन साल बाद आप अपनी राशि निकाल सकते हैं।'

### ईएलएसएस एक आकर्षक विकल्प

शाह ने कहा, ''यह सुविधा निवेशकों को उपभोग जरूरतों के लिए अपनी निवेश राशि को निकालने या धारा 80सी के तहत लाभ उठाने के लिए एक नए ईएलएसएस में फिर से निवेश करने की अनुमति देती है। इस प्रकार, धन सृजन और कर दक्षता की क्षमता का यह मेल ईएलएसएस को एक आकर्षक विकल्प बनाता है।''

### ईएलएसएस पर रिटर्न निश्चित नहीं

इस बारे में परामर्श कंपनी टैक्स कनेक्ट एडवाइजरी सर्विसेज एलएलपी में साझेदार विवेक जालान ने कहा, ''निवेश विकल्प का चुनाव व्यक्ति के जोखिम लेने की क्षमता, जरूरत और लक्ष्य पर निर्भर करता है। जहां एनएससी, पीपीएफ जैसे उत्पादों पर ब्याज निश्चित होता है और इसकी घोषणा सरकार हर तीन महीने पर करती है, वहीं ईएलएसएस जैसे उत्पाद पर रिटर्न निश्चित नहीं है और उनका प्रदर्शन बाजार की स्थिति पर निर्भर करता है।''

### पीपीएफ की लॉक इन अवधि 15 साल

उल्लेखनीय है कि 80सी के तहत आने वाले निवेश एवं बचत उत्पादों में ईएलएसएस, पीपीएफ (सार्वजनिक भविष्य निधि), सुकन्या समृद्धि योजना, एनएससी, जीवन बीमा आदि शामिल हैं। वहीं एनपीएस धारा 80सीसीडी के तहत आता है। पीपीएफ की 'लॉक इन अवधि '15 साल है, जबकि एनएससी का 'लॉक इन' समय पांच साल है।

# कुछ कंपनियों ने आईपीओ कोष का किया काफी दुरुपयोग : सेबी

एजेंसी ▸▸| मुंबई



पूंजी बाजार नियामक सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने मंगलवार को कहा कि कुछ कंपनियों को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये जुटाई गई राशि के 'घोर दुरुपयोग' में लिप्त पाए जाने के बाद निवेश बैंकरों से ऐसी कंपनियों को पूंजी बाजार तक पहुंच देने से परहेज करने को कहा गया है। बुच ने कहा कि 'एजेंट कृत्रिम मेधा' शब्दावली के ईजाद से पहले ही भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) आईपीओ दस्तावेजों का त्वरित प्रसंस्करण करने के लिए उस अवधारणा पर आधारित एक टूल पर काम कर रहा था। बुच ने भारतीय निवेश बैंकर संघ (एआईबीआई) के एक कार्यक्रम में कहा कि निवेश बैंकरों को बखूबी पता होता है कि वे कब किसी 'पंप एंड डंप' कंपनी को बाजार में ला रहे हैं। उन्होंने कहा, /"आपको (निवेश बैंकरों को) खराब कंपनी को बाजार में नहीं लाना चाहिए।/"

- सेबी प्रमुख ने कहा, निवेश बैंकर मौका न दे

बुच ने कहा कि बैंकर को दी जाने वाली ऊंची फीस, या कंपनी में कम या बिल्कुल भी कर्मचारी न होना या बैंकरों का कंपनी की इकाइयों का दौरा न करना जैसे संकेत हैं जो निर्गम के पीछे की मंशा और इसे 'पंप एंड डंप' निर्गम होने के बारे में इशारा करते हैं। उन्होंने एसएमई बोर्ड के संदर्भ में कहा कि 'पंप एंड डंप' निर्गम के मामले में आईपीओ में उच्च भागीदारी होने से शेयर के भाव बढ़ जाते हैं और प्रवर्तक आमतौर पर जल्द पैसा कमाने के लिए शेयर बेच देते हैं।

### आईपीओ की राशि विदेशी बाजार को कोष को भेजी जाती है

*इसके साथ ही बाजार नियामक प्रमुख ने कहा कि सेबी ने कुछ कंपनियों द्वारा आईपीओ से जुटाई गई राशि का 'घोर दुरुपयोग' भी पाया है। उन्होंने बताया कि कई बार विदेशी बाजारों में इस कोष को भेज दिया जाता है और उसके लिए सॉफ्टवेयर या ऐप जैसी अमूर्त वस्तुओं के अधिग्रहण या खरीद का दिखावा किया जाता है।*

# आईपीओ सूचीबद्ध होने से पहले उनमें कारोबार शुरू हो : बुच

### निवेशक शेयर आवंटित होते ही उसे बेच सकते हैं

एजेंसी ▸▸| मुंबई

बाजार नियामक सेबी एक ऐसी प्रणाली शुरू करने पर विचार कर रहा है, जहां निवेशक आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) में शेयर आवंटित होते ही उन्हें बेच सकते हैं। सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि अनाधिकृत बाजार की गतिविधियों को रोकने के लिए ऐसा किया जा रहा है।

- अनाधिकृत बाजार की गतिविधियों को रोकने ऐसा किया जा रहा है

उन्होंने यह घोषणा भी की कि दो शीर्ष प्रॉक्सी सलाहकार फर्म एक पोर्टल शुरू करने वाली हैं, जो संबंधित पार्टी लेनदेन के लिए भंडार की तरह काम करेगा और हितधारकों के लिए कंपनी में संचालन मानकों का आकलन करने में उपयोगी होगा। गौरतलब है कि हाल के दिनों में कई आईपीओ में बहुत अधिक अभिदान देखा गया है और कई बार शेयरों के सूचीबद्ध होने के दिन निवेशकों को भारी लाभ हुआ है। ऐसे में अनाधिकृत बाजार की गतिविधियां भी बढ़ी हैं, जहां आवंटन की स्थिति में पहले से तय शर्तों के आधार पर शेयरों को बेचा जा सकता है। बुच ने यहां एसोसिएशन ऑफ इन्वेस्टमेंट बैंकर्स ऑफ इंडिया (एआईबीआई) के एक कार्यक्रम में कहा, ''हमें लगता है कि अगर निवेशक ऐसा करना चाहते हैं, तो उन्हें उचित विनियमित तरीके से यह अवसर क्यों नहीं दिया जाए?''



### अनाधिकृत बाजार उपयुक्त नहीं

चेयरपर्सन ने कहा, ''विचार यह है कि जो भी अनाधिकृत बाजार चल रहा है, हमें लगता है कि वह उपयुक्त नहीं है। अगर आपको आवंटन मिला है और आप अपना अधिकार बेचना चाहते हैं, तो इसे संगठित बाजार में बेचें।''

# सोना 100 रुपए मजबूत चांदी 93 हजार पर स्थिर

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 100 रुपये की तेजी के साथ 82,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। सोमवार को सोना 82,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 100 रुपए बढ़कर 81,700 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 81,600 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, मंगलवार को चांदी की कीमत 93,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। वैश्विक बाजारों में, कॉमेक्स सोना वायदा 18.20 डॉलर प्रति औंस गिरकर 2,730.50 डॉलर प्रति औंस रह गया। जिंस मामलों विशेषज्ञों के अनुसार, मंगलवार को सोने की कीमत सत्र के दौरान छह नवंबर के बाद के अपने उच्चतम स्तर को छूने के बाद नीचे आ गई।



## पहली बार राष्ट्रीय खाद्य तेल खपत सर्वेक्षण शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने भारत में खाद्य तेल खपत के तरीके (पैटर्न) का आकलन करने के लिए अपना पहला सर्वेक्षण शुरू किया है। इसका उद्देश्य खाद्य तेल-तिलहन (एनएमईओ-तिलहन) पर नए मिशन को प्रभावी ढंग से लागू करना है। गत नौ जनवरी को शुरू हुआ यह 45 दिवसीय प्रश्नावली आधारित सर्वेक्षण, 23 फरवरी तक जारी रहेगा। यह पहल ऐसे समय की गई है जब दुनिया के सबसे बड़े खाद्य तेल उपभोक्ता एवं आयातक देश - भारत के पास अपने खपत पद्धति पर हाल के आंकड़ों का अभाव है। अधिकारी ने बताया, 'सर्वेक्षण का उद्देश्य खाद्य तेलों की खपत पद्धति और पसंद को समझना है, जो नीतिगत निर्णयों में मदद करेगा।'



# हीरो का निर्यात बढ़ाने एक अप्रैल से योजना होगी लागू

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



सरकार ने निर्यात को बढ़ावा देने और मूल्य संवर्धन के लिए मंगलवार को 'हीरा इम्प्रेस्ट ऑथराइजेशन' योजना शुरू की। इसके तहत एक तय सीमा तक तराशे और पॉलिश किए गए हीरों के शुल्क मुक्त आयात की अनुमति दी जाएगी। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि हीरा उद्योग निर्यात में भारी गिरावट और श्रमिकों की नौकरी जाने का सामना कर रहा है। इस योजना की मदद से उद्योग को फिर से जीवंत करने की उम्मीद है। इसके तहत 10 प्रतिशत मूल्य संवर्धन के साथ निर्यात को अनिवार्य किया गया है। बयान में कहा गया, ''वाणिज्य विभाग ने 21 जनवरी को 'हीरा इम्प्रेस्ट ऑथराइजेशन योजना' शुरू की है, जिसका उद्देश्य भारत के हीरा क्षेत्र की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना है।'' वाणिज्य मंत्रालय ने यह भी कहा कि दो-सितारा निर्यात घर का दर्जा रखने वाले और प्रतिवर्ष 1.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निर्यात करने वाले हीरा निर्यातक इस योजना के तहत लाभ उठा सकते हैं।


## बिजनेस साइट

### श्री वेंकटेश सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने मनाया अपना प्रथम वर्षगांठ

रायपुर। श्री वेंकटेश सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने मंगलवार को अपने प्रथम स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर चिकित्सकों और कर्मचारियों द्वारा केक कटिंग समारोह आयोजित किया गया और एक सम्मान कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। अस्पताल ने अपने पहले वर्ष की उपलब्धियों को साझा किया। इस दौरान 14500+ ओपीडी परामर्श, 2000+ आईपीडी सेवा, 1200+ ब्रोंकोस्कोपी/स्लीप स्टडी, 800+ लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, 400+ वाल्व रिप्लेसमेंट, 600+ एंजियोप्लास्टी, 250+ पेसमेकर इम्प्लांटेशन और 200+ ज्वाइंट रिप्लेसमेंट जैसे महत्वपूर्ण उपचार किए गए हैं। अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. कमल कांत आदिले ने बताया कि अस्पताल में विश्वस्तरीय आधुनिक जांच की सुविधाएं उपलब्ध हैं और रोगों के परामर्श में यह एक अग्रणी संस्था बन चुकी है। वरिष्ठ कार्डियक सर्जन डॉ. चंदेल ने कहा कि हॉस्पिटल ने विशेष रूप से दिल की जटिल सर्जरी में मिनिमल इनवेसिव तकनीक का प्रयोग किया है, जिससे मरीजों को कम जोखिम और शीघ्र रिकवरी मिलती है। यह खासकर मधुमेह के मरीजों के लिए फायदेमंद है। हॉस्पिटल के सीईओ विनीत सैनी ने भी इस सफलता को साझा करते हुए कहा कि एक साल पहले 'हियर टू हिल' के उद्देश्य से अस्पताल की शुरुआत की गई थी। 175 बिस्तरों वाला यह संस्थान छत्तीसगढ़ में दिल और फेफड़ों के स्वास्थ्य के लिए अग्रणी बन चुका है। उन्होंने कहा कि अस्पताल किफायती दर पर उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता है। जिसमें विशेषज्ञ परामर्श, जांच, सर्जरी और सर्जरी के बाद स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं शामिल है।



### सिंघानिया बिल्डकॉन के हर्षित अर्बन सिटी में 'प्लॉट मेला' 24 से

रायपुर। रियल एस्टेट क्षेत्र में अग्रणी ब्रांड सिंघानिया बिल्डकॉन ने हर्षित अर्बन सिटी में 24, 25 और 26 जनवरी को प्लॉट मेला आयोजित करने की घोषणा की है। यह मेला विशेष रूप से उन ग्राहकों के लिए है जो राजधानी रायपुर में प्राइम लोकेशन पर किफायती प्लॉट खरीदने की सोच रहे हैं। सिंघानिया बिल्डकॉन के 'शहर के बीच में अपना जहां' स्कीम के तहत हर्षित अर्बन सिटी के प्लॉट मेला में बुकिंग कराने वालों को कई आकर्षक स्कीमों का लाभ मिलेगा। हर्षित अर्बन सिटी, रिंग रोड नं-1, डी-मार्ट के सामने रायपुरा में स्थित है। एक पूरी तरह से विकसित प्रीमियम रेसिडेंशियल प्लॉट्स का विकल्प पेश करता है। यहां 1000 से 3000 वर्गफुट साइज के प्लॉट्स किफायती कीमत पर उपलब्ध हैं। यह प्लॉट्स रेरा द्वारा पंजीकृत हैं, जिससे निवेशकों को सुरक्षा और विश्वास का ऐहसास होता है। साथ ही हर्षित अर्बन सिटी में विश्वस्तरीय सुविधाएं भी है, जैसे कवर्ड कैम्पस, सीसीटीवी सुरक्षा, 24X7 जल आपूर्ति, लैंडस्केप गार्डन, स्ट्रीट लाइट, भूमिगत पानी की टंकी, वॉकिंग ट्रैक, पार्टी लॉन, बच्चों के लिए प्लेइंग ग्राउंड और पर्यावरण मानकों के अनुरूप ग्रीन प्लांटेशन, जो यहां रहने के अनुभव को और भी शानदार बनाता है।



### बंधन लाइफ इंश्योरेंस और पॉलिसीबाजार ने लांच किया 'आई-इन्वेस्ट पेंशन प्लान'




मुंबई। जीवन बीमा क्षेत्र में अग्रणी बंधन लाइफ इंश्योरेंस ने पॉलिसीबाजार के साथ मिलकर 'आई-इन्वेस्ट पेंशन प्लान' का शुभारंभ किया है। यह योजना एक यूलिप पेंशन प्लान है, जिसका उद्देश्य ग्राहकों को उनके रिटायरमेंट के लिए एक मजबूत जमा-पूंजी बनाने में मदद करना है। अन्य यूलिप योजनाओं से अलग इस योजना में मैच्योरिटी पर मिलने वाले लाभ का उपयोग एन्युटी की खरीद के लिए किया जाता है, जो रिटायरमेंट के बाद स्थिर आय सुनिश्चित करता है। इस योजना में कई आकर्षक सुविधाएं हैं, जैसे नया फंड लांच, शून्य आवंटन एवं प्रशासनिक शुल्क, मोर्टेलिटी शुल्क की वापसी, चिकित्सा जांच की आवश्यकता नहीं और पॉलिसीबाजार के माध्यम से तुरंत पॉलिसी जारी करना। यह योजना ग्राहकों को अपने रिटायरमेंट के लिए अनुकूलित तरीके से जमा-पूंजी बनाने और स्थिर आय प्राप्त करने का अवसर देती है। बंधन लाइफ के एमडी एवं सीईओ, सतीश्वर बी. ने कहा कि यह योजना ग्राहकों को जमा-पूंजी बनाने और कर लाभ प्राप्त करने का एक सुविधाजनक तरीका प्रदान करती है। वहीं, पीबी फिनटेक के ज्वाइन्ट ग्रुप सीईओ सरबवीर सिंह ने कहा कि यह योजना रिटायरमेंट प्लानिंग के क्षेत्र में एक नई दिशा देने का वादा करती है।


## आरबीआई के पूर्व गवर्नर राजन ने मोदी सरकार की सराहना की

# भारत में रोजगार बाजार को बढ़ावा देने की जरूरत

एजेंसी ▸▸| दावोस

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने मंगलवार को भारत में बुनियादी ढांचे के मोर्चे पर बहुत अच्छा काम करने के लिए मोदी सरकार की सराहना की। उन्होंने साथ ही उम्मीद जताई कि रोजगार बाजार को बढ़ावा देने के लिए आगामी बजट में कुछ ठोस कदम उठाए जाएंगे। राजन ने विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक में अमेरिकी डॉलर पर आयोजित एक सत्र में कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में 85 रुपये के स्तर तक गिरावट किसी घरेलू कारक के बजाय अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने की वजह से है।

- रोजगार को बढ़ावा देने बजट में कुछ ठोस कदम नजर आएंगे



### बुनियादी ढांचे के मोर्चे पर अच्छा काम

पूर्व गवर्नर ने कहा कि मोदी सरकार ने बुनियादी ढांचे के मोर्चे पर बहुत अच्छा काम किया है, लेकिन उपभोग को बढ़ावा देने के लिए दूसरा महत्वपूर्ण स्तंभ रोजगार बाजार है। इस पर ध्यान देने की जरूरत है। राजन ने कहा कि भारत छह प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है, जो वास्तव में बहुत अच्छा है, लेकिन जब हम प्रति व्यक्ति आंकड़ों को देखते हैं, तो इसे और अधिक तेजी से बढ़ने की जरूरत है।

### रोजगार बाजार को तत्काल बढ़ावा मिले

राजन ने कहा, ''रोजगार बाजार को तत्काल बढ़ावा देने की जरूरत है। अगले कुछ दिनों में आम बजट आने वाला है और उम्मीद है कि हम इसमें कुछ देखेंगे।'' राजन ने कहा कि जब लोग अगले 25 वर्षों में अमेरिकी डॉलर के सर्वोच्च बने रहने की बात करते हैं, तो यह निश्चित रूप से इस उम्मीद पर आधारित है कि दुनिया एकजुट रहेगी।

### मुद्राओं में गिरावट रोकने मजबूर किया जा रहा

पूर्व गवर्नर ने कहा कि कई उभरते बाजारों के केंद्रीय बैंकों को डॉलर के मुकाबले अपनी मुद्राओं में गिरावट को रोकने के लिए हस्तक्षेप करने को मजबूर किया जा रहा है, लेकिन मुद्दा यह है कि उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए, क्योंकि इसमें उनकी गलती नहीं है।

### साझा मुद्रा की संभावना से किया इंकार

राजन ने ब्रिक्स समूह के लिए एक साझा मुद्रा की किसी भी संभावना से फिलहाल इनकार किया। उन्होंने कहा, 'ब्रिक्स में एक साझा मुद्रा होने के लिए, हमें कई भू-राजनीतिक मुद्दों को सुलझाने की जरूरत है। भारत और चीन के बीच चिंताएं हैं, जबकि अन्य सदस्यों के पास अपने अलग मुद्दे हैं। मुझे नहीं लगता कि ऐसा जल्द ही होगा।'

# भारत-इंग्लैंड की पहली भिड़ंत आज, बढ़त बनाने दमखम के साथ उतरेंगी दोनों टीमें

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत और इंग्लैंड के बीच टी20 सीरीज का पहला मुकाबला आज कोलकाता के ईडन गार्डंस स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय टीम इस मैच में जीत दर्ज कर सीरीज का आगाज धांसू अंदाज में करना चाहेगी। टीम इंडिया की इस साल यह पहली टी20 सीरीज है। कोलकाता के ईडन गार्डंस स्टेडियम में दोनों टीमों के बीच टक्कर होनी है। बुधवार को यह मैच शाम को खेला जाएगा। इस मैच की शुरुआत शाम 7 बजे से होगी। टॉस का समय शाम 6 बजकर 30 मिनट है।

सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में टीम इंडिया मैदान पर उतरेगी। पिछले छह से सात महीनों में भारतीय टीम में काफी बदलाव देखने को मिला है। दोनों टीमों के बल्लेबाज इस मैच में रनों की बारिश कर सकते हैं। संजू सैमसन और तिलक वर्मा जैसे बल्लेबाजों ने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका में खेली गई सीरीज के दौरान दो-दो शतकीय पारियां खेली थी। दोनों की फॉर्म अच्छी है और एक बार फिर से उनके बल्ले से रन देखने को मिल सकते हैं। इंग्लैंड के लिए काम आसान नहीं होगा।



## भारत-इंग्लैंड टी20 हेड-टू-हेड

भारत और इंग्लैंड के बीच टी20 क्रिकेट के आंकड़ों पर नज़र डाली जाए, तो टीम इंडिया का पलड़ा थोड़ा भारी नज़र आता है। दोनों टीमों के बीच अब तक 24 मैच खेले गए हैं। भारतीय टीम ने 13 मैचों में जीत दर्ज की है और इंग्लैंड की टीम को 11 मैचों में जीत दर्ज करने का मौका मिला है। अपने घर पर खेलते हुए भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 6 टी-20 जीते हैं और 5 टी-20 में हार का सामना किया है।

## भारत-इंग्लैंड टी20 का पहला मैच कोलकाता में शाम 7 बजे से



### इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर होंगी नजरें

सूर्यकुमार ने इंग्लैंड के विरुद्ध 45.85 की औसत और 179.32 की स्ट्राइक रेट से 321 रन बनाए हैं। उन्होंने ईडन गार्डन के मैदान पर 4 पारियों में 35.67 की औसत से 107 रन बनाए हैं। बटलर ने भारतीय टीम के खिलाफ टी-20 अंतरराष्ट्रीय की 22 पारियों में 33.20 की औसत से 498 रन बनाए हैं। अनुभवी लेग स्पिनर आदिल ने भारत के विरुद्ध 7.40 की इकॉनमी रेट से 9 विकेट लिए हैं।

### संभावित टीमें

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, रिंकू सिंह, नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी और वरुण चक्रवर्ती।

**इंग्लैंड :** फिल साल्ट, बेन डकेट, जोस बटलर (कप्तान), हैरी ब्रूक, लियाम लिविंगस्टोन, जैकब बेथेल, जेमी ओवरटन, गस एटकिंसन, जोफ्रा आर्चर, मार्क वुड और आदिश राशिद।

## खबर संक्षेप



### पार्ल रॉयल्स ने जोबर्ग सुपर किंग्स को हराया

**पार्ल।** पार्ल रॉयल्स के स्पिनरों ने प्रभावी प्रदर्शन करते हुए एसए20 लीग में जोबर्ग सुपर किंग्स पर छह विकेट से मिली जीत में अहम भूमिका निभाई। रॉयल्स की स्पिन चौकड़ी ब्योर्न फोर्टुन, मुजीबुर रहमान, जो रूट और डुनिथ वेलालागे ने स्पिन का जाल बुनकर सुपर किंग्स को छह विकेट पर 146 रन पर रोक दिया। जवाब में उन्होंने 19-1 ओवर में चार विकेट पर 150 रन बनाकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। फोर्टुन ने पावरप्ले में दो विकेट चटकाये जबकि मुजीबुर ने 28 रन देकर एक विकेट लिया।

### उत्तराखंड की महिला रग्बी टीम को राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक की आस


फाइल फोटो

**देहरादून।** अस्तित्व में आने के महज चार वर्षों में उत्तराखंड की महिला रग्बी टीम एक मजबूत चुनौती बन चुकी है और आज राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीतने का स्वप्न देख रही है। अटठाइस जनवरी से प्रदेश में होने वाले राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों में यहां महाराणा प्रताप स्पोर्टस कॉलेज के मैदान पर दिन-रात पसीना बहा रही महिला रग्बी टीम के प्रशिक्षक यशवंत सिंह ने बताया कि कुछ साल पहले रूड़की के निकट सोलानी नदी के किनारे की जमीन पर उन्होंने रग्बी की शुरूआत की थी। अपने साथियों के साथ दिन में तीन सत्रों में कड़ा अभ्यास कर रही शिवानी को उम्मीद है कि उनकी मेहनत रंग लाएगी और पहली बार राष्ट्रीय खेलों में भाग ले रही प्रदेश की महिला रग्बी टीम स्वर्ण पदक जीतकर पहला पायदान हासिल करेगी ।

### प्रज्ञानानंदा ने अर्जुन को हराया, संयुक्त बढ़त पर



**विज्क आन जी (नीदरलैंड)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने हमवतन अर्जुन एरिगेसी पर जीत दर्ज करके टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे दौर के बाद उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के साथ संयुक्त बढत बना ली है। प्रज्ञानानंदा और अब्दुसत्तोरोव के 2-5 अंक हैं। प्रज्ञानानंदा ने 60 चालों के बाद जीत दर्ज की। एरिगेसी की तीन दिन में यह दूसरी हार है जो पहले दिन पी हरिकृष्णा से पराजित हुए थे। विश्व चैम्पियन डी गुकेश ने सफेद मोहरों से खेलते हुए शीर्ष वरीयता प्राप्त फेबियानो कारूआना को ड्रॉ पर रोका। उनके तीन में से दो अंक है। हरिकृष्णा को पदार्पण कर रहे भारत के ही लियोन ल्यूक मेंडोसा ने ड्रॉ पर रोका। गुकेश, कारूआना, विंसेंट तीसरे स्थान पर साल के पहले सुपर टूर्नामेंट के अभी नौ दौर बाकी हैं।

## हैट्रिक विकेट लेने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनीं वैष्णवी

# अंडर-19 टी-20 विश्व कप : सिर्फ 17 गेंद में जीता भारत, मलेशियाई टीम 31 रन पर ढेर

एजेंसी ▸▸| कुआलालमपुर

इस समय खेले जा रहे महिलाओं के अंडर-19 टी-20 विश्व कप 2025 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की वैष्णवी शर्मा ने डेब्यू मैच में हैट्रिक सहित पांच लेकर न केवल इतिहास रच दिया बल्कि विश्व क्रिकेट को चौंका भी दिया। मलेशिया के खिलाफ मुकाबले में भारत की स्पिन गेंदबाज वैष्णवी इस टूर्नामेंट के इतिहास में हैट्रिक लेने वाली भारत की पहली महिला गेंदबाज बनीं हैं।

भारत ने मलेशिया को मंगलवार को दस विकेट से हराया। वैष्णवी और बायें हाथ की स्पिनर आयुषी शुक्ला (आठ रन देकर तीन विकेट) ने मलेशियाई बल्लेबाजी की रीढ तोड़ दी और पूरी टीम 14.3 ओवर में 31 रन पर आउट हो गई। भारत ने 2.5 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। जी तृषा ने 12 गेंद में पांच चौकों की मदद से नाबाद 27 रन बनाये।

### सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन

टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला करने वाली टीम इंडिया ने मलेशिया के बल्लेबाजों को क्रीज पर टिकने का मौका ही नहीं दिया। वैष्णवी शर्मा का ये गेंदबाजी प्रदर्शन आईसीसी अंडर 19 वर्ल्ड कप का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी परफॉर्मेंस है। इससे पहले ये रिकॉर्ड इंग्लैंड की एली एंडरसन के नाम था। एली ने 2023 अंडर 9 वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज के खिलाफ 12 रन देकर 5 विकेट झटके थे।




### भारत ने सिर्फ 2.5 ओवर में जीता मैच

मुकाबले की बात करें तो वैष्णवी की अविश्वसनीय गेंदबाजी के सामने मलेशिया की पारी पहले बल्लेबाजी करते हुए 14.3 ओवर में 31 रन पर ही ढेर हो गई। उनके अलावा आयुषी शुक्ला ने 3 सफलताएं हासिल की। दिलचस्प रूप से मलेशिया की कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सकी। जवाब में भारतीय टीम ने सिर्फ 2.5 ओवर में बिना कोई विकेट खोए आसानी से लक्ष्य हासिल किया।

### अंक तालिका में भारत सबसे ऊपर

ग्रुप-ए में मौजूद भारतीय टीम ने लगातार दूसरी जीत दर्ज की। इससे पहले अपने शुरुआती मुकाबले में भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 9 विकेट से मैच जीता था। भारतीय टीम फिलहाल अपने ग्रुप में शीर्ष पर बरकरार है और अपने आखिरी ग्रुप मैच में 23 जनवरी को श्रीलंका से भिड़ेगी। इस ग्रुप में भारत के बाद श्रीलंका दूसरे और वेस्टइंडीज तीसरे स्थान पर है, जबकि मलेशिया चौथे स्थान पर है।

### ऐसी रही वैष्णवी की गेंदबाजी

बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी ने मलेशिया की पारी के 14वें ओवर में नूर ऐन बिनती रोस्लान (3), नूर इस्मा बिनती मोहम्मद डैनियल (0) और सिटी नाजवाह (0) को लगातार गेंदों पर आउट किया। इससे पहले वह 2 विकेट और प्राप्त कर चुकी थी। अपना डेब्यू मैच खेल रही वैष्णवी ने अपने 4 ओवर के कोटे में 1.25 की इकॉनमी रेट से 5 रन देते हुए 5 विकेट लिए। इस बीच उन्होंने एक ओवर मेडन भी किया।

### 9 साल की उम्र में बनी थी कप्तान

भारत के लिए अंडर-19 विश्व कप में कमाल दिखाने वाली वैष्णवी शर्मा को 9 साल की उम्र में पहचान मिलना शुरू हुई जब उन्होंने मध्यप्रदेश के लिए अलग-अलग डिवीजन में खेलना शुरू किया था। लगातार अपनी ऑलराउंड स्किल से सबको प्रभावित करने के बाद वैष्णवी को 2017 में मध्य प्रदेश अंडर-16 टीम का कप्तान बनाया गया। सिर्फ इतना ही नहीं, वैष्णवी भारत की अंडर-19 टीम की कैप्टन रह चुकी हैं।

## बैडमिंटन टूर्नामेंट

### सात्विक-चिराग की जोड़ी दूसरे दौर में आयुष- तान्या मुख्य दौर में पहुंचे



एजेंसी ▸▸| जकार्ता

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने मंगलवार को यहां चीनी ताइपे के चेन झी रे और लिन यू चीह की जोड़ी के खिलाफ सीधे गेम में जीत के साथ इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन के दूसरे दौर में प्रवेश किया।

एशियाई खेलों की चैम्पियन भारतीय जोड़ी ने अपने शुरुआती मैच में विश्व रैंकिंग में 38वें स्थान पर मौजूद चेन और लिन की जोड़ी को 21-16 21-15 से हराया। सात्विकसाईराज और चिराग की जोड़ी पिछले दो सप्ताह में दो सेमीफाइनल (मलेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750) खेल चुकी है।

**अब इनसे होगा अगला मुकाबला :** सात्विक और चिराग की विश्व की पूर्व नंबर एक पुरुष युगल जोड़ी का अगला मुकाबला इंडोनेशिया के रेमंड इनरा और पात्रा हरपन रिंडोरिंडो की जोड़ी और थाईलैंड के किटिनुपोंग केड्रेन और डेचापोल पुवारानुक्रोह की जोड़ी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

### तनीषा-अश्विनी ने थाईलैंड को हराया

विश्व रैंकिंग में 19वें स्थान पर काबिज तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की महिला युगल जोड़ी ने ओरनिचा जोंगसथापोर्नपार्न और सुकित्ता सुवाचाई की थाईलैंड की जोड़ी को 21-6 21-14 से हराया। पिछले महीने गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 का खिताब जीतने वाली अश्विनी और तनीषा की जोड़ी का अगला मुकाबला मलेशिया की पेई की गो और मेई जिंग तेओह से होगा। पुरुष एकल में 2023 ओडिशा मास्टर्स के उपविजेता आयुष शेट्टी ने क्वालीफाइंग चरण में हमवतन किदांबी श्रीकांत को 21-7, 21-15 से हराया, जबकि तान्या हेमंत ने महिला एकल में चीनी ताइपे की तुंग सिउ-टोंग को कड़े संघर्ष में 16-21, 21-17, 21-15 से मात दी।

## टेनिस

### क्वार्टर फाइनल में पाउला बाडोसा से हारी कोको गाफ




एजेंसी ▸▸| मेलबर्न

अमेरिका की तीसरी रैंकिंग वाली कोको गाफ आस्ट्रेलियाई ओपन क्वार्टर फाइनल में स्पेन की 11वें नंबर की खिलाड़ी पाउला बाडोसा से 5-7, 4-6 से हारकर बाहर हो गई। इस वर्ष 9-0 के रिकॉर्ड के साथ रॉड लावेर एरिना आई गाफ नवंबर में डब्ल्यूटीए फाइनल्स जीतने के बाद एक भी मैच नहीं हारी थी। उन्होंने इस साल मेलबर्न पार्क पर चार मैचों में एक ही सेट गंवाया। बाडोसा 27 वर्ष की उम्र में अपने कैरियर का पहला ग्रैंडस्लैम खेलेंगी।

### अब बाडोसा का होगा इनसे मुकाबला

बाडोसा ने कहा मैं भावुक हो गई हूं। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहती थी जो मुझे लगता है कि मैंने किया। मुझे अपने प्रदर्शन पर गर्व है।'' अब उनका सामना दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका या 27वीं रैंकिंग वाली अनास्तासिया पावलुचेंकोवा से होगा। सबालेंका पिछली दो बार की चैम्पियन भी हैं।

### सबालेंका लगातार तीसरे खिताब से दो जीत दूर



***मेलबर्न।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने मंगलवार को यहां पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाकर लगातार तीसरा खिताब जीतने की तरफ कदम बढ़ाए। सबालेंका ने क्वार्टरफाइनल में अनास्तासिया पावलुचेनकोवा को 2-6, 6-2, 6-3 से हराया। इस तरह से वह मेलबर्न पार्क में लगातार 19 मैच जीत चुकी हैं। इससे पहले दिन के पहले क्वार्टरफाइनल में पाउला बडोसा ने तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को 7-5, 6-4 से हराया था।*

### रणजी ट्रॉफी: विराट रेलवे के खिलाफ खेलेंगे मुकाबला



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली लम्बे समय के बाद घरेलू क्रिकेट में खेलने के लिए तैयार हैं। ऐसी खबरें हैं कि कोहली 30 जनवरी से शुरू होने वाले दिल्ली के आखिरी ग्रुप मैच के लिए उपलब्ध होंगे। दिल्ली व रेलवे का मैच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। बता दें कि मौजूदा रणजी सीजन में कोहली के अलावा रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत समेत कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी खेलने जा रहे हैं।

**30 जनवरी को उतरेंगे मैदान में**

दिल्ली को अपना आखिरी ग्रुप मैच 30 जनवरी से रेलवे के खिलाफ खेलना है, जिसमें कोहली खेलते हुए नजर आएंगे। दिल्ली की टीम के कोच सरनदीप सिंह ने क्रिकइंफो से इस खबर की पुष्टि की है। इससे पहले दिल्ली को 23 जनवरी से सौराष्ट्र के खिलाफ मुकाबला खेलना है, इस मैच के लिए कोहली उपलब्ध नहीं हैं। वह कथित तौर पर गर्दन के दर्द से उबर रहे हैं, जिसके चलते उन्होंने खुद को इस मैच से अलग रखा है।

### बोपन्ना-झांग की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में हारी

एजेंसी ▸▸| मेलबर्न

रोहन बोपन्ना और शुआई झांग मिश्रित जोड़ी ऑस्ट्रेलियाई ओपन के अंतिम आठ मुकाबले में मंगलवार को यहां स्थानीय वाइल्ड कार्ड जॉन पीयर्स और ओलिविया गैडेकी की जोड़ी के खिलाफ सुपर टाई-ब्रेक में मैच प्वाइंट भुनाने में नाकाम रहने के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गयी।

ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी से भारत और चीन के खिलाड़ियों की जोड़ी यहां किआ एरेना में एक घंटे आठ मिनट तक चले मुकाबले में 6-2, 4-6, 9-11 से हार गयी।



#### एकल खिलाड़ी पहले ही बाहर हो गए

इस हार के साथ ही साल के पहले ग्रैंड स्लैम में भारतीय चुनौती समाप्त हो गयी। बोपन्ना पहले ही पुरुष युगल से बाहर हो गए थे। एकल में सुमित नागल और युगल विशेषज्ञ युकी भांबरी और एन श्रीराम बालाजी सहित भारत के अन्य दावेदार भी इस हार्ड-कोर्ट टूर्नामेंट के विभिन्न चरणों में हार के साथ बाहर हो चुके हैं।

## बीसीसीआई ने टीम इंडिया की जर्सी पर 'पाकिस्तान' लिखने से किया इंकार

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने 19 फरवरी से शुरू होने जा रही आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी पर 'पाकिस्तान' नाम छापने से इनकार कर दिया है। इस बात से पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड नाखुश है। दरअसल, यह टूर्नामेंट पाकिस्तान और दुबई में आयोजित किया जाएगा, जिसमें भारत के सभी मैच दुबई में खेले जाने हैं। पाकिस्तान इस टूर्नामेंट का आधिकारिक मेजबान देश है। रोहित के नेतृत्व वाली भारतीय टीम में शुभमन गिल को उपकप्तान बनाया गया है। अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी के रूप में 3 तेज गेंदबाजों को चुना गया है।

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में खड़ा हुआ नया बखेड़ा, मेजबान देश है पाकिस्तान




### पीसीबी ने बीसीसीआई पर लगाया राजनीतिकरण करने का आरोप

पाकिस्तान क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के एक अधिकारी ने बीसीसीआई पर क्रिकेट का राजनीतिकरण करने का गंभीर आरोप लगाया है। अधिकारी ने संवाददाताओं से कहा, बीसीसीआई क्रिकेट में राजनीति ला रहा है, जो खेल के लिए बिल्कुल भी अच्छी नहीं है। हाल ही में बीसीसीआई ने चैंपियंस ट्रॉफी से पहले एक कार्यक्रम के लिए टीम के कप्तान रोहित शर्मा को पाकिस्तान भेजने से इनकार किया था। इसके बाद से पीसीबी नाखुश है। पीसीबी अधिकारी ने उम्मीद जताई कि इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ऐसा नहीं होने देगी और पाकिस्तान का समर्थन करेगी। पीसीबी ने कहा, वे अपने कप्तान को उद्घाटन समारोह के लिए पाकिस्तान नहीं भेजना चाहते हैं।



## 173 रुपए में शख्स ने खरीदी पुरानी फोटो

# जब आदमी की हुई पहचान तो 43 करोड़ में बिकी तस्वीर!

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

सोचिए आपको कहीं से कोई पुराना, विंटेज सामान मिले और आपको उसकी अहमियत न मालूम हो।आप उसे सालों साल अपने पास सिर्फ यूं ही रखें रहें मगर एक दिन आपको पता चले कि वो सामान बहुत कीमती है, तो आपका कैसा रिएक्शन होगा?

ऐसा ही कुछ अमेरिका में एक व्यक्ति के साथ 2015 में हुआ था। शख्स ने सालों पहले एक पुरानी फोटो 173 रुपए में खरीदी थी। पर 2015 में जाकर उसे पता चला कि तस्वीर में जो व्यक्ति नजर आ रहा है, वो कोई मामूली इंसान नहीं है, बल्कि अमेरिका का बहुत फेमस व्यक्ति है। उसके बाद जब शख्स ने उस फोटो को नीलाम किया तो उसकी कीमत 43 करोड़ रुपए लगाई गई। हाल ही में ये खबर एक बार फिर सोशल मीडिया पर सुर्खियों में आ गई है। साल 2010 में रैंडी गुइजारो के साथ एक अजीब घटना घटी। वो पुरानी चीजों और एंटीक्स को जुटाने के शौकीन थे।



### एक्सपर्ट ने की फोटो की पहचान

काफी जांच-पड़ताल के बाद रैंडी एक फोटो एक्सपर्ट के पास पहुंचे जो अमेरिका की नेशनल सिक्योरिटी एजेंसी में काम करता था। जब उन्होंने उसे फोटो दिखाई और उस आदमी ने जो बताया, वो सुनकर रैंडी सन्न रह गए। वो फोटो बिली द किड नाम के एक बेहद प्रसिद्ध अमेरिकी की थी जो 19वीं सदी के अमेरिका में पैदा हुआ था। ये दुनिया में उसकी दूसरी आधिकारिक फोटो थी।

### बिली द किड की थी फोटो

बिली द किड का असली नाम हेनरी मैकार्टी या विलियम एच बोनी था जिसका जन्म 1859 में हुआ था और मौत 1881 में हुई थी। वो एक अमेरिकी आउटलॉ और गनफाइटर था जिसके ऊपर 9 हत्याओं के आरोप थे। भले ही वो अपराधी था, पर उसकी फैन फॉलोइंग इतनी ज्यादा थी कि वो अमेरिका में हीरो जैसा बन गया था। ये तस्वीर 1878 में ली गई थी। इस फोटो की कीमत पहले 2 मिलियन डॉलर लगाई गई थी, पर फिर बढ़ाकर 5 मिलियन डॉलर कर दी गई। फोटो किसने खरीदी ये तो नहीं पता, पर इंस्टाग्राम पोस्ट के मुताबिक फोटो को एक प्राइवेट कलेक्टर ने 43 करोड़ रुपए में खरीद लिया था।

# बेटे की शादी में दिखी बृजमोहन की राजनीतिक चमक उपराष्ट्रपति, केंद्रीय मंत्री, सांसद और विधायक पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल के बेटे आदित्य अग्रवाल के विवाह समारोह में उनकी राजनीतिक चमक की झलक देखने को मिली। विवाह समरोह में लगातार दो दिनों से राष्ट्रीय नेताओं का जमावड़ा रहा। मंगलवार को विवाह समारोह के लिए उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़ के साथ ही केंद्रीय मंत्री और कई राज्यों के मंत्री, राष्ट्रीय नेता पहुंचे।

श्री अग्रवाल के बेटे का विवाह मंगलवार को हुआ। इसके एक दिन पहले से ही लगातार उनके निवास और विवाह स्थल पर देशभर के नेताओं का जमावड़ा रहा। विवाह समारोह में शामिल होने के लिए उप राष्ट्रपति जगदीश धनखड़ के साथ केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, गिरिराज सिंह, लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिड़ला, राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा, मप्र के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सहित मप्र और दूसरे राज्यों के भी कई मंत्री और नेता पहुंचे।



जिसे लोग शहंशाह कहते हैं... गाने पर किया डांस









### मुख्यमंत्री सहित पहुंचे कई मंत्री

*विवाह समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, रामविचार नेताम, टंकराम वर्मा, लखनलाल देवांगन, ओपी चौधरी, श्याम बिहारी जायसवाल, केदार कश्यप, दयालदास बघेल, लक्ष्मी राजवाड़े, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, के साथ ही प्रदेश के ज्यादातर सांसद, विधायक और प्रदेश के नेता भी पहुंचे। इसी के साथ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ ही कई कांग्रेसी नेता भी पहुंचे।*

## पानीपुरी, जलेबी, समोसे और गुलाब जामुन को अंग्रेजी में क्या कहते हैं?

*नई दिल्ली। हम अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में हर दिन समोसे, पानीपुरी और जलेबी समेत कई व्यंजनों का आनंद लेते हैं। यह भोजन कई लोगों के पसंदीदा व्यंजनों में शामिल होते हैं। पानीपुरी तो खाना हर किसी को पसंद होता है। समोसे, कचौड़ी, जलेबी और गुलाब जामुन के बिना पार्टी अधूरी रहती है। बच्चे से लेकर बूढ़े व्यक्ति तक जलेबी खाना पसंद करते हैं। हर कोई यह व्यंजन खाता है, लेकिन क्या आप इनकी अंग्रेजी जानते हैं?*

### जलेबी



सबसे पहले हम बात करते हैं जलेबी की। जलेबी मैदा और चीनी से बनती है। इसे हर कोई खाना पसंद करते हैं। देश के कई शहरों में सुबह जलेबी मिलती है, तो कई शहरों में शाम को मिलती है। लेबी को अंग्रेजी में **Rouded Sweet** या **Funnel Cake** कहा जाता है।

### समोसा



उत्तर भारत में समोसा खाना लोग काफी पसंद करते हैं। अंग्रेजी या हिंदी लोग समोसा ही लिखते हैं, लेकिन इसे अंग्रेजी में **Rissole** कहा जाता है, तो वहीं कचौड़ी को अंग्रेजी में **Pie** कहा जाता है।

### पानीपुरी या गोलगप्पे

पानीपुरी या गोलगप्पे को देशभर में अलग-अलग नामों से जाना जाता है। कहीं पर गुपचुप, कहीं फुचका, कहीं गोलगप्पे तो कहीं पानीपुरी और कहीं पर पानी के बताशे कहा जाता है। इसे अंग्रेजी में **Water Balls** कहा जाता है।

### गुलाब जामुन



गुलाब जामुन खाना हर कोई पसंद करता है। इसे अंग्रेजी में **Milk Ball** और **Rose water berry** भी कहा जाता है। लेकिन, क्या आपको पता है पापड़ों को अंग्रेजी में क्या कहते हैं? पापड़ को अंग्रेजी में **Papadam** कहा जाता है, तो वहीं पोहा को **flattened rice** और **beaten rice** भी कहा जाता है।

### रायता

खाना के साथ रायता खाने का बड़ा महत्व है। यह कई तरह से बनाया जाता है। बूंदी, फल और सब्जियों से भी रायता बनता है। रायता को अंग्रेजी में **Mix Curd** कहा जाता है।

## मजाक-मजाक में अपलोड किया वीडियो और... इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया नाम

**बीरभूम।** बांग्राम गांव की चैताली गराई ने ऐसा रिकॉर्ड बनाया है, जिसकी शायद ही किसी ने कल्पना की हो। आमतौर पर दोस्तों के साथ बैठकर बातें करते हुए या काम के बाद थकावट मिटाने के लिए हम कभी-कभी उंगलियां चटकाते हैं। लेकिन, क्या आप सोच सकते हैं कि उंगली चटकाने की यह आदत किसी को रिकॉर्ड बुक में जगह दिला सकती है?


**जोक के तौर पर किया वीडियो अपलोड:** चैताली ने बताया कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि उनकी यह छोटी-सी आदत रिकॉर्ड बन जाएगी। एक मजाक के तौर पर उन्होंने 15 दिसंबर 2024 को अपने मोबाइल के फ्रंट कैमरे से वीडियो बनाया और 'इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया। वीडियो में चैताली ने अपने बाएं पैर के अंगूठे को एक मिनट में 116 बार चटकाया।




**परिवार और दोस्तों की खुशी का ठिकाना नहीं:** इस अनोखे हुनर को देखकर उनके परिवार और दोस्त बेहद खुश हैं। चैताली को 'इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' से प्रमाण पत्र, मोमेंटो, मेडल और आईडी कार्ड भी मिला। चैताली कहती हैं, 'यह सब मजाक में शुरू हुआ, लेकिन जब मेरा वीडियो रिकॉर्ड बुक में दर्ज हो गया, तो सबको बहुत खुशी हुई।'


















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com